# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-08-09-2023

# एयरपोर्ट पर पूर्व फौजी के ट्राली बैग में मिला तीन कारतूस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने चेकिंग के दौरान एक यात्री के ट्राली बैग से तीन प्रतिबंधित कारतूस बरामद किया है। तीनों कारतूत इंसास राइफल के बताए जा रहे हैं। यात्री नेपाल देश का मूल निवासी और भारतीय सेना का पूर्व सैनिक बताया जा रहा है। वह इंडिगो की फ्लाइट से वाया हैदराबाद बेंगलुरु जाने के लिए महायोगी गुरु गोरक्षनाथ टर्मिनल पर पहुंचा था। फिलवक्त एयरपोर्ट प्रशासन ने आरोपित यात्री को पूछताछ के लिए एम्स पुलिस के हवाले कर दिया है।

हमारे **नंदानगर प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल के पलपा पीपलडाढ़ा निवासी कृष्णा बहादुर पुत्र दलबहादुर भारतीय सेना में कार्यरत था। पिछले दिनों सेना की नौकरी छोड़ दी। वह आज प्राइवेट नौकरी के लिए हवाई जहाज से बेंगलुरु जाने के लिए गोरखपुर एयरपोर्ट पर 1.30 बजे पहुंचा। बोर्डिंग से पहले एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के दौरान पूर्व फौजी के ट्राली बैग से इंसास राइफल के तीन जिंदा कारतूस बरामद किया। एम्स पुलिस फौजी को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इंसास राइफल का उक्त तीनों कारतूस उसे कहां से मिला है। एयरपोर्ट पर यात्री के पास से कारतूस मिलने की यह घटना एक माह में दूसरी है। बतादें कि दिल्ली में जी-20 देश के शिखर सम्मेलन को लेकर एयरपोर्ट पर हाईअलर्ट है। एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक यात्री आदि की गहनता से जांच की जा रही है। सुरक्षा की जांच तीन स्तर पर एयरपोर्ट पर की जा रही है। लिहाजा कोई भी संदिग्ध वस्तु कोई भी यात्री हवाई जहाज तक नहीं ले जा सकता है।

**बेंगलुरु जा रहा था नेपाल का मूल निवासी पूर्व फौजी**

**बरामद कारतूस इंसास राइफल का बताया जा रहा**

**एम्स पुलिस यात्री को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

**एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से एक माह में कारतूस मिलने की दूसरी घटना**

# पेट्रोल पंप प्रोपराइटर समेत तीन पर एफआइआर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विश्वविद्यालय छात्रावास के बगल में बिहार जाने वाली बसों में अवैध तरीके से डीजल भरने वाले रैकेट पर आपूर्ति विभाग ने हाथ धरते हुए बड़ा भंडाफोड़ किया है। डीएम के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने इस मामले को लेकर कुशीनगर के एक पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर, ब्राउजर मालिक तथा चालक के विरुद्ध कैंट थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। आपूर्ति विभाग के मुताबिक इस गोरखधंधे में जितने भी लोग शामिल हैं उन्हें बेनकाब किया जाएगा।

आपूर्ति विभाग को यह जानकारी मिली थी कि कुछ पेट्रोल पंपों पर बिक्री बढ़ाने के लिए ब्राउजर (छोटा टेंकर) के सहारे डीजल को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। इसके बाद आपूर्ति विभाग ने प्राइवेट बस व टैक्सी स्टैंडों पर अपनी निगरानी बढ़ा दी थी। विश्वविद्यालय छात्रावास के पास बिहार जाने वाली बसों में ब्राउजर से डीजल भरे जाने की सूचना मिलने पर डीएसओ रमेन्द्र प्रताप सिंह ने एआरओ अजय कुमार सिंह एवं पूर्ति निरीक्षक अरुण सिंह, राकेश यादव तथा बाट माप निरीक्षक अजीत कुमार सिंह के साथ बस स्टैंड पर छापा मारा। छापामारी के दौरान दो बसों में 131 लीटर डीजल भरा पाया गया। नियमानुसार ब्राउजर न तो बाट माप विभाग से सत्यापित मिला और न ही एक्सप्लोसिव लाइसेंस पाया गया। डीएसओ की पूछताछ में ब्राउजर चालक ने बताया कि मे. नेहा फीलिंग स्टेशन बरडीहा जगदीशपुर कुशीनगर से 1700 लीटर डीजल लाया गया है। ब्राउजर चालक के पास पेट्रोल पंप का वाउचर भी मिला। इससे यह साफ हो गया कि ब्राउजर से डीजल बेचने के लिए निरंतर गोरखपुर भेजा जाता है। डीएम के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने मे. नेहा फीलिंग स्टेशन बरडीहा के प्रोपराइटर हुकुम चन्द निवासी बरडीहा, ब्राउजर के मालिक ऋषिकेश, सूरजकुंड गोरखपुर एवं चालक मो. एहतेश्याम निवासी सूरजकुंड गोरखपुर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है।



डीएसओ रमेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुई छापामारी।

**विश्वविद्यालय छात्रावास के बगल में बसों में भरा जाता था अवैध ढंग से डीजल**

# जिला अस्पताल में दलालों का वर्चस्व

**गोरखपुर(एसएनबी)।** बीआरडी मेडिकल कालेज में मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने के लिए भेजने वाले दलाल और एम्बूलेंस माफिया की कमर कुछ हद तक पुलिस तोड़ दी है, लेकिन ठीक इसी तर्ज पर जिला अस्पताल में दलाल अपना वर्चस्व कायम है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक दलाल चिकित्सक के कुर्सी पर बैठा हुआ था और जिला अस्पताल के चिकित्सक अर्थो सर्जन डा. राजेश कुमार सिंह ने आपरेशन थिएटर से दलाल को बाहर जाने की बात कहीं तो वह गाली गलौच करने लगा। चिकित्सक की तहरीर पर दलाल प्रमोद सिंह नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया हैं।

जिला अस्पताल में अर्थो विभाग में तैनात चिकित्सक राजेश कुमार सिंह आपरेशन थिएटर में पहुंचे तो वहां पर चिकित्सक की एक कुर्सी पर दलाल बैठा हुआ मिला। पहले तो लगा की वह चिकित्सक है लेकिन बाद में पता चला कि वहां पर साठगांठ कर बाहर की दवा लिखवाकर दवा की दुकान से सप्लाई करता है। चिकित्सक की कुर्सी पर दलाल को बैठा देख चिकित्सक नाराज हो गए और पूछताछ के दौरान दलाल को चिकित्सक ने बाहर जाने की बात कहीं। इस बात से नाराज होकर दलाल ने चिकित्सक से गाली गलौच करने लगा। आपरेश थिएयर के अंदर विवाद बढ़ गया। चिकित्सक ने मुख्य चिकित्साधिकारी को मामले की जानकारी दी। सीएमएस ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बांध डालने व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। डा. राजेश कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की प्रमोद सिंह हमेशा चार पांच अराजक तत्वों को लेकर चिकित्सालय परिसर में घूमता रहता है, मरीजों को फंसा कर दलाली करता है। वह सोमवार को अर्थो ओटी के चिकित्सक कमरे में बैठे थे, तभी वहां दलाल प्रमोद अपने साथियों के साथ आया और खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी पर बैठ गया। उन्होंने जब उससे काम पूछा तो बोला ऐसे ही बैठने आया हूं। तो डाक्टर ने कहा की ये ओटी परिसर है यहां अनावश्यक प्रवेश वर्जित है। इतना सुनते ही प्रमोद ने अपने हाथो से डाक्टर की टेबल पर रखे सारी चीजों को तितर -बितर कर दिया और गाली गलौज करने लगा। वहां मौजूद अन्य स्टाफ ने जब विरोध किया तो वो और उसके साथी स्टाफ को भी गाली देने लगे और साथ ही दोबारा 10-20 लोगो के साथ आने की धमकी देते परिसर से बाहर चला गया।

## चिकित्सक से की गाली गलौच

- चिकित्सक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया केस
- आपरेशन थिएटर के अंदर डाक्टर की कुर्सी पर बैठा था दलाल
- आपरेशन थिएटर से बाहर जाने की बात को लेकर हुआ विवाद

# जालसाजी करने वाला स्वास्थ्य कर्मचारी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के रहने वाला स्वास्थ्यकर्मचारी अशोक कुमार ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर साढे छह लाख रुपये हड़प लिया। इस मामले में एम्स पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पति की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही आरोपी की पत्नी बीआरडी मेडिकल कालेज में नर्स के पद पर तैनात है वह पति की इलाज कराने के हवाला देकर अवकाश लेकर फरार हो गयी।

नंदानगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार राकेश कुमार सिंह मानसविहार मुहल्ले में किराने की दुकान चलाते हैं इस दौरान उनकी जानपहचान स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले दम्पत्ति अशोक कुमार व क्रिस्टीना से हो गई। बातचीत के दौरान दोनों पति पत्नी ने राकेश की पत्नी रेनू को रेलवे में स्टेशन मास्टर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाते हुए उनकी जान पहचान चिलुआताल थाना क्षेत्र अन्तर्गत जंगल कौड़िया निवासी सूर्यप्रताप मल्ल से हुई और उन्हे मंत्री कोटे से रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसा ले लिया। इस विश्वास के साथ दोनों ने राकेश से 5.93 लाख रुपया ले लिया तथा 55 हजार सूर्यप्रताप मल्ल के खाते में डलवा दिया। इतना ही नहीं ज्वाईनिंग के नाम पर नियुक्ति पत्र पकड़ा कर मेडिकल के लिए लखनऊ चंदर अस्पताल भेज दिया। जहाँ जाने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। राकेश ने सीजेएम कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत वाद दाखिल कर अशोक कुमार उसकी पत्नी क्रिस्टीना व सूर्यप्रताप मल्ल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था जिसमें अशोक फरार चल रहा था। अशोक की पत्नी क्रिस्टीना मेडिकल कालेज में हेड नर्स है, तथा इन दिनों पति के इलाज के नाम पर छुट्टी लेकर गायब है। अशोक की गिरफ्तारी मे थानाध्यक्ष एम्स मदन मोहन मिश्रा के अलावा चौकी इंचार्ज झरनाटोला प्रभात सिंह कांस्टेबल अखिलेश यादव व मुकेश प्रजापति ने अहम् भूमिका रही।

- रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लिया था साढ़े छह लाख
- पत्नी हैं मेडिकल कालेज में नर्स, पति के गिरफ्तार होते ही अवकाश लेकर फरार

# दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

पिपराइच (एसएनबी)। क्षेत्र के बैलों गांव निवासी दुष्कर्म के आरोपी सेराज अंसारी पुत्र निसार अहमद को गुरुवार को पुलिस ने बैलों नहर के पास सबहियां टोला से गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया गया था। काफी दिनों से आरोपी की तलाश की जा रही थी। मिली सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार, अपहृता बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। चौरी चौरा पुलिस ने अपहरण के मामले में आरोपित एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लड़की को मुक्त कराये जाने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अभिरक्षा में लिया है। प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त का नाम उपेन्द्र यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी ग्राम अहमदाबाद थाना बिसवाँ जनपद सीतापुर है। उसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर आईपीसी की धारा 452,363,366 के तहत केस दर्ज है।

## घर से निकली लड़की गायब, केस दर्ज

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी 18 वर्षीय लड़की किसी काम से शाम क़रीब 8.30 बजे घर से बाहर निकली थी। देर रात तक घर वापस नहीं लौटी। हम लोग अपनी लड़की को गांव, क्षेत्र तथा नात रिश्तेदारों को घर तक काफ़ी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश कर रही है।

## चार के विरुद्ध मारपीट का केस

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा छबैला निवासिनी चित्ररेखा पत्नी रामानन्द निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे गांव के दिनेश, ज्ञांती,चौथी,खुशबू ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर मेरे बच्चों को गाली देते हुए, लाठी, डंडे से पीटा। मारपीट में मेरे परिवार के लोगों को काफ़ी चोटे आयी है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# सामान सहित दो चोर गिरफ्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का हजारों को सामान बरामद किया है।

पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम अमित जायसवाल निवासी जगदीशपुर, गगहा व सरया महुलिया निवासी आदित्य यादव उर्फ गोलू बताया। पुलिस ने दोनों को गुरूवार की दोपहर में तीहा मुहम्मदपुर फोरलेन से पकड़ा। उनके पास से पुलिस ने चोरी के सामान दो अदद संदूक, एक अदद चूल्हा, एक अदद मोटर बरामद किया। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि क्षेत्र के सरयू, महुलिया निवासी रिसी देव यादव (गाँधी) ने तहरीर में कहा था कि 04 सितंबर को मेरे गाँव का रहने वाला अदित्य यादव (गोलु) पुत्र रविन्द्र यादव मेरे घर से संदूक, बर्तन, मोटर, गैस चुल्हा, प्रिज, पखां घर में घुसकर चोरी कर सारा समान ले गया। उस दिन मेरे घर पर कोई नही था। उसे सामान ले जाते गांव के कई लोगों ने देखा। गांव के अजय गौड़ पुत्र स्व रंगलाल गौड़ ने मुझे सूचना दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 457, 380, 411 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चोर की तलाश में लगी थी। अभिभावक के पास एक हजार रुपए ही नगद थे, तो उससे सौ रुपए आनलाइन पेमेंट भी लिया गया। इस दौरान वहीं बैठे एक व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था।

# प्रेमी ने शादी से किया इनकार किशोरी ने दी जान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी छात्रा ने प्रेमी व उसके परिजनों द्वारा शादी से मना करने पर आहत होकर बुधवार शाम फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

**प्रेमी का पिता प्रेमिका के पिता से बोला, हैसियत देखकर करो बात**

**बेटी की खुशी के लिए प्रेमी से शादी के लिए हुआ था राजी**

हमारे चरगांवा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के विद्यालय में गांव का ही किशोर कक्षा नौवीं में पढ़ता है। पिछले दो सालों से दोनों फोन पर एक दूसरे से बातें करते थे। इस दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध कायम हो गया। बात शादी तक पहुंची तो बेटी की खुशी के लिए किशोरी के पिता ने लड़के के पिता से बात की। लड़के के पिता व पुत्र दोनों किशोरी के पिता से झगड़ा करने लगे तथा औकात देखकर शादी करने की बात कहकर शादी से इनकार कर दिए। यह सब बातें बेटी खड़ी होकर सुन रही थी। किशोरी के पिता का कहना है कि बेटी कह रही थी मैं जान दे दूंगी, पापा आप शादी कराने के लिए वादा किए थे। आरोप है कि प्रेमी और उसके पिता के द्वारा शादी से मना करने से आहत किशोरी ने आत्महत्या की है। बतादें कि बुधवार की शाम छह बजे गांव के बाहर स्थित घर के रोशनदान में साड़ी के फंदे से किशोरी लटकती मिली थी। परिवार वाले खिड़की तोड़कर छात्रा को मेडिकल कालेज लाए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस और प्रशासन मिलकर निपटाएंगे भूमि विवाद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भूमि विवाद को लेकर कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने वाले परेशान आमजन के लिए एक अच्छी खबर है। अब पब्लिक को जमीन के विवाद में कोर्ट, कचहरी और विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी जमीन के बढ़ते मामलों के स्थायी व त्वरित समाधान के लिए एक जमीनी व ठोस प्लान पर गंभीरता से काम कर रहे है जिसके तहत अब हर तहसील दिवस पर 5 बड़े मामले चिह्नित किए जाएंगे, जिसका पुलिस और प्रशासन की मोबाइल टीम मौके पर जाकर निस्तारण करेगी।

## भूमि विवाद समाधान की नई पहल

**तहसील दिवस पर चिह्नित किए जाएंगे जमीन से जुड़े 5 बड़े मामले**

**पुलिस और प्रशासन की संयुक्त मोबाइल टीम मौके पर पहुंचेगी, सलटाएगी जमीन विवाद**

भूमि विवाद को कम करने तथा समय से कार्रवाई कर अपराध रोकने के लिए जिला प्रशासन जल्द ही कई नए कदम उठाएगा। पुलिस और राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की मोबाइल टीम बनेगी जो औचक जांच कर मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास करेगी। वरासत के मामले में हो रही लेट लतीफी को दूर करने के लिए वारासत के लंबित मामलों की सूची बनाई जाएगी, तथा दूसरे स्तर पर और किस कारण से मामला लंबित है, उसका पता कर शीघ्र निस्तारण कराएगी। आय, निवास, परिवार सदस्यता प्रमाण पत्रों के आलावा ई डब्लू एस सर्टिफिकेट बनवाने में आ रही दिक्कतों तथा इसके लिए धन उगाही के आरोपों की भी जांच होगी। जो संबंधित व्यक्ति से फीड बैक लेगी, ऐसे लेखपालों व कानूगों जो वर्षो से यहीं जमे हैं और जिनका जमीन कारोबारियों से सांठगांठ का आरोप लगता है, उन्हे चिन्ह्ति किया जाएगा।

जमीन विवाद में अक्सर देखा जा रहा है कि भूमि विवाद के मामले में पीड़ित जब पुलिस के पास पहुंचता है तो पता चलाता है कि पुलिस राजस्व विभाग का हवाला देकर उसे तहसील भेज देती है। समय से मामले का निस्तारण नहीं होने पर विवाद बढ़ जाता है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन की पहल पर अब हर तहसील स्तर पर मोबाइल टीम गठित कर मौके पर भेजने का प्लान तैयार किया जा रहा है। मौके पर मोबाइल टीम में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के आलावा तहसील कर्मचारी व थाने की पुलिस भी मौजूद रहेगी।

## अडानी ग्रुप को गोरखपुर में सीमेंट फैक्ट्री के लिए जमीन की तलाश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर जिले में अडानी ग्रुप सीमेंट फैक्ट्री लगाने को तैयार है। ग्रुप के अधिकारी गोरखपुर पहुंच चुके है। गोरखपुर जिले में जिला प्रशासन की मदद से जमीन की तलाश तेज हो गयी है।

पूर्वांचल में सीमेंट फैक्ट्री नहीं है। पड़ोसी देश नेपाल, बिहार के कई जिले में सीमेंट की खपत ज्यादे है। गोरखपुर में बढ़ते विकास को देखते हुए अडानी ग्रुप के अधिकारी गोरखपुर में सीमेंट फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी है। जिला प्रशासन की पहल पर पहले गीडा इलाके में दो जगह जमीनी दिखायी गई लेकिन पंसद नहीं आया जिसके बाद अधिकारी जमीन के तलाश में खजनी व गोला तहसील के उरूवा पहुंचे जहां सैकड़ो एकड़ जमीन खाली है। वहां पर जांच पड़ताल करने के बाद यह तय हुआ है कि बड़हलगंज इलाके में जिस तरफ रेलवे लाइन और फोरलेन नजदीक है उसी के आस पास सीमेंट की फैक्ट्री के लिए जमीन लेने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि अडानी ग्रुप के आने से जहां गोरखपुर जिला का विकास होगा वहीं कई और कंपनिया यहां पर कारोबार फैलाने की तैयारी कर रही हैं।

# फायरिंग करने वाले तीन पर नामजद केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बुधवार की रात एम्स थाने के एयरफोर्स चौकी के पास मनबढ़ों ने कार पर पथराव व मारपीट के दौरान फायरिंग कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर लिया। वृहस्पतिवार को पुलिस ने तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी हैं।

बीते बुधवार की रात एम्स थाने की एयरफोर्स पुलिस चौकी के पास दो गुटों में आपसी विवाद हो रहा था। इस दौरान कथित हार्न बजाने को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। । इस दौरान एक गुट के लोगों ने दहशत फैलाने के लिए फायर कर दिया। फायरिंग के बाद आसपास भगदड़ मच गई। उस समय एम्स थाने पर जन्माष्टमी का कार्यक्रम चल रहा था। अधिकारीगण मौजूद थे। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा, चौकी इंचार्ज एयरफोर्स आरिफ अली शेर, चौकी इंचार्ज जगदीशपुर रामानुज सिंह यादव, झरनाटोला चौकी इंचार्ज प्रभात सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गयी। लेकिन तबतक अपराधी मौके से फरार हो गए। आदर्शनगर निवासी विक्की सिंह का कहना है कि वह अपनी चारपहिया से मित्र शुभम व चालक सतीश निषाद के साथ घर पर चल रहे जन्माष्टमी कार्यक्रम में सामिल होने घर जा रहे थे। इस दौरान सड़क पर कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। भीड़ को हटाने के लिए हार्न बजाया तो कुछ युवकों ने गाड़ी पर पथराव कर दिया जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

इस सम्बन्ध में विक्की सिंह की तहरीर पर एम्स थाना क्षेत्र निवासी अनिकेत शर्मा, अजय पासवान व विपुल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांचप ड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष एम्स मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है और आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मे केस दर्ज किया गया है।

# शिकायतकर्ता पर बनाया जा रहा दबाव, दी जानकारी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट पर स्थापित पिकू सेंटर पर पांच सितंबर को बच्चे का इलाज के लिए पहुंचने वाले एक अभिभावक से रुपए वसूली का वीडियो मीडिया पर वायरल हुआ था। इस प्रकरण की शिकायत सीएमओ से करने वाले पर दबाव बनाया जा रहा है। फिलहाल उसने इस बात की भी जानकारी सीएमओ को दे दी है।

**भटहट प्रतिनिधि के अनुसार** सिरसियां गांव निवासी जय नारायण राय ने सीएमओ डा. आशुतोष दुबे को भटहट सीएचसी के पिकू सेंटर में मरीज के परिजन से वसूली संबंधी वीडियो को लेकर फोन किया था । तब सीएमओ ने मामले की जांच करने का आश्वासन दिया था। इधर शिकायतकर्ता ने उसके ऊपर दबाव बनने की जानकारी गुरुवार को सीएमओ को फोन पर देते हुए शीघ्र और निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। बता दें कि पिपराचुरामन निवासी राज किशोर गौड़ के 18 माह के बेटे को पिछले कुछ दिनों से शौच व पेशाब में दुर्गंध की शिकायत थी। बच्चे को दिखाने के लिए भटहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे और नौ नंबर वार्ड में बैठने वाले पिकू सेंटर के चिकित्सक को दिखाया। वहां बताया गया कि पूरी जांच के लिए तेरह सौ रुपए लगेंगे। अभिभावक ने कुछ कम करने सिफारिश कि तो बारह सौ रुपया बताया गया। इसके साथ ही यूरीन का सेम्पल कलेक्ट न होने पर 11 सौ रुपया मांगा गया।

# वृद्ध की मौत के मामले में भतीजा व बहू गिरफ्तार

बेलीपार (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के भस्मा गांव में बुधवार की दोपहर में बहु के साथ भतीजे के अवैध सम्बंध का विरोध करने पर भतीजे की पिटाई से हुई ससुर राजकुमार उर्फ कोइल 60 वर्ष की मौत के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची बेलीपार पुलिस ने आरोपित भतीजे सूरज और बहू को गिरफ्तार कर लिया है।



**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं मिले चोट के निशान**

**अब बिसरा की जांच से स्पष्ट होगा मौत का कारण**

मृतक राजकुमार उर्फ कोइल की पत्नी इंद्रावती की तहरीर के आधार पर बेलीपार पुलिस ने सूरज पुत्र जोखू ,जोखू पुत्र जगरूप, दीपक पुत्र जोखू , शीला पत्नी जोखू और मृतक की बड़ी बहू शशि पत्नी सर्वजीत के खिलाफ धारा 147, 323, 302 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम 6 बजे शव गांव आया तो परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी होते ही बेलीपार पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित सूरज और शशि को गिरफ्तार कर थाने ले गयी। ऐहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। बेलीपार के थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट का निशान नहीं मिला है।

मौत के कारण की जांच के लिए बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। परिजनों द्वारा सुबह अंतिम संस्कार किए जाने के बात कही गई है। परिजनों ने बताया कि मृतक के छोटे बेटे रामजीत के आने का इंतजार किया जा रहा है।

# मेडिकल कालेज : मरीज की मौत के बाद किया हंगामा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भर्ती मरीज की इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कालेज में मौत हो गई। इसको लेकर मृतक के परिजनों ने मेडिसिन वार्ड में हो-हल्ला किया। उनका आरोप है कि इलाज में डाक्टरों ने लापरवाही बरती है।

गोला थाना क्षेत्र के बर्रा गांव निवासी सुनील को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। मेडिसिन वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। चरगांवा प्रतिनिधि के अनुसार बहन सुनीता और उसकी पत्नी अंतिमा देवी का कहना है कि सुनील की तबीयत कई दिन पहले से खराब थी। पहले उसका दोहरीघाट में ईलाज कराया गया था, जहां से पांच दिन पूर्व उसे रेफर कराकर मेडिकल कालेज के मेडिसिन वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां वार्ड नंबर 11 में सुनील का इलाज चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार को दोपहर में डाक्टरों ने इंजेक्शन लगाया जिसके चलते कुछ देर बाद ही मरीज की मौत हो गई। मरीज की मौत की सूचना के बाद परिजन नाराज हो गए लापरवाही का आरोप लगाते हुए हो-हल्ला मचाने लगे। इधर जानकारी मिलते ही मेडिकल कालेज चौकी की पुलिस भी जा पहुंची तथा परिजनों को समझाया-बुझाया।

**परिजनों ने लगाए डाक्टरों पर लापरवाही पूर्वक इलाज करने का आरोप**

# पहले की वसूली फिर कार्रवाई के डर से वापस की रकम




**GORAKHPUR (7 Sept):** गुलरिहा क्षेत्र के हलका नंबर तीन में दो सिपाहियों ने मंगलवार की रात चिलुआ नदी के किनारे महराजगंज सीमा में कच्ची के अड्डे पर छापेमारी की. महुआ और लहन के साथ दो व्यक्ति को पकड़ा और जेल भेजने की धमकी देकर 25 हजार व 20 हजार रुपये वसूल लिए. आरोप है कि सिपाहियों ने पैसा लेने के पहले उसकी जमकर पिटाई भी की. दो दिन बाद घायल आरोपित पत्नी के साथ थाने पहुंचा और थानेदार से शिकायत की. कार्यवाही रिपोर्ट बनने पर सिपाहियों ने माफी मांगकर आरोपितों को मात्र 25 हजार रुपये ही वापस किए. इस घटना के बाद दोनों सिपाहियों को उनके हलका से हटाकर मेडिकल कालेज पुलिस चौकी से संबद्ध कर दिया गया है. गुलरिहा थाने में एक माह पहले कुछ नए सिपाहियों की तैनाती हुई है. इनमें से एक को हलका नंबर तीन और एक को हलका नंबर दो में भेजा गया है. मंगलवार को हलका नंबर तीन का सिपाही हलका नंबर दो के सिपाही को लेकर चिलुआ नदी के किनारे गश्त पर निकला. वे महराजगंज के पनियरा थाना क्षेत्र में पहुंचे जहां पर गुलरिहा के जंगल सखनी के रहने वाले श्रीपत उर्फ मोछू और जयकरन उर्फ जग्गन को कच्ची के अड्डे से पकड़ लिया.

# स्पेशल ट्रेनिंग से बनेंगे CYBER 'COMMANDO'

## अब प्रदेश के हर थाने में पुलिसकर्मियों को किया जाएगा ट्रेंड

**होम मिनिस्ट्री ने लखनऊ में साइबर सेल के एक्सपर्ट को दी जानकारी, मिली जिम्मेदारी**

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (7 Sept):** साइबर क्राइम से जुड़े मामलों का निस्तारण अब थाने पर ही हो जाएगा. साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अब हर थानों पर स्पेशल ट्रेनिंग के माध्यम से साइबर 'कमांडो' यानी एक्सपर्ट तैयार किए जाएंगे. दरअसल, अभी तक थानों पर साइबर हेल्प डेस्क ही काम करता है. डेस्क पर अब ऐसे पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जिन्हें साइबर का ज्ञान हो. इन्हें ही साइबर अपराध से संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि साइबर ठगी के मामलों का शीघ्र निस्तारण कराया जा सके.

### दो दिन की ट्रेनिंग

लखनऊ में साइबर क्राइम सेल के एक्सपर्ट को दो दिन की स्पेशल ट्रेनिंग दी गई है, जो अब सभी थानों में हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देंगे.



**"जागरूकता के बावजूद साइबर अपराध बढ़ रहे हैं. पुलिस लगातार इस पर अंकुश लगाने में जुटी है. इसी कड़ी में अब थानों में साइबर हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट होंगे. इन्हें स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी. लखनऊ में दो दिन की ट्रेनिंग हुई है, जिसमें साइबर क्राइम सेल की टीम शामिल हुई थी. वैसे साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर साइबर क्राइम की वेबसाइट cybercrime.gov.in व 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं.**

**-सरवनन टी,** एसीपी, साइबर व अपराध

### क्रिप्टो करेंसी में हो रहे फ्रॉड की जांच



साइबर अपराध को लेकर लखनऊ में दो दिवसीय ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया है. इसमें प्रदेश के सभी साइबर क्राइम सेल में तैनात एक्सपर्ट पुलिस अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई. खासकर क्रिप्टो करेंसी में हो रहे फ्रॉड की जांच और अपराध को रोकने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग दी गई. साथ ही साइबर अपराध पर त्वरित कार्रवाई के बारे में नये-नये टेक्नोलॉजी से परिचित भी कराया गया. साइबर अपराध में नये-नये ट्रेंड से अलर्ट भी किया गया.

### जागरूकता बोर्ड भी लगाए जाएंगे



सभी थानों में जल्द ही साइबर अपराध के प्रति जागरूकता के बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर जागरूकता के बारे में जानकारी होगी. उन पर लिखा होना चाहिए कि कोई भी अपना सीवीवी नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, खाता नंबर आदि जानकारी लोग किसी भी अंजान व्यक्ति को न दें. वहीं, बोर्ड पर हेल्पलाइन भी लिखे जाएं. साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 112 और 155260 पर फोन करके जानकारी दें.

### दक्ष पुलिसकर्मियों की तैनाती

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर जिला स्तर पर एनसीआरपी का संचालन व पर्यवेक्षण किए जाने के लिए भी दक्ष पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी. इसके साथ ही हर जिले में साइबर जगत की जानकारी रखने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा. पुलिस कमिश्नरेट में इस पोर्टल के संचालन व पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी के तौर पर एएसपी स्तर के पुलिस अधिकारी को दी गई है.

### आवाज बदलकर ठगी का खेल

विभिन्न साफ्टवेयर एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग कर रिश्तेदारों की आवाज निकाल कर साइबर ठगी की घटनाएं सामने आने के बाद साइबर क्राइम पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किया है. इसके लिए यूपी पुलिस ने एक शॉर्ट क्लिप बनाकर ट्विटर समेत अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित कराया. एनसीआरपी के 24 घंटे काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 1930 का भी जमकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.



# अवैध रूप से बस में तेल भरते हुए एक ब्राउजर धराया

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 Sept):** आपूर्ति व बांटमाप विभाग ने गुरुवार को विश्वविद्यालय हास्टल के बगल में स्थित स्टैंड से एक ब्राउजर (तेल का छोटा टैंकर) पकड़ा. वह बिहार की बसों में तेल भर रहा था. पकड़े जाने तक ब्राउजर द्वारा दो बसों में 131 लीटर डीजल भर दिया गया था.

आपूर्ति अधिकारी रमेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर टीम ने स्टैंड पर छापेमारी की. बरामद ब्राउजर के चालक ने बताया कि वह कुशीनगर जगदीशपुर स्थित नेहा फीलिंग स्टेशन बरडीहा से 1700 लीटर डीजल लेकर आया था. पेट्रोल पंप से उसे डीजल देकर बेचने के लिए भेजा जाता है. डीएसओ ने बताया कि उसके पास कोई कैश मेमो और बिक्री के कागजात नहीं मिले. ब्राउजर और डीजल जब्त कर लिया गया है. जिलाधिकारी के निर्देश पर वस्तु अधिनियम के तहत पेट्रोल पंप के मालिक हुकुम चंद, ब्राउजर मालिक सूरजकुंड के अनिमेश और चालक मो. एहतेशाम के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है.

# एयरपोर्ट पर कारतूस के साथ नेपाल का पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**हैदराबाद होते हुए जाना था बेंगलुरु, पुलिस व एजेंसियां कर रहीं पूछताछ**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 Sept):** एयरपोर्ट पर गुरुवार की दोपहर चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने इंसास राइफल के तीन कारतूस के साथ नेपाल के पूर्व सैनिक को गिरफ्तार कर लिया. पालपा जिले के रहने वाले पूर्व सैनिक कृष्णा पोडेंल को हैदराबाद होते हुए बेंगलुरु जाना था. विमानन कंपनी इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर एम्स थाना पुलिस आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पूर्व सैनिक से पूछताछ कर रही है.

## चेकिंग में मिले 3 कारतूस

इंडिगो का 180 सीट वाला बोइंग विमान रोजाना दोपहर 1:50 बजे गोरखपुर से हैदराबाद की उड़ान भरता है. एक घंटे हैदराबाद में रुकने के बाद बेंगलुरु रवाना होता है. पालपा के पिपलडाडा गांव के रहने वाले नेपाली सेना के पूर्व सैनिक कृष्णा पौंडेल को इसी फ्लाइट से बेंगलुरु जाना था. गुरुवार की दोपहर में 12.30 बजे कृष्णा पौंडेल गोरखपुर पहुंचे. चेकिंग के दौरान उनके बैग से इंसास राइफल (5.56) बोर के तीन कारतूस मिले. इंडिगो के अधिकारियों ने इसकी सूचना एयरपोर्ट निदेशक के साथ सुरक्षाकर्मियों को दी. चेकिंग काउंटर के पास ही कृष्णा पौंडेल को रोक लिया गया. घंटों पूछताछ के बाद एम्स थाना पुलिस को सौंपा गया. इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह की तहरीर पर एम्स थाना पुलिस ने नेपाल के पूर्व सैनिक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है.



### बॉर्डर पर चल रही चौकसी की खुली पोल

कृष्णा पौंडेल ने पुलिसकर्मियों को बताया कि वह सोनौली के रास्ते गोरखपुर आया है. बैग में कारतूस बरामद होने के बाद बार्डर पर बरती जा जा रही चौकसी पर सवाल खड़े हो गए हैं. पिछले दिनों पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर भी सुरक्षा घेरा तोड़कर सिद्धार्थनगर के खुनवा बार्डर से भारत में दाखिल हो गई थी.

### एक माह पहले पकड़ा गया था रेस्टोरेंट संचालक

एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान तीन अगस्त 2023 को सुरक्षाकर्मियों ने देवरिया, लार के भीखम छपरा गांव के वरुण राज तिवारी को कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था. देवरिया शहर में रेस्टोरेंट चलाने वाले वरुण को स्पाइस जेट की फ्लाइट से दिल्ली जाना था. स्कैनिंग के दौरान उसके पर्स से 7.65 बोर का एक कारतूस बरामद होने के बाद एम्स थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था.

## देर रात तक खुफिया एजेंसियों ने की पूछताछ

नेपाल के पूर्व सैनिक को इंसास राइफल के कारतूस कहां से मिले, उसकी मंशा क्या थी, यह जानने के लिए पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियों की टीम पूछताछ कर रही है. सूत्रों की मानें तो कृष्णा पौंडेल ने बताया कि उसके पास राइफल का लाइसेंस है. गलती से कारतूस बैग में आ गया. वह बेंगलुरु में अपने परिचित से मिलने जा रहा था.



**"एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान नेपाल के पूर्व सैनिक के बैग से तीन कारतूस बरामद हुए हैं. एम्स थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर पूछताछ कर रही है. उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई है. जल्द ही स्थिति साफ हो जाएगी.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,**
एसएसपी ग्रोवर

# डिलीवरी ब्वॉय को स्कूटी सवारों ने लूटा

सहजनवा। खोराबार थाना के महिमाठ निवासी डिलीवरी ब्वाय बृजेश यादव से मंगलवार रात करीब 12 बजे राजघाट पुल के पास स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल व नकदी छीन ली और फरार हो गए। उन्होंने गीडा थाने में तहरीर दी। उनकी तहरीर पर गीडा थाने में अज्ञात स्कूटी सवार तीन लोगों पर लूट का मुकदमा दर्ज किया है। जिस समय लूट हुई उस समय बृजेश किसी ग्राहक को डिलीवरी पहुंचाने जा रहे थे।

# चार फरार गैंगस्टर पर दस-दस हजार का इनाम

गोरखपुर। खोराबार थाने से वांछित चल रहे चार गैंगस्टर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को 10-10 हजार रुपए का इनाम घषित किया है। फरार गैंगस्टर में नन्हे पासवान निवासी ग्राम खोराबार, निखिल पासवान निवासी ग्राम खोराबार, मनीष चौहान निवासी जंगल रामगढ़ उर्फ रजही टोला रमसरिया, गुड्डू निषाद उर्फ धर्मेन्द निषाद निवासी तकिया शामिल हैं। इनाम घोषित होने के बाद उनकी तेजी से तलाश की जाएगी।

# आजमगढ़ व मऊ के पशु तस्करों को पुलिस ने दबोचा

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट पुलिस और पशु तस्करों के बीच गुरुवार दोपहर दो बजे थाना क्षेत्र के मदरिया गांव के सिवान में मुठभेड़ हुई, जिसमें पशु तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

हालांकि पुलिस ने दो तस्करों को दबोच लिया। पशु तस्करों के पास से हरपुर बुदहट पुलिस ने दो गोवंश, तीन चाकू, दो तमंचा, कारतूस और तस्करी में सम्मलित वाहन बरामद किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियो की पहचान 48 वर्षीय राशिद पुत्र अब्दुल खालिक निवासी बन्दीपुर थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ और 46 वर्षीय बालचंद्र पुत्र स्व. मोहन निवासी पुरसोत्तमपुर थाना मुबारकपुर जिला आजमगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया।

# ससुराल आए दामाद को साले सास और पत्नी ने मिलकर पीटा

सहजनवा। खोराबार थाना के तरकुलही खलहवा टोला निवासी अनिल कुमार पुत्र रामसिंगार रविवार को अपनी ससुराल नौसढ़ एकला मंदिर के पीछे थाना गीडा आए हुए थे।

जहां पत्नी से कहासुनी को लेकर उनके साले, उनकी पत्नी और सास ने मिलकर पहले तो दामाद अनिल की जमकर पिटाई की और फिर उसका मोबाइल तोड़ते हुए गला दबाकर मारने की कोशिश की। ससुराल आए दामाद ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और दवा इलाज कराने के बाद गीडा पुलिस को तहरीर दी। गीडा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने गुरुवार को किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी करंजहावा निवासी अब्दुल पुत्र जलाल को गिरफ्तार कर लिया। जलाल क्षेत्र की रहने वाली एक 13 वर्षीय किशोरी 24 अगस्त की रात बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। किशोरी की मां की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही थी।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

पिपराइच। पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलों गांव निवासी दुष्कर्म के आरोपी सेराज अंसारी पुत्र निसार अहमद को गुरुवार को पुलिस ने बैलों नहर के पास सबहियां टोला से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

# बुजुर्ग की हत्या में भाई और भतीजों सहित चार पर केस

**हि फॉलोअप**

बेलीपार। बेलीपार क्षेत्र के भस्मा गांव में बहू के साथ आपत्तिजनक हाल में पकड़े जाने पर भतीजे की पिटाई से 60 वर्षीय राजकुमार उर्फ कोइल की मौत के मामले में गुरुवार की शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आया तो आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिवारीजन हंगामा करने लगे।

सूचना पर पहुंची बेलीपार पुलिस ने बताया कि एक आरोपी सूरज की गिरफ्तारी हो गई है। इस दौरान घटना में संलिप्त महिला शशि को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। ऐहतियातन पुलिस फोर्स गांव में तैनात की गई है। शुक्रवार को शव का अन्तिम संस्कार होगा। इससे पहले बेलीपार थाने में मृतक की पत्नी इंद्रावती की तहरीर के आधार पर सूरज पुत्र जोखू ,जोखू पुत्र जगरूप, दीपक पुत्र जोखू, शीला पत्नी जोखू और मृतक की बड़ी बहू शशि पत्नी सर्वजीत के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इन लोगों की पिटाई से राजकुमार की मौत का आरोप है। हालांकि बेलीपार के थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट का निशान नहीं मिला है। मौत के कारण की जांच के लिए बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। परिवारीजनों ने शुक्रवार की सुबह अंतिम संस्कार किए जाने के बात कही है। परिजनों ने बताया कि मृतक के छोटे बेटे रामजीत के आने का इंतजार किया जा रहा है।

# युवती के अपहरण मामले में केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के डुमरी खास गांव की एक महिला ने अपनी 18 वर्षीया पुत्री के अपहरण का केस दर्ज कराया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि एक सितंबर की रात सभी लोग भोजन करके सो गए। इसके बाद उनकी पुत्री घर से लापता मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब वह नहीं मिली तो परिवारीजनों ने पुलिस में तहरीर दी जिसके बाद पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# तमंचा दिखा मुनीम से शराब छीनने की कोशिश

पीपीगंज। पीपीगंज थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया चौराहे पर स्थित देसी शराब की दुकान है। बुधवार को दो बजे एक मनबढ़ युवक शराब की दुकान पर गया मुनीम से बिना पैसे का जबरिया शराब मांगने लगा। जब मुनीम ने शराब नहीं दिया तो युवक ने तमंचा निकाल कर लहराना शुरू कर दिया। मुनीम ने वहां मौजूद अन्य लोगों की सहयोग से युवक को पकड़ना चाहा जिस पर युवक मौके से फरार हो गया और तमंचा स्थानीय लोगों ने छीन लिया।

# पुरानी रंजिश में बच्चों को पीटा, चार पर केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छबैला के नवकहवा टोला में बुधवार को आपसी रंजिश में मनबढ़ों ने बच्चों को मारपीट कर घायल कर दिया। बच्चों की मां चित्रलेखा की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। चित्रलेखा ने पुलिस को बताया कि गांव के ही दिनेश, चौथी, ज्ञानती व खुशबू ने उनके बच्चे अनिता, औरी, बिट्टू समेत अन्य लोगों को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया है।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले को दबोचा

गोरखपुर। थाना रामगढ़ताल पुलिस ने गुरुवार को रमजान पुत्र गुड्डू निवासी काशीराम आवास कॉलोनी थाना रामगढ़ताल को एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान की बाली, दो जोड़ी बिछुआ, एक जोड़ी पायजेब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना रामगढ़ताल के काशीराम आवास कॉलोनी के रहने वाले चंद्रशेखर निषाद पुत्र रामशरण निषाद के घर में रमजान ने पांच सितंबर की रात घुसकर चोरी की थी। चंद्रशेखर की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# अपहर्ता को दबोचा युवती बरामद

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने अपहर्ता को गिरफ्तार कर अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर लिया।

अपहृता की बहन का आरोप था कि दादी व बहन घर पर अकेली रहती हैं। बीते 25 जुलाई की रात में दादी-बहन अकेली सोई थीं तभी झंगहा क्षेत्र के बंगला टोला निवासी अभिषेक घर में घुस गया। दादी की नींद खुली तो शोर मचाया। अभिषेक को लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद पड़ोसी सुदामी देवी पत्नी रामायण ने कहा कि वह रिश्तेदार है। अभिषेक को रात को भगा दिया। अगले दिन आरोपी उसकी बहन को भगा ले गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने अपहृत लड़की को बरामद कर लिया और सीतापुर जिले के बिसवां थाना क्षेत्र के अहमदाबाद निवासी उपेंद्र यादव पुत्र कमलेश यादव को गिरफ्तार कर लिया।

# शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान विसरा प्रिजर्व

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 Sept):** बेलीपार के भस्मा गांव में बुधवार की दोपहर अवैध संबंध का विरोध करने पर राजकुमार उर्फ कोइल की हत्या कर दी गई थी. गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका शव घर पहुंचने पर स्वजन हंगामा करने लगे. पुलिस के पहुंचने पर स्वजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. पुलिस ने एक आरोपित सूरज को गिरफ्तार किया और राजकुमार की बहू शशि को हिरासत में लेकर थाने भेजी. इसके बाद स्वजन शांत हुए. यद्यपि अभी अंतिम संस्कार नहीं हुआ है. स्वजन छोटे बेटे रामजीत का इंतजार कर रहे हैं. पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं. विसरा प्रिजर्व किया गया है.

## किसी तरह आए घर

राजकुमार की पत्नी इंद्रावती ने तहरीर देकर बताया था कि उसके पति बहू व भाई के लड़के को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर डांटने लगे. इससे नाराज होकर भाई के लड़के ने बहू के साथ पती को पीटने लगे. किसी तरह से वह भागकर घर आए. जहां पर उनके भाई जोखू, शीला, सूरज पहुंच गये और पति पर हमला कर दिया. नीचे गिरने के बाद पति की मृत्यु हो गई. थाना प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट के निशान नहीं मिले हैं. एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# जिला अस्पताल के दलाल ने डॉक्टर से की गालीगलौज

- ऑपरेशन थिएटर के अंदर डॉक्टर की कुर्सी पर बैठा था दलाल
- ऑपरेशन थियेटर से बाहर जाने को कहने पर देने लगा गाली

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिला अस्पताल में दलालों की कितनी घुसपैठ है यह तब देखने को मिली जब एक दलाल ऑपरेशन थिएटर में घुसकर डॉक्टर की कुर्सी पर बैठ गया। डॉक्टर ने यहां बैठने का कारण पूछा तो दलाल उनसे उलझ गया और टेबल पर मौजूद पेपर को तितर-बितर करने के साथ ही धमकी देने लगा। आर्थो सर्जन डॉ. राजेश कुमार सिंह ने इसकी शिकायत मुख्य अधीक्षक के साथ ही पुलिस में तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने प्रमोद सिंह को नामजद और उसके चार पांच अज्ञात साथियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डॉ. राजेश कुमार सिंह ने अपनी तहरीर में बताया कि प्रमोद सिंह हमेशा चार-पांच अराजकतत्वों को लेकर चिकित्सालय परिसर में घूमता रहता है और मरीजों को फंसा कर दलाली करता है। डॉक्टर ने बताया कि सोमवार को वे आर्थो ओटी के चिकित्सक कमरे में बैठे थे तभी वहां दलाल प्रमोद अपने साथियों के साथ आया और खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी पर बैठ गया। उन्होंने जब उससे काम पूछा तो बोला कि ऐसे ही बैठने आया हूं। इस पर डॉक्टर ने कहा कि यह ओटी परिसर है यहां अनावश्यक प्रवेश वर्जित है। इतना सुनते ही प्रमोद ने अपने हाथों से डॉक्टर की टेबल पर रखे सारी चीजों को तितर बितर कर दिया और गली गलौज करने लगा। वहां मौजूद अन्य स्टाफ ने जब विरोध किया तो वह और उसके साथी स्टाफ को भी गाली देने लगे। साथ ही दोबारा 10-20 लोगो के साथ आने की धमकी देते हुए चले गये।

# शोहदे से तंग छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा




गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत एक गांव की 16 वर्षीय छात्रा को उसके घर के सामने रहने वाला शोहदा स्कूल जाते-आते छेड़ता है। युवक की हरकतों से तंग आकर छात्रा ने एक हफ्ते से स्कूल जाना बंद कर दिया है। इससे पहले सरहरी चौकी पर एक महीने में तीन बार पुलिस से शिकायत भी की लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई। गुरुवार को छात्रा की मां ने गुलरिहा थाने पर गुहार लगाई है।

सरहरी चौकी के एक गांव की किशोरी दसवीं की छात्रा है। घर के सामने रहने वाले शोहदे की हरकतों से परेशान छात्रा ने एक हफ्ते से स्कूल जाना बंद कर दिया है। शोहदा मोटर मेकैनिक का काम करता है और छात्रा का नौवीं कक्षा से ही पीछा रहा है। इधर पांच माह से वह छात्रा को काफी परेशान कर रहा है। छात्रा का कहना है कि जब वह स्कूल के लिए जाती है तो शोहदा रास्ते में अश्लील बातें करके छेड़खानी करता है और स्कूल से लौटते समय भी चौराहे पर खड़ा होकर उसके आने का इंतजार करता है। जब वह शोहदे की हरकतों से परेशान हो गई तो अपनी पीड़ा मां को बताई।

## शिकायत पर की मारपीट

छात्रा की मां ने एक माह पूर्व शोहदे के घर जाकर शिकायत की तो युवक के घरवालों ने छात्रा के घर में घुसकर मारा-पीटा और छात्रा की मां का हाथ तोड़ दिया। छात्रा की मां ने बताया कि युवक के हरकतों से परेशान होकर छात्रा स्कूल जाना बंद कर दी है। हमने सरहरी चौकी पर एक महीने में तीन बार तहरीर दी मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मजबूर होकर महिला गुलरिहा थाने पर तहरीर दी।

"मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज कुमार अवस्थी**, एसपी नार्थ

## घर में घुसकर युवती से छेड़खानी, कपड़े फाड़े

**खोराबार।** खोराबार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती के साथ बुधवार की रात करीब 9.30 बजे गांव के दो युवकों ने छत के रास्ते घर में घुसकर छेड़खानी की। विरोध करने पर युवती के कपड़े मनबढ़ युवकों ने पीट भी दिया। पीड़ित युवती ने गांव के दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। खोराबार पुलिस मामले की जांच कर रही है। खोराबार क्षेत्र के हल्का नम्बर एक के एक गांव की रहने वाली दो बहनें बुधवार रात छोटे भाई के साथ घर में सो रहीं थीं। उसी दौरान गांव के दो युवक छत के रास्ते घर में घुस गए और युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगे।

# पुलिस लाइन में भी झूमते रहे श्रद्धालु

गोरखपुर। रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को जन्माष्टमी को लेकर रात 9 बजे से लगभग 11: 45 तक भगवान श्री कृष्ण के भजन कीर्तन का आनंद श्रद्धालु लेते रहे। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर सजाई गई झांकियां काफी आनंदित कर रही थी।

बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी। रात के 12 बजते ही जन्मोत्सव का कार्यक्रम शुरू हो गया। वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच बाल गोपाल का विधि पूर्वक जन्मोत्सव हुआ। आरती पूजन के बाद मंगल गीत गया गया। भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# एयरपोर्ट पर रिटायर्ड फौजी के ट्रॉली बैग से मिले कारतूस

**हड़कम्प**

- गोरखपुर एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया रिटायर्ड फौजी
- प्रतिबंधित बोर का है विदेशी कारतूस, कई देशों की यात्रा कर चुका है पूर्व फौजी

गोरखपुर। वरिष्ठ संवाददाता

गोरखपुर एयरपोर्ट से गुरुवार को फ्लाइट पकड़ने जा रहे पूर्व फौजी के ट्राली बैग से कारतूस मिलने से सनसनी फैल गई। फौजी ने बताया कि लाइसेंसी गन का कारतूस है, गलती से बैग में ही पड़ा रह गया। हालांकि एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने फौजी को हिरासत में लेकर एम्स थाने की एयरफोर्स चौकी की पुलिस को सौंप दिया। देर रात उसके खिलाफ एम्स थाने में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि प्रतिबंधित बोर का यह विदेशी कारतूस है। यही नहीं फौजी कई देशों की यात्रा भी कर चुका है।

नेपाल के पलपा पीपलडाढ़ा निवासी कृष्णा बहादुर भारतीय सेना में कार्यरत था। पिछले दिनों सेना की नौकरी छोड़ चुका है। वह प्राइवेट नौकरी के लिए हवाई जहाज से बेंगलुरु जाने के लिए नेपाल से सड़क मार्ग से गोरखपुर पहुंचा। गोरखपुर एयरपोर्ट पर बोर्डिंग से पहले चेकिंग के दौरान फौजी के ट्राली बैग से इंसास राइफल के तीन कारतूस मिलने से सनसनी फैल गई। सुरक्षा कर्मियों ने फौजी को हिरासत में लेकर एयरफोर्स चौकी पुलिस को सौंप दिया। फौजी को एम्स थाने ले जाया गया। उसने जो भी बताया उसके बारे में पुलिस ने पहले तस्दीक की। एयरपोर्ट पर चेकिंग में पकड़े जाने के बाद अन्य एजेंसियों ने भी पूछताछ की। प्रतिबंधित क्षेत्र में कारतूस लेकर जाने पर फौजी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि एक व्यक्ति को एयरपोर्ट पर कारतूस के साथ पकड़ा गया है। आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उसको यह कारतूस कहां से मिला है, पूछताछ हो रही है।

## रेस्टोरेंट संचालक के पास भी मिला था कारतूस

3 अगस्त 2023 को एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान पर्स में कारतूस मिलने के बाद देवरिया के रेस्टोरेंट संचालक वरुण राज तिवारी के खिलाफ एम्स थाने में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालान किया था।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 1.20 लाख की ठगी

पीपीगंज/भरोहिया। पीपीगंज थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव के एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर रुद्रपुर देवरिया के एक जालसाज ने 1.20 लाख रुपये हड़प लिए। जब युवक ने रुपया वापस मांगा तो जालसाज ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। मंझरिया निवासी मोहम्मद हुसैन ने पीपीगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रुद्रपुर देवरिया निवासी शेख शब्बीर अजहर उर्फ विक्कल ने नौकरी दिलवाने के नाम 1.20 लाख ठग लिए।

## फर्जी ट्रेनिंग सेंटर खोलकर 1.75 लाख ठगे

सहजनवा। देवरिया के गौरी बाजार थाना के मदरसन गांव के रहने वाले विजय बहादुर ने नौसढ़ में फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चलाने वाले पर नौकरी के नाम पर पौने दो लाख रुपये की जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। विजय ने एसएसपी गोरखपुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसे एमआईडी एप से नौसढ़ स्थित मां शारदा ट्रेनिंग सेंटर और टेस्ट सेंटर के संचालक अभिनव सिंह ने ठगी की। पुलिस ने अभिनव, खाताधारक सूरज और जमील अख्तर पर केस दर्ज किया है।

## छोटा टैंकर जब्त, तीन के खिलाफ दर्ज हुआ केस

गोरखपुर। कुशीनगर के पेट्रोल पंप से छोटे टैंकर में गलत तरीके से डीजल लाकर बिक्री के मामले में आपूर्ति विभाग ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। टैंकर के पास न तो बाट माप का लाइसेंस था और न ही विस्पोटक का। डीएसओ रामेन्द्र प्रताप सिह के नेतृत्व में सप्लाई इंस्पेक्टर अरुण सिह, राकेश यादव, एआरओ अजय कुमार सिह, बाट माप निरीक्षक अजीत कुमार सिह की टीम ने गुरुवार को गोरखपुर यूनिर्विसटी के पास एक छोटा टैंकर पकड़ा।

# अधेड़ से शादी होने पर बड़ी बहन भागी तो छोटी से कर दी सगाई

**जासं, गोरखपुर:** एक पिता ने अपनी ही बेटी के साथ जो किया, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। पहले तो उसने बड़ी बेटी की शादी गोंडा जिले में रहने वाले अधेड़ से कर दी और जब वह भाग गई तो उसके व सहयोगी के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद जबरिया अधेड़ से छोटी बेटी की सगाई कर दी।

बुधवार को एडीजी जोन कार्यालय पहुंची छोटी बेटी ने आप बीती बताई। एडीजी जोन अखिल कुमार ने गुलरिहा थाना पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

युवती ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गुलरिहा क्षेत्र में रहती है। मां की मृत्यु के बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली। कुछ दिन पहले पिता ने तीन लाख रुपये लेकर बड़ी बहन की शादी गोंडा के अधेड़ से कर दी। बहन वहां से भागकर चली आयी और दोस्त के साथ रहती है।

अधेड़ के रुपये वापस मांगने पर पिता ने बड़ी बहन व उसका सहयोग करने वाले युवक पर चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। रुपये न लौटाना पड़े इसलिए सौतेली गांव के दबाव में अब उसे अधेड़ के घर भेजा जा रहा है। कुछ दिन पहले पिता व सौतेली मां ने शहर के एक मंदिर में जबरन सगाई करा दी।

शादी से इन्कार करने पर प्रताड़ित करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसे एक कमरे में बंद करके रखा जाता था। मौका मिलते ही दो दिन पहले वह घर से भाग निकली।

युवती का कहना है कि वह अधेड़ से शादी नहीं करेगी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोप की जांच कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

## व्यापारी ने भांजे समेत तीन पर दर्ज कराया मुकदमा

जासं, गोरखपुरः सीमेंट व्यापारी से उनके भांजे ने 3.64 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोप है कि वह उधार दिए गए रुपये की वसूली करता था और उसके बाद रुपये को रख लिया है। गोरखनाथ थाना पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

नथमलपुर निवासी नरसिंह पांडेय ने दी तहरीर में लिखा है कि सीमेंट का थोक व्यापार करते हैं। व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए भांजे अमित कुमार चौबे नेबुइया, घुघली महराजगंज को कमीशन पर विक्रय प्रतिनिधि बनाया। वह कई वर्षों से दुकानों से आर्डर लाता था और फिर उधार पर दिए गए सीमेंट के रुपयों की वसूली करता था। उसने कई फर्मों से तीन लाख 64 हजार रुपये वसूलकर हड़प लिया। अमित चौबे की साजिश में आकर महराजगंज कोतवाली के संजय गुप्ता व बसंतपुर घुघली के ध्रुवनारायण ने भी 85-85 हजार रुपये हड़प लिए हैं।

# असलहा लाइसेंस के लिए बदल रहे ठिकाना

जितेन्द्र पाण्डेय • गोरखपुर

असलहे का लाइसेंस बनवाने के लिए लोग अब अपना ठिकाना भी बदल ले रहे हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने लखनऊ, संतकबीरनगर समेत आसपास के अन्य जिलों में वर्षभर पहले कमरा लेकर वहां से असलहे के लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। इस समय उनकी फाइलें स्थानीय पता व दर्ज मुकदमों की जांच के लिए थाना व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच चुकी हैं। आवेदन करने वालों में तीन जनप्रतिनिधि भी हैं। जानकारी होने के बाद ये सभी थाने से लेकर अधिकारियों के पास फाइल आगे बढ़ाने को लेकर पैरवी कर रहे हैं।

पिछले छह-सात वर्षों से असलहे का लाइसेंस बनना करीब-करीब बंद हो गया है। सूत्रों के अनुसार इन वर्षों के बीच में जिला प्रशासन ने करीब छह लाइसेंस जारी किए हैं। इसमें एक खिलाड़ी है, जिसे शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जाना था। दूसरा असलहा लाइसेंस झंगहा थाना क्षेत्र में ढाई लाख के इनामी द्वारा हत्या किए जाने पर पीड़ित परिवार को दिया गया था। इन दोनों चर्चित मामलों के अलावा चार और लोग असलहे का लाइसेंस बनवाने में कामयाब रहे हैं।

**केस : एक :** सहजनवां क्षेत्र के रहने वाले एक पार्टी के नेता ने लाइसेंस बनवाने के लिए लखनऊ से आवेदन किया है। इसके लिए उन्होंने लखनऊ की एक कालोनी में बीते एक वर्ष से किराये पर कमरा ले लिया है। इस समय उनकी फाइल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थानीय पता समेत अन्य प्रकरणों की जांच के लिए पहुंची है। जानकारी होने के बाद अब वह पैरवी कर रहे हैं।



**केस : दो :** संतकबीरनगर के एक पार्टी के जनप्रतिनिधि का स्थानीय आवास गोरखपुर में है। उन्होंने भी असलहे के लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। विभिन्न थानों से संस्तुति मिलने के बाद उनकी फाइल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंची है। यद्यपि जांच के दौरान कुछ शिकायतें मिलने के बाद उनकी फाइल को फिर गोरखनाथ थाने को जांच के लिए भेज दिया गया है।

असलहे के लाइसेंस के लिए किसी भी जिले से आवेदन किया जा सकता है, लेकिन उसकी जांच निवास स्थान वाले जिले से ही कराई जाती है। यहां से संस्तुति मिलने के बाद ही उसे लाइसेंस मिल सकता है। आवेदन की कुछ फाइलें आई हैं।
**मनोज कुमार अवस्थी**, एसपी उत्तरी

**17 हजार से अधिक हैं लाइसेंसी असलहे:** जिले में लोगों के पास 17 हजार से अधिक लाइसेंसी असलहे हैं। ये सभी लाइसेंस वर्ष 2017 के पहले के बने हैं। अन्य जिलों में आवेदन करने का क्रम जारी है।

# गीता वाटिका से लौट रही महिला का बदमाशों ने लूटा पर्स

## संवेदना हास्पिटल के सामने की घटना, सीसी कैमरे में कैद है बदमाशों की फुटेज, मौके पर पहुंची पुलिस

जासं, चरगांवा : गीता वाटिका से दर्शन कर लौट रही महिला का पर्स बुधवार की रात 11 बजे संवेदना हास्पिटल के सामने से बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया। सूचना मिलने पर पादरी बाजार पुलिस चौकी की हाक पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़िता और उसके पति व बच्चों को आटो पर बैठाकर घर भेज दिया। गुरुवार की सुबह घटनास्थल को लेकर शाहपुर व गुलरिहा थाने की पुलिस आपस में उलझी रही। महिला ने शाहपुर थाने में तहरीर दी है। सीसी कैमरे में कैद बदमाशों की फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।



शीला देवी • जागरण

**घटनास्थल को लेकर उलझी दो थानों की पुलिस, शाहपुर पुलिस कर रही जांच**

मूलरूप से कुशीनगर के मंसूरगंज बनकटिया के रहने वाले श्याम बिहारी सिंह शाहपुर के जंगल हकीम नंबर-दो स्थित चौहान टोले में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार की रात वह पत्नी शीला देवी व बच्चों के साथ गीता वाटिका में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पूजा-पाठ व दर्शन करने गए थे। रात 11 बजे पैदल घर लौट रहे थे।

महुआ तिराहे के आगे संवेदना हास्पिटल के सामने पहुंचे थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाश शीला का पर्स लूटकर पादरी बाजार की तरफ फरार हो गए। पर्स में दो हजार रुपये सहित अन्य जरूरी कागजात थे।

थाना प्रभारी शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच की जा रही है। घटनास्थल गुलरिहा क्षेत्र का है। उधर, थाना प्रभारी गुलरिहा जयनारायण शुक्ला ने बताया कि लूट जैसी किसी घटना की जानकारी नहीं मिली है।

### बकाया राशन मांगने पर कोटेदार के नाती ने महिला का सिर फोड़ा

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा के एक गांव के कोटेदार के नाती ने राशन मांगने पर गुरुवार को अयोध्या चक की रहने वाली धर्मावती का सिर फोड़ दिया। महिला का आरोप है कि कोटेदार दो माह से अंगूठे का निशान लगवाकर राशन नहीं दे रहे हैं। महिला ने कोटेदार व नाती के विरुद्ध चौरी चौरा थाने पर तहरीर दी है। महिला ने बताया कि गुरुवार को दोपहर में बेटी खुशबू कोटे की दुकान पर राशन लेने के लिए गई थी। वहां कोटेदार के नाती ने गाली देकर भगा दिया। घर आकर बेटी के बताने पर वह कोटेदार के घर पहुंची तो उसका नाती उसे भी गाली देने लगा और चले जाने की बात कही। दो माह से अंगूठा लगवाकर राशन क्यों नहीं देने की बात पूछने पर उसने ईंट से मारकर सिर फोड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके पहले कोटेदार ने कई लोगों को राशन मांगने पर मारा-पीटा है। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### उधार दिए रुपये मांगने पर मनबढ़ों ने पिता-पुत्र को पीटा

जासं, झंगहा : अमहिया गांव में गुरुवार को उधार दिए गए रुपये मांगने पर श्रीप्रकाश सिंह और उनके पुत्र मनीष को मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मनीष का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर श्रीप्रकाश की तहरीर पर झंगहा थाना पुलिस ने गांव के हर्ष सिंह और हिमाशु सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया।

# चार आरोपितों पर इनाम

जासं, गोरखपुर : एसएसपी ने खोराबार थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार खोराबार के नन्हे पासवान, निखिल पासवान जंगल रामगढ़ के मनीष और तकिया के गुड्डू निषाद पर 10-10 हजार इनाम घोषित किया है।

# सिपाहियों ने वसूले रुपये कार्रवाई के डर से लौटाए

- गुलरिहा थाना क्षेत्र के हलका नंबर तीन और दो में तैनात हैं दोनों
- पिटाई से घायल कच्ची के कारोबारी ने थाने पहुंचकर की शिकायत

जासं, भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के हलका नंबर तीन में दो सिपाहियों ने मंगलवार की रात चिलुआ नदी के किनारे महराजगंज सीमा में कच्ची के अड्डे पर छापेमारी की। महुआ और लहन के साथ दो व्यक्ति को पकड़ा और जेल भेजने की धमकी देकर 25 हजार व 20 हजार रुपये वसूल लिए। आरोप है कि सिपाहियों ने पैसा लेने के पहले उसकी जमकर पिटाई भी की। दो दिन बाद घायल आरोपित पत्नी के साथ थाने पहुंचा और थानेदार से शिकायत की। कार्यवाही रिपोर्ट बनने पर सिपाहियों ने माफी मांगकर आरोपितों को मात्र 25 हजार रुपये ही वापस किए। इस घटना के बाद दोनों सिपाहियों को उनके हलका से हटाकर मेडिकल कालेज पुलिस चौकी से संबद्ध कर दिया गया है।

गुलरिहा थाने में एक माह पहले कुछ नए सिपाहियों की तैनाती हुई है। इनमें से एक को हलका नंबर तीन और एक को हलका नंबर दो में भेजा गया है। मंगलवार को हलका नंबर तीन का सिपाही हलका नंबर दो के सिपाही को लेकर चिलुआ नदी के किनारे गश्त पर निकला। वे सादे कपड़े में महराजगंज के पनियरा थाना क्षेत्र में पहुंचे जहां पर गुलरिहा के जंगल सखनी के रहने वाले श्रीपत उर्फ मोछू और जयकरन उर्फ जग्गन



को कच्ची के अड्डे से पकड़ लिया। दोनों को जेल भेजने की धमकी देने लगे। रात का समय होने पर दोनों ने विरोध किया। इससे नाराज सिपाहियों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी और फिर धमकी देकर रुपये वसूल लिए। घायल घर पहुंचकर पत्नी को घटना के बारे में बताया। बुधवार की सुबह उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद पत्नी उसे लेकर थाने पहुंची और थानेदार को मामले से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज अवस्थी ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ओटी में घुसकर डाक्टर को दी गाली, कर्मचारियों को धमकाया

## जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर में सोमवार को हुई घटना

- दलाल व साथियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज
- ओटी में जबरन घुसकर डाक्टर की कुर्सी पर बैठ गया दलाल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर (ओटी) में साथियों संग दलाल जबरन घुसकर डाक्टर की कुर्सी पर बैठ गया। विरोध करने पर डाक्टर व व कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कोतवाली थाना पुलिस आरोपित व उसके साथियों की तलाश कर रही है।

कोतवाली थाना पुलिस को दी तहरीर में आर्थो सर्जन डा. आरके सिंह ने बताया कि प्रमोद सिंह हमेशा चार-पांच अराजकतत्वों को लेकर अस्पताल परिसर में घूमता रहता है और रोगियों को फंसाकर दलाली करता है। सोमवार को वह आपरेशन थिएटर में बैठे थे, तभी वह साथियों के साथ आया और खाली पड़ी डाक्टर की कुर्सी पर बैठ गया। उन्होंने आने की वजह पूछा तो बताया कि बैठने आया हूं। आपरेशन थिएटर में अनावश्यक प्रवेश वर्जित होने की जानकारी देने पर हंगामा करने लगा और मेज पर रखी सारी चीजों को तितर-बितर कर दिया और विरोध करने पर गाली देने लगा। कर्मचारियों ने जब रोकने का प्रयास किया तो अपने चार-पांच अन्य साथियों को बुलाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित व उसके साथियों की तलाश चल रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## रोगी की मौत पर स्वजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

**गोरखपुर** : बीआरडी मेडिकल कालेज में सर्पदंश के रोगी की मौत के बाद स्वजन ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी, लेकिन स्वजन ने मना कर दिया। शव लेकर घर चले गए। गोला के बर्रा निवासी सुनील को मेडिसिन वार्ड नंबर 11 में भर्ती कराया गया था। बहन सुनीता और पत्नी अंतिमा ने बताया कि गुरुवार को दोपहर में डाक्टरों ने इंजेक्शन लगाया। उसके कुछ देर बाद ही रोगी की मौत हो गई। मौत होने पर स्वजन भड़क गए और कर्मचारियों से उलझ गए।

# एक ही जमीन को तीन लोगों को कर दिया एग्रीमेंट

सहजनवां : गीडा के बाघागाड़ा के रहने वाले रंगीलाल से पैसा लेने के बाद पिपरी के जालसाज बलराम यादव ने दो अन्य लोगों से पैसा लेकर जमीन एग्रीमेंट कर दिया। गुरुवार को पीड़ित की तहरीर पर गीडा पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज किया। रंगीलाल ने बताया कि जमीन खरीदने के लिए आरोपित से सौदा हुआ था। एडवांस के रूप में पांच लाख रुपये का चेक दिया गया। बाद में आरोपित एग्रीमेंट करने से इंकार कर दिया। पैसा मांगने पर धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी रतन पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तमंचा और चाकू के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार

हरपुर बुदहट : थाना पुलिस ने गुरुवार को जांच के दौरान मदरिया गांव के सिवान से दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो तमंचा, कारतूस, तीन चाकू और एक गाड़ी बरामद हुआ। तस्करों की पहचान मऊ के मोहम्मदाबाद बंदीपुर के राशिद और आजमगढ़ के मुबारकपुर पुरषोत्तमपुर के बालचंद्र के रूप में हुई। न्यायालय ने दोनों को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि मदरिया के पास एक गाड़ी खड़ी थी। पुलिस को देखकर चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। पीछा कर पुलिस ने गाड़ी को पकड़ा तो उसमें दो गोवंश मिले। तस्करों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (जासं)

# दुष्कर्म के आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पिपराइच : थाना पुलिस ने गुरुवार को अलग-अलग मामले में दुष्कर्म के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सेराज अंसारी और सैफ अली के रूप में हुई। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि सात अगस्त को एक गांव की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सेराज ने शादी का झांसा देकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही थी। सबहियां टोला से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। सैफ अली ने फेसबुक के माध्यम से एक गांव कि किशोरी से दोस्ती की। शादी करने का झांसा देकर पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में ले गया। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। स्वजन की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया था।

# नौकरी के नाम पर 6.48 लाख हड़पने वाला गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर: रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6.48 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपित को एम्स थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। मेडिकल कालेज में नर्स अशोक की आरोपित पत्नी की तलाश चल रही है।

बशारतपुर मोतीपोखरा के अशोक कुमार ने पत्नी व एक अन्य साथ मिलकर रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम 6.48 लख रुपये लिए थे। पादरी बाजार मानस विहार कालोनी के राकेश कुमार सिंह ने शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपितों ने राकेश को झांसा दिया था कि मंत्री कोटे से उसकी पत्नी की नौकरी लगवा देंगे। रुपये लेने के बाद लखनऊ के अस्पताल में उन्होंने मेडिकल भी कराया था। राकेश ने सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर अशोक कुमार उसकी पत्नी क्रिस्टीना व सहयोगी सूर्यप्रताप मल्ल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। अशोक की पत्नी क्रिस्टीना मेडिकल कालेज में नर्स है। पति का उपचार कराने के नाम पर छुट्टी लेकर गायब है।

# एयरपोर्ट पर कारतूस संग नेपाल का पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** एयरपोर्ट पर गुरुवार की दोपहर चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने इंसास राइफल के तीन कारतूस के साथ नेपाल के पूर्व सैनिक को गिरफ्तार कर लिया। पालपा जिले के रहने वाले पूर्व सैनिक कृष्णा पौडेल को हैदराबाद होते हुए बेंगलुरु जाना था। विमानन कंपनी इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर एम्स थाना पुलिस आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पूर्व सैनिक से पूछताछ कर रही है।

इंडिगो का 180 सीट वाला बोइंग विमान रोजाना दोपहर 1:50 बजे गोरखपुर से हैदराबाद की उड़ान भरता है। एक घंटे हैदराबाद में रुकने के बाद बेंगलुरु रवाना होता है। पालपा के पिपलडाडा गांव के रहने वाले नेपाली सेना के पूर्व सैनिक कृष्णा पौडेल को इसी फ्लाइट से बेंगलुरु जाना था। गुरुवार की दोपहर में 12.30 बजे कृष्णा पौडेल गोरखपुर पहुंचे। चेकिंग के दौरान उनके बैग से इंसास राइफल (5.56) बोर के तीन कारतूस मिले। इंडिगो के अधिकारियों ने इसकी सूचना एयरपोर्ट निदेशक के साथ सुरक्षाकर्मियों को दी। चेकिंग काउंटर के पास ही कृष्णा पौडेल को रोक लिया गया। घंटों पूछताछ के बाद एम्स थाना पुलिस को सौंपा गया। इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह की तहरीर पर एम्स थाना पुलिस ने नेपाल के पूर्व सैनिक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

**देर रात तक खुफिया एजेंसियों ने की पूछताछ :** नेपाल के पूर्व सैनिक को इंसास राइफल के कारतूस कहां से मिले, उसकी मंशा क्या थी, यह जानने के लिए पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियों की टीम पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो कृष्णा पौडेल ने बताया कि उसके पास राइफल का लाइसेंस है। गलती से कारतूस बैग में आ गया। वह बेंगलुरु में अपने परिचित से मिलने जा रहा था।

**12:30** बजे कृष्णा पौडेल गोरखपुर पहुंचा



एयरपोर्ट पर गिरफ्तार नेपाल सेना का पूर्व सैनिक कृष्णा पौडेल ● सौ. इंटरनेट मीडिया

- हैदराबाद होते हुए जाना था बेंगलुरु पुलिस व एजेंसियां कर रहीं पूछताछ
- इंसास राइफल के हैं कारतूस, सुरक्षा अधिकारी की तहरीर मुकदमा दर्ज

### एक माह पहले पकड़ा गया था रेस्टोरेंट संचालक

एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान तीन अगस्त 2023 को सुरक्षाकर्मियों ने देवरिया, लार के भीखम छपरा गांव के वरुण राज तिवारी को कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। देवरिया शहर में रेस्टोरेंट चलाने वाले वरुण को स्पाइस जेट की फ्लाइट से दिल्ली जाना था। स्कैनिंग के दौरान उसके पर्स से 7.65 बोर का एक कारतूस बरामद होने के बाद एम्स थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था।

### बार्डर पर चल रही चौकसी की खुली पोल

कृष्णा पौडेल ने पुलिसकर्मियों को बताया कि वह सोनौली के रास्ते गोरखपुर आया है। बैग में कारतूस बरामद होने के बाद बार्डर पर बरती जा जा रही चौकसी पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर भी सुरक्षा घेरा तोड़कर सिद्धार्थनगर के खुनवा बार्डर से भारत में दाखिल हो गई थी।

एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान नेपाल के पूर्व सैनिक के बैग से तीन कारतूस बरामद हुए हैं। एम्स थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर पूछताछ कर रही है। उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई है। जल्द ही स्थिति साफ हो जाएगी।
– **डा. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# एक गलती ने गोरखपुर को निचले पायदान पर धकेला

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) में हुई एक गलती ने गोरखपुर जिले की रैंकिंग को निचले पायदान पर ढकेल दिया है। अगस्त महीने में जिला 74वें स्थान पर आया जबकि आमतौर पर रैंकिंग 50 के आसपास होती रही है। स्थानीय प्रशासन ने जब इसकी समीक्षा की तो उन्हें पता चला कि एक शिकायत मार्क करने में दो हजार 127 दिन दिखाए गए हैं, जिससे इस श्रेणी में निर्धारित 10 में से मात्र तीन अंक ही मिले। अब प्रशासन की ओर से इस मामले में स्पष्टीकरण भेजा गया है।

गोरखपुर के बिस्मिल्लाह ने जून 2017 में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। बीच-बीच में शासन की ओर से इस मामले में पूछताछ भी होती रही लेकिन जब स्थानीय स्तर पर पोर्टल पर शिकायत ढूंढी जाती थी तो उसका कोई विवरण नहीं मिलता था। इस बात की जानकारी शासन को हुई तो ढूंढकर शिकायत को निकाला गया और 30 अगस्त 2023 को यह शिकायत जिले को मिली। उसी दिन इसकी जांच क्षेत्राधिकारी से कराई गई। जांच में पता चला कि मामले का निस्तारण पहले ही हो चुका है। संभावना जताई जा रही है कि किसी और स्तर पर शिकायत के आधार पर निस्तारण हो गया होगा।

निस्तारण की आख्या उसी दिन लगाकर मामले को निस्तारित दिखा दिया गया लेकिन जब रैंकिंग जारी हुई तो गोरखपुर को प्रदेश में 74वां स्थान मिला। इसके पीछे के कारणों की पड़ताल शुरू हुई तो इसी शिकायत में मार्क करने का समय 2127 दिन दिखाया गया था। प्रशासन का कहना है कि यह शिकायत स्थानीय पोर्टल पर दिख ही नहीं रही थी। जब शिकायत मिली तो एक दिन में निस्तारित कर दिया गया। शासन स्तर से 2017 में इसे अग्रसारित दिखाया गया है लेकिन उसके बाद इसका पता नहीं लग रहा था। इसके लिए कई बार पोर्टल को चेक किया गया था। अब प्रशासन की ओर से इस संबंध में स्पष्टीकरण भेजा गया है कि जितने दिन मार्किंग में दिखाए गए हैं, वह उचित नहीं है क्योंकि इससे पहले भी कई महीनों में जिले को इस श्रेणी में शत-प्रतिशत अंक मिले हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही शासन इस मामले में सुधार करेगा।

**50** के आसपास होती रही है रैंकिंग, स्थानीय प्रशासन ने समीक्षा की तो पता चला कि एक शिकायत मार्क करने में दो हजार 127 दिन दिखाए गए हैं।

- बिस्मिल्लाह ने जून 2017 में मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी शिकायत जांच में नहीं मिल रहा था विवरण
- गोरखपुर में मामला मिलते ही एक दिन में किया गया निस्तारित, शासन को भेजा गया है स्पष्टीकरण

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान चक्रजलाल निवासी सैफ अली के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## मारपीट का एक आरोपी गिरफ्तार

झंगहा। झंगहा इलाके के जंगल गौरी नंबर दो उर्फ अमहिया में उधार दिए रुपये को मांगने पर मारपीट का मामला सामने आया है। घायल मनीष सिंह शहर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती हैं। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल गौरी नंबर दो उर्फ अमहिया गांव निवासी श्रीप्रकाश सिंह ने झंगहा पुलिस को तहरीर दे कर अपने ही गांव के हर्ष सिंह और हिमांशु सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी हर्ष सिंह को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

## बिजली चोरी के आरोप में चार पर केस दर्ज

चौरीचौरा। बाल खुर्द गांव में बिजली विभाग ने बिना कनेक्शन के बिजली इस्तेमाल करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसडीओ योगेश यादव के नेतृत्व में बुधवार को क्षेत्र के बिजली बिल जमा कराने के लिए घर-घर अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जेई रोशन कुमार ने बाल खुर्द में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के आरोप में मुरारी राय, लाल बहादुर यादव, जोगिंदर राय, राम सागर राय पर केस दर्ज कराया है। ब्यूरो

## मोबाइल फोन लूटकर बाइक सवार फरार

भटहट। पिपराइच थाना क्षेत्र के अतरौलिया के पास बृहस्पतिवार की शाम लगभग छह बजे बाइक सवार तीन बदमाश साइकिल सवार से मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। नबीपुर निवासी अभिषेक शर्मा साइकिल से जा रहे थे। इस दौरान वारदात हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

## चोरी के सामान के साथ दो युवक गिरफ्तार

बड़हलगंज। पुलिस ने बृहस्पतिवार को चोरी के सामान के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गगहा क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अमित जायसवाल व सरया महुलिया निवासी आदित्य यादव उर्फ गोलू के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी के दो संदूक, एक चूल्हा, एक मोटर बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि क्षेत्र के सरयू महुलिया निवासी ऋषि देव यादव ने तहरीर में आरोप लगाया था कि चार सितंबर को मेरे गांव का रहने वाला आदित्य यादव मेरे घर से संदुक, बर्तन, मोटर, गैस चूल्हा, फ्रिज, पंखा चुरा लिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

## अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान चिलुआताल के करनजंहवा निवासी अब्दुल अजीज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## दुष्कर्म व धमकी के आरोपी को जेल भेजा

गोरखपुर। पिपराइच पुलिस ने दुष्कर्म व धमकी देने के आरोपी को बृहस्पतिवार को जेल भिजवा दिया। आरोपी की पहचान पिपराइच के बैलो निवासी सेराज अंसारी के रूप में हुई है। आरोपी ने घर में युवती को अकेला पाकर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। घर में घुसकर चोरी करने के एक आरोपी को बृहस्पतिवार को रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान काशीराम आवासीय कॉलोनी निवासी रमजान के रूप में हुई है। आरोपी के पास से मंगल सूत्र, एक जोड़ी सोने की बाली, एक जोड़ी पायजेब, बिछुआ बरामद किया गया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# बहू समेत पांच आरोपियों पर मारपीट, हत्या का केस

बेलीपार (गोरखपुर)। बेलीपार थानाक्षेत्र के एक गांव में बुधवार को बहू को आपत्तिजनक हाल में देखने पर ससुर की पीटकर की गई हत्या के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने भतीजे, भाई, बहू समेत पांच लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर बहू और भतीजे को हिरासत में ले लिया है। उधर, पोस्टमार्टम से शव आने के बाद परिजनों ने गिरफ्तारी के लिए हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक, 60 वर्षीय ससुर को बहू के चरित्र पर संदेह था। उसे लगता था कि भतीजे से बहू का अनैतिक संबंध है। ब्यूरो

# पशु तस्करों और पुलिस में मुठभेड़

## पुलिस जीप क्षतिग्रस्त, घेरेबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की

अमर उजाला ब्यूरो

हरपुर बुदहट (गोरखपुर)। हरपुर बुदहट पुलिस और पशु तस्करों के बीच बृहस्पतिवार को अपराह्न दो बजे थाना क्षेत्र के मदरिया गांव के सिवान में मुठभेड़ हो गई। घिरने पर पशु तस्करों ने फायरिंग कर दी। इसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। हालांकि, पुलिस ने उसके बाद मोर्चा संभालते हुए चारों तरफ से घेरकर दो तस्करों को दबोच लिया।

पुलिस ने पशु तस्करों के पास से दो गोवंश, तीन चाकू, दो तमंचा, कारतूस और तस्करी में शामिल वाहन बरामद किया है। पुलिस ने तस्करों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मऊ जनपद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बंदीपुर निवासी मोहम्मद राशिद व आजमगढ़ के मुबारकपुर के पुरुषोत्तमपुर निवासी बाल चंद्र के रूप में हुई है।



पुलिस की क्षतिग्रस्त गाड़ी। संवाद

बृहस्पतिवार को दोपहर बाद हरपुर बुदहट पुलिस को सूचना मिली कि एक स्कार्पियो में एक गाय और एक बछड़ा चोरी करके पशु तस्कर थाना क्षेत्र से बाहर निकलने की फिराक में हैं। मुखबिर की सूचना पर हरपुर बुदहट पुलिस ने कुर्सा-मदरिया सिवान के बाग के आसपास डेरा डाला।

थोड़ी देर में एक सफेद रंग की स्कार्पियो से कुछ लोग आते दिखाई दिए जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस जीप पर तमंचे से फायरिंग कर दी। हालांकि, पुलिस बाल-बाल बच गई। जवाबी कार्रवाई पर हरपुर बुदहट थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पशु तस्करों को चारों तरफ से घेर लिया और दो को स्कार्पियो के साथ दबोच लिया। पुलिस ने गाड़ी में क्रूरतापूर्वक ठूंसे गए दोनों गोवंशों को बाहर निकाला।

# डॉक्टर की कुर्सी पर बैठा था दलाल.. टोका तो दी गाली-धमकी

## हाल जिला अस्पताल का : दलालों का रहता है कब्जा, छूट देने का अब खामियाजा भुगत रहे हैं डॉक्टर

अमर उजाला ब्यूरो



### चार-पांच अज्ञात साथियों पर दर्ज कराया केस



1 सितंबर को प्रकाशित खबर।

गोरखपुर। जिला अस्पताल में दलालों को दी गई छूट का खामियाजा एक डॉक्टर को ही भुगतना पड़ा। मुंह लगा यह दलाल ऑपरेशन रूम तक पहुंच गया और डॉक्टर की कुर्सी पर जा बैठा।

डॉक्टर को यह बात बुरी लगी और बैठने का कारण पूछा तो वह उनसे उलझ गया। पहले टेबल पर रखे सामान को तितर-बितर कर दिया और फिर गालियां देने लगा। जाते-जाते धमकी भी दी।

आरोप है कि टेबल पर मौजूद पेपर को तितर-बितर करने के साथ ही धमकी देने लगा। अर्थो सर्जन डॉ. राजेश कुमार सिंह ने इसकी शिकायत मुख्य अधीक्षक से की और पुलिस में तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने प्रमोद सिंह को नामजद करते हुए उसके चार-पांच अज्ञात साथियों पर केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, डॉ. राजेश कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि प्रमोद सिंह हमेशा चार-पांच बाहरी लोगों को लेकर चिकित्सालय परिसर में घूमता है और मरीजों को फंसाकर दलाली करता है। उन्हें बेहतर सुविधा के देने का झांसा देकर धन उगाही भी करता है।

सोमवार को वे अर्थो ओटी के चिकित्सक कमरे में बैठे थे, तभी वहां दलाल प्रमोद अपने साथियों के साथ आया और चिकित्सक की खाली कुर्सी पर बैठ गया। उन्होंने जब उससे काम पूछा तो बोला ऐसे ही बैठने आया हूं, डॉक्टर ने कहा कि यह ओटी परिसर है यहां अनावश्यक प्रवेश वर्जित है।

इतना सुनते ही प्रमोद ने डॉक्टर की टेबल पर रखे सामान को तितर-बितर कर दिया और गालियां देने लगा।

वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने जब विरोध किया तो वह और उसके साथी कर्मचारियों को भी गाली देने लगे और दोबारा 10-20 लोगों के साथ आने की धमकी देते हुए सभी चले गए। पुलिस ने प्रमोद सिंह व अन्य पर सरकारी कार्य में बाधा सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया है।

# विदेश भेजने के नाम पर 1.55 लाख की ठगी

गीडा। विदेश भेजने के नाम पर तीन लोगों के खिलाफ गीडा पुलिस ने ठगी का केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, देवरिया जनपद के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के मदरसन निवासी विजय बहादुर ने मोबाइल फोन में एमआईडी एप के जरिये नौसड़ स्थित मां शारदा ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेंटर का पता मिला, जिसमें विदेश भेजने का दावा किया गया था। ब्यूरो

# मेला देखकर घर जा रही महिला का पर्स लूटा

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के पादरी बाजार स्थित समवेदना हॉस्पिटल के सामने बुधवार रात गीता वाटिका से मेला देखकर घर जा रही महिला का पर्स बाइक सवार बदमाश लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। कुशीनगर जिले के मंसूरगंज बनकटिया निवासी श्याम बिहारी सिंह शाहपुर के पादरी बाजार स्थित मोहनापुर चौहान टोला में मकान बनवाकर रहते हैं। बुधवार रात वह पत्नी-बच्चों के साथ गीता वाटिका में कृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी देखने गए थे। रात 11 बजे पैदल घर जा रहे थे कि तभी बाइक सवार बदमाश ने महिला के हाथ पर झपट्टा मारकर पर्स लूट लिया। ब्यूरो



पीड़ित महिला।

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-09-2023

# पति समेत छह लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

- सदर कोतवाली के विक्रमपुर बांसपार के रहने वाले हैं आरोपित
- ससुराल वालों पर दहेज में बाइक मांगने का लगाया आरोप

जासं, देवरिया: क्षेत्र के विक्रमपुर बांसपार की रहने वाली एक महिला ने पति समेत छह लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गांव की रहने वाली कविता देवी का कहना है कि उसकी शादी 12 जून 2022 को सुनील प्रसाद के साथ उचित दान दहेज देकर हुई थी। जब से वह अपने ससुराल गई, तभी से ससुसल के लोग दहेज में एक बाइक की मांग करने लगे। मायके पक्ष लोग बाइक देने से इन्कार किया तो ससुराल के लोगों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 22 अगस्त को ससुराल के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

इस मामले में पुलिस ने पति सुनील प्रसाद, देवर दीपू, ननद पूजा, सोनी, सास लालमुनी देवी, ससुर रामश्रृंगार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पति समेत आठ के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा** : देवरिया: मदनपुर थाना क्षेत्र के कुटिया टोला की रहने वाली विवाहिता शाहिमा खातून ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसकी शादी सात नवंबर 2019 को दानिश से हुई थी। जब से वह ससुराल गई, तभी से ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करते थे। बेटी के पैदा होने के बाद प्रताड़ना और बढ़ गया। मदनपुर पुलिस ने पति दानिश, हसीना, नाजिया, साजिया, मजीद, ताहिर, रमजान, जुम्मन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दो नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया: शहर के कसया रेलवे ढाला के समीप एक युवक पर कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश में हमला बोल दिया। घायल युवक का उपचार महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कराया गया। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध बलवा व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के सिंधी मिल कालोनी के रहने वाले कृष्ण प्रताप सिंह के भाई अजीत कुमार सिंह बाइक से घर जा रहे थे, अभी वह कसया रेलवे ढाला के समीप पहुंचे थे कि रंजिश में कुछ लोगों ने पकड़ लिया और राड से पिटाई की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने रामगुलाम टोला के रहने वाले प्रेम कुमार, रागिनी चौराहा के रहने वाले हिमांशु कुमार व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश मिश्र ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अब एडी बेसिक व बीएसए करेंगे प्रकरण की जांच

- भागलपुर ब्लाक के शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों व एक बीईओ पर लगे यौन शोषण का मामला
- एक सप्ताह के अंदर महानिदेशक को उपलब्ध करानी है विभाग को जांच रिपोर्ट

जासं, देवरिया: भागलपुर विकास खंड की महिला शिक्षक से शिक्षक संघ के दो पदाधिकारी व बीईओ द्वारा यौन शोषण करने के आरोप का मामला तूल पकड़ लिया है। महानिदेशिक बेसिक शिक्षा ने मामले को गंभीरता से लिया है। अब मामले की जांच बेसिक शिक्षा अधिकारी व एडी बेसिक खुद करेंगे। एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट अधिकारियों को डीएम व महानिदेशिक बेसिक शिक्षा को उपलब्ध करानी होगी।

भागलपुर विकास खंड में परिषदीय विद्यालय में तैनात रही एक शिक्षिका ने गुमनाम पत्र महानिदेशक बेसिक शिक्षा समेत विभिन्न अधिकारियों को लिखा है। जिसमें उसने कहा है कि उसका अंतरजनपदीय स्थानान्तरण हो गया है। भागलपुर विकास खंड में शिक्षक संघ के दो पदाधिकारी व बीईओ उसे बलिया जनपद के एक होटल में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही मुंह खोलने पर सस्पेंड करा देने की धमकी दी। उसने अंतरजनपदीय स्थानान्तरण के लिए भी इन्हें रुपया दिया है। शिकायत मिलने के बाद अब शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है। पहले बीईओ से इसकी जांच कराने की बात कही गई थी, लेकिन महानिदेशक बेसिक शिक्षा ने इसे गंभीरता से ले लिया है, जिसके चलते अब प्रकरण की जांच एडी बेसिक गोरखपुर व बीएसए खुद करेंगी। सूत्रों का कहना है कि इसमें से एक पदाधिकारी पर एक दशक पहले भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं। जांच में शिकायत की पुष्टि नहीं हो सकी।

### तो भागलपुर से गैर जनपद गई हैं मात्र तीन महिला शिक्षक

गुमनाम शिकायत मईल थाने पर भी पहुंची है। प्रकरण की जांच भागलपुर चौकी प्रभारी मान सिंह को मिली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस विभाग ने बीईओ से गैर जनपद स्थानांतरित हुई महिला शिक्षकों की सूची मांगी।

तीन महिला शिक्षकों का नाम व मोबाइल नंबर विभाग की तरफ से उपलब्ध कराया गया है। चौकी प्रभारी ने सभी मोबाइल नंबर पर बात किया। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ का कहना है कि उन महिला शिक्षकों से बातचीत की गई है, किसी ने भी शिकायत करने की बात नहीं बताई है। फिलहाल प्रकरण की अभी जांच की जा रही है।

पहले बीईओ से स्पष्टीकरण मांगा गया था, अब प्रकरण की जांच मैं व एडी बेसिक गोरखपुर खुद कर रहे हैं। जांच एक सप्ताह के अंदर पूरी कर ली जाएगी।

**शालिनी श्रीवास्तव,** बीएसए

# रंजिश में युवक को पीटा चार पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र के अधरंगी गांव के एक युवक की चार युवकों ने दरवाजे पर चढ़कर रंजिश में पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी युवकों पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

अधरंगी गांव के रहने वाले विशाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठा था। रंजिश को लेकर चार युवक पहुंच गए और गाली देने लगे। जिसका विरोध करने पर उन्होंने पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अमौनी गांव के सन्नी यादव, सुमित यादव, श्रीनगर कोल्हुआ गांव के रामजतन और हड़ही निवासी गोलू के खिलाफ केस दर्ज किया है।



बस स्टेशन पर बृहस्पतिवार को चेन चुराने के आरोप में पकड़ी गई महिला को थाने ले जातीं आपा। संवाद

# सोने की चेन खींची तो चोरनी को घसीट कर कोतवाली ले गईं आपा

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के बस स्टेशन के पास ई-रिक्शा पर बैठने के दौरान खुखुंदू की रहने वाली शकीना आपा के गले की चेन बगल में बैठी महिला ने उड़ा ली। इसका आभास होने पर आपा ने उसे पकड़कर रस्सी से बांधा और घसीट कर थाने ले गईं।

तलाशी में आरोपी महिला के पास से खींची गई चेन भी बरामद हो गई। इस सब के दौरान काफी भीड़ भी मौके पर जुट गई। ट्रैफिक पुलिस के जवान दोनों को किनारे करने लगे। पीड़ित महिला को लगा कि आरोपी हाथ छुड़ा कर भाग जाएगी तो उसने अपने पल्लू से स्नेचिंग करने वाली महिला को बांध लिया और उसे खींचते हुए कोतवाली लेकर पहुंची। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी शकीना आपा दोपहर में बस स्टेशन पर उतरी थीं। इसी दौरान एक महिला ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली। इस बात का आभास होने पर शकीना ने आरोपी को पकड़ लिया। उन्होंने तलाशी ली तो उनकी चेन बरामद हो गई। आरोपी महिला भागने का प्रयास करने लगी तो शकीना ने उसके दोनों हाथ बांध दिए। इस दौरान वह ट्रैफिक के जवानों से महिला को पकड़ने की गुहार लगाती रहीं। उनका आरोप है कि जवानों ने उनकी कोई मदद नहीं की।

इसके बाद वह आरोपी महिला को लेकर कोतवाली पहुंची। कोतवाल दिनेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी महिला के पास से चेन बरामद हुई है। पूछताछ की जा रही है।

### स्नेचिंग की शिकार महिला ने ट्रैफिक पुलिस पर लगाया मदद न करने का आरोप

## बस स्टेशन के पास सक्रिय है चेन खींचने वालों का गिरोह

देवरिया। शहर के बस स्टेशन के पास से आए दिन चेन स्नेचिंग की घटना होती है। कई बार तो यह भी आरोप लगे कि कुछ ई-रिक्शा चालक इनसे मिले हुए हैं। रक्षाबंधन के दिन तीन महिलाओं की चेन बस स्टेशन परिसर से ही चोरी हो गईं थीं। संवाद

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगा रही गुहार

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव की छेड़खानी पीड़ित युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के मामले में युवती की मां ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

मामले में पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है पर कार्रवाई में देर के कारण आरोपी गांव छोड़कर भाग चुके हैं। युवती की मां ने मुख्यमंत्री व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर हत्या के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में युवती की मां ने कहा है कि पांच आरोपियों पर केस दर्ज है। इसके बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोप लगाया है कि पुलिस हत्यारोपियों से मिली हुई है। घटना के तीन माह पहले भी मेरी बेटी के साथ इन्हीं आरोपियों ने छेड़खानी की थी। संवाद

# ट्रांसफर हुआ तो कागजों में दिखा दिया मृत

## गोरखपुर जिला अस्पताल में सिस्टर पद पर ड्यूटी कर रहे हैं राजेंद्र शुक्ला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिला अस्पताल में सिस्टर के पद पर तैनात रहे राजेंद्र शुक्ला का स्थानांतरण जून माह में महानिदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा के यहां हो गया था, जहां से उन्हें जिला अस्पताल गोरखपुर तैनात किया गया।

इसी दौरान देवरिया मेडिकल कॉलेज से जब उनके कागजात गोरखपुर ट्रेजरी को भेजे गए तो उन्हें मृत दिखा दिया गया। इस कारण तीन माह से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने विभाग को जिंदा होने और ड्यूटी करने की बात कहते हुए पत्र लिखा है।

देवरिया जिला अस्पताल (अब मेडिकल कॉलेज) के हड्डी रोग विभाग में काफी दिनों तक सिस्टर राजेंद्र शुक्ला की तैनाती रही। पांच जून को उनका स्थानांतरण महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लखनऊ हो गया।

सात जून को उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से कार्यमुक्त कर दिया गया। इसके बाद उनकी तैनाती महानिदेशक कार्यालय से जिला अस्पताल गोरखपुर के लिए हो गई। पदभार ग्रहण करने के बाद उनके सारे कागजात मेडिकल कॉलेज में ट्रेजरी से ट्रांसफर किया गया।

जो डाटा पोर्टल पर अपलोड किया गया और मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी नियतन के डाटा से विजिट किया गया, इसमें घोर लापरवाही बरती गई है। जून और जुलाई में ड्यूटी करने के बाद जब उनका वेतन नहीं मिला तो उन्होंने संपर्क किया तो पता चला कि उनके ही विभागीय कर्मचारियों ने कागजों में मृत घोषित कर दिया है। यह देख वह आश्चर्यचकित हो गए।

*सिस्टर राजेंद्र शुक्ल के स्थानांतरण के बाद सभी कागज मेडिकल कॉलेज व सीएमओ के वहां से भेज दिए गए हैं। तकनीकी फाल्ट से कुछ गड़बड़ी आई है। उन्हें विभागीय पोर्टल पर अपलोड कराना होगा, इसके बाद दिक्कत दूर हो जाएगी।*

– डॉ. एचके मिश्रा, सीएमएस

## जानलेवा हमले के आरोप में केस दर्ज

देवरिया। सुरौली थाना क्षेत्र के बढ़या बुजुर्ग निवासी रीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही मनीष चौहान और कुछ अज्ञात लोगों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। आरोप है कि तीन सितंबर को अचानक घर पर आया और बाइक लेकर जा रहा था। इसका विरोध करने पर पति रमेश पर जानलेवा हमला बोल दिया था। संवाद

## न्यायालय के आदेश पर लूट का केस दर्ज

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के जैतपुरा निवासी हरिशंकर शर्मा की तहरीर पर चेरो निवासी सात लोगों पर लूट, मारपीट का केस दर्ज हुआ है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज केस में आरोप है कि जयप्रकाश, विपिन, वृजेश, वीरेंद्र, किरन, नीलम, रंजीता आठ सितंबर 2022 को मारपीट कर लूटपाट की थी। संवाद

## जानलेवा हमले का केस दर्ज

देवरिया। शहर के सिंधी मिल कालोनी निवासी कृष्ण प्रताप सिंह की तहरीर पर दो नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। आरोप है कि रामगुलाम टोला निवासी प्रेम कुमार, हिमांशु व अन्य चार ने चार सितंबर को रात में दस बजे उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। संवाद

## चार पर मारपीट का केस दर्ज

देवरिया। मदनपुर थाना क्षेत्र के समोगर निवासी शायरा खातून की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि गांव के ही हजरत अली, असरफ अली, रोजिया खातून व अन्य लोग तीन सितंबर को मकान की सीढ़ी तोड़ दिए और मारपीट की। संवाद

## युवक को पीटा, केस दर्ज

देवरिया। मदनपुर थाना क्षेत्र के देवपार वीरसिंहपुर निवासी राहुल यादव 31 अगस्त को चाट खा रहे थे, इसी दौरान कुछ लोग आए और उनकी पिटाई कर दिए। पुलिस ने इस मामले में गोरखपुर जनपद के नेतवार गांव निवासी रौनक यादव और तीन अज्ञात के खिलाफ बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## घर में घुसकर पीटने और सामान तोड़ने का आरोप

देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली के छितही बाजार निवासी प्रज्ञा सिंह की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और सामान तोड़ने का केस दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि आरोपी चार सितंबर की शाम चार बजे उसके घर आया और बाउंड्री फांद कर उसका केबल तोड़कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने इस मामले में कृष्ण कुमार उर्फ सन्नी निवासी छितही बाजार के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## महिला का फोटो वायरल करने पर केस दर्ज

देवरिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला का आरोप है कि तीन अगस्त को उसके मोबाइल पर फोन आया और वह वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने इस मामले में संजय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## ट्रैक्टर की बैटरी चुरा ले गए चोर

सलेमपुर। लार थाना क्षेत्र के कौसड़ गांव निवासी विजेंद्र सिंह के ट्रैक्टर की बैटरी बुधवार की रात चोर खोल ले गए। ट्रैक्टर घर के पास बगीचे में खड़ा किया गया था। सुबह विजेंद्र सिंह जब उठे तो देखे कि ट्रैक्टर की बैटरी गायब थी। उन्होंने लार थाने में तहरीर दी है। संवाद

## छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

देवरिया। सदर कोतवाली के विक्रम बांसपार निवासी कविता देवी की तहरीर पर पति सहित छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। आरोप है कि सुनील प्रसाद निवासी विक्रमपार बांसपार के साथ 22 जून 2022 को उसकी शादी हुई थी। ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस ने पति सहित छह लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

# तीन पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

देवरिया। सदर कोतवाली के बभनी गांव निवासी मुकुल गिरि की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। आरोप है कि सीसी रोड निवासी चंदन गिरि, रवि गिरि, दीपक गिरि ने दो सितंबर की शाम को उसे मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की..

## जनपद में भक्ति भाव से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, महिलाओं ने सोहर गाया

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम मनाया जा रहा है। बुधवार की रात बारह बजे कान्हा के जन्म की खुशियों में पूरा जनपद डूब गया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... के जयकारे गूंजने लगे। महिलाओं ने सोहर गाया। साधकों ने पूजन, आरती व भजन कीर्तन कर भगवान के आने का उत्सव मनाया। बृहस्पतिवार की शाम को झांकियों को देखने व मेला का आनंद लेने लोग परिवार संग निकले।

शहर के नगरपालिका परिसर और पुलिस लाइन में बुधवार की देर रात तक भजन कीर्तन एवं जयघोष के बीच भगवान का जन्म हुआ। नपा परिसर में शाम को जागरण भी आयोजित हुआ। यहां नपाध्यक्ष अलका सिंह व ईओ रोहित सिंह भी मौजूद रहे। इसके बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। पुलिस लाइन स्थित मंदिर में बनी आकर्षक झांकियां भी सभी को अपनी ओर आकृष्ट कर रही थी। रात में पुजारी पं.नारायण मणि त्रिपाठी की देखरेख में यजमान बने एसपी संकल्प शर्मा ने पूजन अर्चना की।

बृहस्पतिवार की रात को अभिभावकों के साथ निकले बच्चों ने यहां मेले का भरपूर आनंद लिया। मंदिर के बाहर क्रम से दुकानें सजी थीं। मेले में आए बच्चों का उत्साह एवं उमंग देखते ही बन रहा था। टाउनहाल के बगल में स्थित रामजानकी मंदिर में श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों की देखरेख में पूजन-अर्चन एवं महाप्रसाद कार्यक्रम चला। कसया रोड स्थित श्याम मंदिर एवं बालाजी मंदिर में भी भजन कीर्तन एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। शहर के गली मोहल्लों में भी किशोर व युवा वर्ग की ओर से रखी गई झांकियों के दर्शन करने भी लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।





महुआबारी में सजी श्री कृष्ण की झांकी और नगर पालिका रोड पर मेले में उमड़े लोग। संवाद

### धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

भाटपाररानी। नगर व क्षेत्र में बुधवार की देर रात तक कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। रात्रि मे 12 बजते ही नगर मे जगह-जगह मंदिरों में तथा गांव में रखे गए डोल आदि स्थानों पर घंट और घड़ियाल बजने लगे। लोग कृष्ण भगवान की जय जयकार करते हुए जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के साथ भक्ति गीत गाने लगे।नगर में पूर्व विधायक डॉ. आशुतोष उपाध्याय के आवास, रामजानकी मंदिर धर्मशाला परिसर, नगर पंचायत कार्यालय के बगल में भी कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। थाना परिसर में इंस्पेक्टर टीजे सिंह, बनकटा थाना परिसर में इंस्पेक्टर मुकेश मिश्र की मौजूदगी में जन्मोत्सव मनाया गया। संवाद

### चंद्रयान-3 की झांकी आकर्षण का केंद्र रही

देवरिया। तरकुलवा कस्बे में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां चौदह पांडालों में भगवती राधा, प्रभु श्रीकृष्ण, गोपियों और ग्वाल बालों की झांकियां सजाई गई थी, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इन झांकियों के बीच चंद्रयान-3 और भारत के मानचित्र की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। थाना रोड पर न्यू गोल्डेन क्लब, गुप्ता आयरन स्टोर के नेतृत्व में मेन सड़क के किनारे राधे युवा क्लब, एसबीआई शाखा के पास युवा शक्ति क्लब सहित कुल चौदह पंडालों में राधा रानी, श्रीकृष्ण, गोपियों और ग्वाल बालों की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। संवाद

### माताओं ने गाए बधाई गीत

बरहज। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर-क्षेत्र में जगह- जगह भगवान की सुंदर झांकियां सजाई गई थीं। दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पांडालों में हो रहे भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया था। बुधवार की मध्यरात्रि भगवान के जन्म लेने पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। जबकि माताओं ने बधाई गीत गाए। नगरपालिका परिषद गौरा-बरहज, मां विंध्यवासिनी धाम जयनगर, पोस्ट आफिस और सीएचसी मार्ग के अलावा भलुअनी, गड़ेर, पैना, सोनाड़ी, करुअना, मगहरा, कपरवार, बरांव, देवपार, वीरपुर मिश्र आदि क्षेत्रों में त्योहार पर झांकी सजाया गया था। जगह-जगह भजन-कीर्तन हो रहे थे। जबकि प्रसाद के रूप में पंजीरी भी वितरण किया गया। संवाद

### श्रीकृष्ण का हुआ जन्म, महिलाओं ने गाए सोहर

देवरिया। देसही देवरिया क्षेत्र में देर रात में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही क्षेत्र जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। रात भर भजन - कीर्तन का दौर चलता रहा। रामपुर हिरामन, बरवा मीरछापर, नौतन हथियागढ़, हेतिमपुर, हरैया बसंतपुर, रामपुर गौनरिया आदि गांवों और चौराहों पर बने पांडालों में राधा व कृष्ण की मनोहारी मूर्तियां स्थापित की गईं। शाम से ही भजन कीर्तन और पूजन का कार्य शुरू हो गया। पिपरा मदन गोपाल के महुआबारी टोला पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। संवाद

कड़ी सुरक्षा के बीच लार में निकला डोल जुलूस : लार नगर में बृहस्पतिवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच परंपरागत तरीके से डोल जुलूस निकाला गया। जगह जगह मटकी फोड़ी गई। डीजे की धुन पर थिरकते हुए युवा जय श्रीकृष्ण का नारा लगाते युसूफ रोड होते हुए चौक वार्ड पहुंचे। यहां देर शाम आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। एहतियात के तौर पर भारी मात्रा में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

घारी वार्ड ,सोनराबारी,चौहान टोला सहित नगर के कंई वार्डों के डोल गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते हुए युवा नगर के मुख्य तिराहा लेकर पहुंचे। उधर सराफा रोड चनुकी मोड़ के तरफ से भी आयोजक डोल लेकर पहुंचे। इसमें एक से बढ़ कर एक देश भक्ति पर आधारित झांकी प्रदर्शनी निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही।

यहां से सभी डोल एक कतार में होकर डीजे व बैंड की धुन पर पुलिस की मौजूदगी में धीरे धीरे युसूफ रोड के रास्ते होते हुए नगर के कोइरिटोला वार्ड के तरफ से गुजरा। जहां पहले से भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए खड़ी महिलाओं ने जल अर्पित कर पूजन कर मंगल होने की कामना की।

# जुड़वा बच्चों में से एक का आशा ने किया अपहरण, पूछने पर बोली–मर गया

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सीएचसी पर प्रसव के दौरान जुड़वा बच्चों में से एक को इलाज कराने के बहाने आशा कार्यकर्ता देवरिया लेकर चली गई। इसके बाद उसने अपनी बहन के घर पहुंचा दिया। परिजनों ने बच्चे को वापस मांगा तो उसने कहा कि बच्चा मर गया है। इस पर परिजनों ने बृहस्पतिवार की शाम को बरियारपुर थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने आशा को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने बताया कि बच्चे को बहन के घर रखा है। आशा की मंशा बच्चे को बेचने की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर नवजात को तरकुलवा थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरइठा

## अपहृत नवजात को पुलिस ने तरकुलवा क्षेत्र से किया बरामद, आशा हिरासत में

टोला चौबरियापट्टी के रहने वाले राहुल कुमार की पत्नी उमरावती देवी ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किशुनपाली में दो स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। इसमें एक बच्चे के चेहरे पर कुछ घाव था।

अकेली उमरावती देवी को विश्वास में लेकर चौबरियापट्टी निवासी आशा सुभावती बच्चे का उपचार कराने के बहाने लेकर गायब हो गई। सोमवार को राहुल के चाचा हरिहर ने बच्चे की कुशलता पूछी तो आरोपी आशा ने रुपये की मांग की। फिर कुछ देर बाद बच्चे की मृत्यु होने की बात बताई और मिलने से बचती रही। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं

*मामले में आरोपी आशा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया गया है। हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। वह इलाज के बहाने नवजात को लेकर गायब हो गई थी।*

**– श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सदर**

चलने पर परिजनों ने आशा द्वारा बच्चे के अपहरण की सूचना बरियारपुर पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस तत्परता के साथ जांच में जुट गई।

पुलिस बच्चे को तरकुलवा थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी आशा सुभावती देवी की बहन के घर से बरामद कर लिया। पुलिस ने उमरावती की तहरीर पर आशा सुभावती देवी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। जबकि बच्चे को सीडब्ल्यूसी में रखा गया है।

# भलुअनी से भेजा गया था गुमनाम पत्र, पीड़िता की खोज में पुलिस

## बीएसए कार्यालय सहित बीआरसी पर बृहस्पतिवार को दिनभर रही शिकायत की चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में तैनात रही एक शिक्षिका के गुमनाम पत्र से बेसिक शिक्षा परिषद में तूफान आ गया है। शिक्षिका ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर एक शिक्षक संगठन के दो पदाधिकारियों व संबंधित ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। बुधवार को मामला उजागर होने के बाद बृहस्पतिवार को दिनभर प्रकरण चर्चा में रहा।

वहीं, पुलिस की छानबीन में सामने आया है कि गुमनाम पत्र भलुअनी डाकघर से भेजा गया था। इसके बाद पुलिस पीड़िता की खोज में लगी है। वहीं, टीम ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के करीब 30 महिला व पुरुष शिक्षकों का बयान भी दर्ज किया है।

जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में शिक्षिका ने बताया है कि अंतरजनपदीय तबादले के तहत उसका स्थानांतरण अब दूसरे जनपद में हो गया है। भेजे गए पत्र में शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि विद्यालयों में गैरहाजिर होने पर शिक्षिकाओं से वसूली की जाती है। वहीं, एक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी अधिकारियों की शह पर विद्यालय छोड़कर घूमते रहते हैं, और गैरहाजिर रहने वाली शिक्षिका को चिह्नित कर इसकी जानकारी बीईओ को देते हैं। सूचना पर बीईओ ऐसे स्कूल का निरीक्षण करते हैं।

दलालों के माध्यम से एक दिन की अनुपस्थिति पर 1500 रुपये और एक सप्ताह तक नहीं आने पर 4500 रुपये की मांग करते हैं। रुपये नहीं देने पर दोनों पदाधिकारी महिला शिक्षिकाओं को डराते-धमकाते हैं। इन आरोपों की जांच कर रही पुलिस और शिक्षा विभाग की टीम जांच का दायरा आगे बढ़ा रही है।

पुलिस ने क्षेत्र के करीब 30 महिला व पुरुष शिक्षकों का बयान दर्ज किया है और आरोपों के बारे में जानकारी ली है। मामले में शिकायतकर्ता के सामने न आने के कारण टीम को आरोपों की जांच करने में कठिनाइयों का सामना पड़ रहा है। बिना प्रेषक के नाम के रजिस्टर्ड पत्र की जांच में पुलिस को पता चला है कि पत्र भलुअनी डाकघर से आला अफसरों को भेजा गया है।




अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### 2018 में भी गुमनाम पत्र ने मचा-दी थी हलचल

देवरिया। 2018 में इसी तरह का गुमनाम पत्र बरहज डाकघर से आला अफसरों को भेजा गया था। जिसकी जांच के लिए कमेटी बनी थी, उसमें तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और सीडीपीओ को रखा गया था। जांच के दौरान पीड़िता बयान देने के लिए नहीं आई और मामला फर्जी करार देकर रिपोर्ट लगा दी गई। संवाद

### शिक्षक संगठनों ने कहा- जांच कर सच्चाई का किया जाए खुलासा

जूनियर शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष हेमा त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर इस मामले में जरा भी सच्चाई है तो आरोपियों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। प्रकरण की जांच गंभीरता से होनी चाहिए ताकि सच्चाई सबके सामने आ सके। उधर, उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय महामंत्री अखिलेश मिश्र व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण चौहान ने कहा कि आरोप काफी गंभीर हैं। शिक्षक संवर्ग पर ऐसे आरोपों का लगना निंदनीय है। मामले में जो भी दोषी मिले उन पर ऐसी कार्रवाई हो जो नजीर बने।

### आरोप लगाने वाली शिक्षिका को सामने आना चाहिए

प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बगैर नाम-पता के कोई आरोप लगा तो इससे संबंधित व्यक्ति के मान-सम्मान को चोट पहुंचती है। आरोप लगाने वाली महिला शिक्षिका को भी सामने आना चाहिए। प्रकरण निंदनीय है और इसकी जांच तथ्यात्मक ढंग से होनी चाहिए। इस घटना से प्रदेश स्तर पर जनपद का नाम खराब हुआ है।

### शिक्षक संघ की राजनीति भी गरमाई

देवरिया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों पर आरोप लगने से मामला गरमा गया है। दो गुट इसको लेकर आपस में खूब चर्चा कर रहे हैं। कुछ लोग इसे शिक्षक संगठन की राजनीति से भी जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल मामला जो भी हो, सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी। संवाद

# खतरे में विद्यार्थी : संकरी गलियों में कोचिंग हब... अपनी सुरक्षा का ख्याल खुद रखें

## शहर का राघवनगर बना कोचिंग जोन, सेंटरों में न ही सीसीटीवी कैमरे लगे, न ही आग से बचाव की व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अपने पाल्यों को डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर बनाने के लिए अभिभावक कोचिंग सेंटरों में भेज रहे हैं। लेकिन, मोटी रकम वसूल करने वाले कोचिंग सेंटर विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति बेपरवाह बने हुए हैं। इससे छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी चिंतित हैं। शहर के राघवनगर की संकरी गलियां धीरे-धीरे कोचिंग हब बन चुकी हैं।

रोजाना सैकड़ों की संख्या में यहां छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। लेकिन, यहां के ज्यादातर कोचिंग सेंटरों में सीसीटीवी कैमरों और अग्निशमन यंत्रों का इंतजाम नहीं है। यहां तक कि दो मंजिला भवन में चलने वाले कोचिंग सेंटरों के पास चौड़ी सीढ़ी भी नहीं है। ऐसे में अगर आग या ऐसी कोई घटना हो जाए तो बच्चे निकलेंगे कैसे, यह बड़ा प्रश्न है।

बीते दिनों नोएडा और बेंगलुरु में ऐसी घटनाएं सामने भी आ चुकी हैं जहां ऊपर की मंजिलों पर चल रहे कोचिंग सेंटरों में भीषण आग में बच्चे फंस गए थे। क्योंकि, इन जगहों पर सीढ़ियां संकरी थीं और निकलने के वैकल्पिक मार्ग भी नहीं थे। शहर की संकरी गलियों में स्थित दुकानों में आग लगने की घटनाएं भी पिछले एक माह में हो चुकी हैं।

इसके बाद भी तंग गलियों में संचालित कोचिंग सेंटर सबक नहीं ले रहे हैं। इन कोचिंग सेंटरों पर छात्राओं की सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न है। उनके साथ कोई अप्रिय घटना होने पर दोषियों को पकड़ने में काफी परेशानी होगी क्योंकि कोचिंग सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं है। यह हाल तब है जब हाल में ही राज्य सरकार ने रात आठ बजे के बाद कोचिंग का संचालन न करने व ऐसे सभी कोचिंग सेंटरों पर सीसीटीवी और आग से बचाव के उपाय करने के सख्त निर्देश दिए हैं। [illegible] शहर के कोचिंग जोन बने राघवनगर की संकरी गलियों में स्थित सेंटरों पर जाने पर पता चला कि अधिकांश जगहों पर सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र तक नहीं हैं। छोटे-छोटे केबिन बनाकर कम जगह में ही इन्हें चलाया जा रहा है। ऐसे में यहां पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा ताक पर रहती है। इन जगहों पर शोहदे भी जुटते हैं और आने-जाने वाली छात्राओं पर छींटाकशी करते हैं। कई बार तो शोहदों या पढ़ाई छूट जाने के डर से छात्राएं कुछ कहती भी नहीं।

**एंटी रोमियो स्क्वाड भी पड़ गया सुस्त :** काफी पहले एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय किया गया था। स्क्वाड सुबह-शाम कोचिंग सेंटरों और महिला कॉलेजों के सामने गश्त कर रहा था। इससे शोहदे पकड़े भी जाते थे और उनके भीतर भय बना रहता था। पर अब यह दल भी सुस्त पड़ गया है। इसके कारण कोचिंग आते-जाते समय शोहदे कुछ जगहों पर परेशान भी करते हैं।



राघव नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर से बाहर आते विद्यार्थी। संवाद

### संचालित हो रहे सैकड़ों, पंजीकरण सिर्फ 15 का

शहर सहित जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रों में वर्तमान में बिना पंजीकरण के ही कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इनके पास पंजीकरण है या नहीं, पूछने वाला तक कोई नहीं है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार मात्र 10 से 15 संस्थान ही पंजीकृत हैं। इनमें भी कई की पंजीकरण अवधि समाप्त हो चुकी है। ऐसे संस्थान चलाने के लिए डीआईओएस कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। एक बार में तीन साल के लिए पंजीकरण होता है। विभाग सिर्फ आए आवेदन पर पंजीकरण करने तक ही सीमित है। जबकि सभी का भौतिक सत्यापन आवश्यक है जो जनपदीय अधिकारी नहीं कर रहे हैं।

**कई स्कूल वाले भी छुट्टी के बाद चलाते हैं कोचिंग :** शहर में ही कई ऐसे स्कूल हैं जो छुट्टी के बाद कोचिंग भी चलाते हैं। स्कूल के लिए मान्यता है, लेकिन इनके पास कोचिंग के लिए विभागीय पंजीकरण नहीं है। यहां के संचालक बिना डर भय के ही इनका संचालन कर रहे हैं।

लापरवाही का आलम यह है कि जनपदीय अधिकारी भी इन पर कार्यवाही करने से हिचकते हैं। बीईओ सदर विजयपाल नारायण त्रिपाठी कहते हैं कि मान्यता प्राप्त विद्यालय अगर कोचिंग भी चलाते हैं तो उन पर कार्रवाई का अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के पास होता है।

**संचालकों के हैं अपने तर्क :** राघवनगर में देवरिया [illegible] के संचालक संतोष कुमार सिंह कहते हैं कि जल्द ही वह सीसीटीवी कैमरा व अग्निशमन यंत्र लगवा [illegible] प्रद्युम्न के डायरेक्टर केशव प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि सारे मानक पूरा करने के बाद ही संस्था का संचालन [illegible] सुरक्षा के लिए उन्हें जागरूक किया जाता है।



*सैकड़ों छात्राएं हर दिन यहां कोचिंग में आती हैं। इन जगहों पर पुलिस की गश्त कभी नहीं दिखती, इससे शोहदों के हौसले बढ़ते हैं। शाम के समय संकरी गलियों से गुजरने में डर लगता है।*

**- शोभा चौरसिया**, छात्रा, उमानगर



*कोचिंग सेंटरों के पास आए दिन छेड़खानी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। शहर के कुछ स्थानों पर जाने में अब डर लगता है। यहां महिला पुलिस भी नहीं दिखती। इससे हमारे अभिभावक भी चिंतित रहते हैं।*

**- दीक्षा कुशवाहा**, छात्रा, इंदिरा नगर



*पाल्य बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अच्छे पद पर आसीन हों, यह चाह हर माता-पिता, अभिभावक की होती है। पढ़ाई बेहतर हो, इसके लिए उन्हें कोचिंग का सहारा दिलाया जाता है। संस्थान के जिम्मेदारों को सीसीटीवी कैमरा सहित सुरक्षा से जुड़े उपकरण अवश्य लगाने चाहिए, ताकि हम बेफिक्र हो सकें।*

**- अरविंद कुमार**, अभिभावक



*बेटी को पढ़ा लिखाकर ऐसा बनाना चाहती हूं कि वह नाम रोशन कर सके। पर जब कॉलेज या कोचिंग गई होती है तो उसकी सुरक्षा को लेकर हमेशा फिक्र बनी रहती है। सुनसान जगहों पर पुलिस की गश्त बढ़ानी चाहिए।*

**- संगीता सिंह**, अभिभावक

*पिछले दो साल से कोचिंग सेंटर संचालन के लिए कोई आवेदन नहीं आया है। किसी कोचिंग सेंटर को बिना पंजीकरण के ही चलाने की शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।* **- विरेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस

*मान्यता प्राप्त विद्यालय अगर कोचिंग भी चलाते हैं तो उन पर कार्रवाई का अधिकार जिला विद्यालय निरीक्षक के पास होता है।* **- विजयपाल नारायण त्रिपाठी**, बीईओ सदर

*कोचिंग सेंटर, महिला कालेज और पार्कों में महिला पुलिस सादे वेष में निरीक्षण करती हैं। जिन जगहों से शिकायतें मिलती हैं, उन जगहों पर खास निगाह रहती है। कोचिंग सेंटर संचालकों को कैमरा जरूर लगवाना चाहिए।*

**- अर्चना सिंह**, प्रभारी महिला थाना

**केस 1** शहर के कोचिंग सेंटर संचालक के भाई ने अक्तूबर 2022 में कोचिंग पढ़ने वाली एक छात्रा से छेड़खानी की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। अभी जांच चल रही है।

**केस 2** बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक स्कूल के प्रबंधक ने कक्षा छठवीं की छात्रा के साथ छेड़खानी की। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छितही बाजार निवासी प्रज्ञा सिंह पत्नी हरिप्रताप सिंह ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 4 सितम्बर की शाम घर में थे। उसी समय पड़ोसी द्वारा छत पर आये विद्युत केबल तार को तोड़ने लगे। विरोध करने पर मुक्का थप्पड़ से मारेपीटे। शोर मचाने पर वह लोग चले गये तथा जान माल धमकी दिये। इस मामले में पुलिस ने कृष्ण कुमार सिंह ऊर्फ सन्नी के खिलाफ धारा 323, 427, 452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के ग्राम अधरंगी निवासी विशाल यादव पुत्र रामसिंग ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि प्रार्थी अपने दरवाजे पर गाय, भैस को चारा खिला रहा था। तभी बगलगीर गांव के आधा दर्जन लोग लाठी डण्डा से लैस होकर आये तता गाली गुत्ता देते हुए, मारेपीटे तथा जान माल की धमकी दिये। इस मामले में पुलिस ने सन्नी यादव पुत्र जितेन्द्र ग्राम अमौनी, सुमित पुत्र दीनानाथ अमौनी, रामजतन पुत्र घनश्याम काशीपुर, गोलू पुत्र रमेश यादव हड़ही के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 452, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## जुलूस निकाल इमाम हुसैन को किया याद

रुद्रपुर (एसएनबी)। इमाम हुसैन के शहादत के 40 वें दिन गुरुवार को चेहल्लुम पर स्थानीय नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा एक ताजिया के साथ जुलूस निकालकर उनको याद किया गया। जुलूस अपने पूर्व निर्धारित स्थान से चौक से शुरू होकर पुन्नी लाल चौराहा, खजुहा चौराहा, बस स्टेशन, मेन मार्केट, जामुन चौराहा होते हुए कर्बला में पहुंचा। जुलूस में युवक या हुसैन या हुसैन का नारा लगाकर चल रहे थे।

## घटना से सचेत नहीं हो रहे सहज जन सेवा केन्द्र के संचालक

रुद्रपुर (एसएनबी)। मिनी डिजिटल बैंक के रूप में संचालित नगर व क्षेत्र में बैंकों द्वारा सहज जन सेवा केन्द्र चलाने की अनुमति प्रदान की गयी है। इसके बावजूद मानक के विपरित संचालित हो रहे जन सेवा केन्द्र। आखिर सहज जन सेवा केन्द्र के संचालक कब तक सचेत होंगें। क्योंकि अपराध करने वाले अपराधी इधर के कुछ महीनों से सहज जन सेवा केन्द्र को अपना टारगेट बनाकर लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इधर के कुछ माह में देवरिया व कुशीनगर जनपद के कई स्थानों पर सहज जन सेवा केन्द्रों में अपराधी लूट काण्ड की घटना को अंजाम दे चुके हैं। इधर रुद्रपुर व गौरीबाजार में सहज जन सेवां केन्द्र पर घटना घटित हो चुकी है। जिसका पर्दाफांस पुलिस ने अपराधी की मुठभेड़ पर की है। इसके बावजूद भी अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। हेलमेट लगाकर अपराधी सटीक घटना को अंजाम दे रहे है, इसके बावजूद भी रुद्रपुर नगर एवं क्षेत्र में कई जन सेवा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इसके लिये प्रशासन को एक बैठक कर लोगों को जागरूक करना चाहिये।

# माकपा 11 को तहसील मुख्यालय पर करेगी प्रदर्शन

सलेमपुर। धनौती ढाला की ब्रांच कमेटी की तरफ से आम सभा का आयोजन 1 से 11 सितंबर अभियान के तहत किया गया और आह्वान किया गया की 11 सितंबर को सलेमपुर तहसील मुख्यालय पर भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों, सांप्रदायिकता एवं महंगाई के खिलाफ सामाजिक भाईचारा व रोजगार सृजन और विधानसभा सलेमपुर के अंदर टूटी हुई सड़कों को बनाने की मांग को लेकर , राशन कार्ड,आवास, पेंशन और मनरेगा में बकाया भुगतान , मनरेगा का बजट वृद्धि , को लेकर एक दिवसीय धरना कर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। आम सभा का संबोधित करते हुए माकपा के जिला मंत्री जय प्रकाश यादव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में देश की आवाम भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों व अलोकतांत्रिक कार्यो से पूरी तरह उब्र चुकी है ।और युवाओं के लिए घटती नौकरियां रोजगार के अवसर सरकार की असलियत को बयां कर रहे हैं । बेलगाम बढ़ती महंगाई और युवाओं के लिए घटती नौकरियां खत्म होते रोजगार के अवसर डबल इंजन सरकार की असलियत को बयां कर रहे हैं उत्तर प्रदेश से लेकर देशभर में जहां-जहां भाजपा की सरकार हैं वहां पर फैले अराजकता , महिलाओं पर बढ़ते हमले ,मणिपुर के अमानवीय घटनाएं कश्मीर के अंदर अभी तक एक लोकतान्त्रिक सरकार का गठन ना होना ,उनके फायदे व नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए अध्यादेश के जरिए संविधान में संशोधन आदि एवं लोकतांत्रिक अधिकारों मर बढ़ते हमले संविधान के साथ छेड़छाड़ आम बात हो गई है । अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमरेड सतीश कुमार ने कहा कि खेती में भर्ती लागत उपज का उचित मूल्य न मिलाना पब्लिक सेक्टर का निजीकरण , शिक्षा व दवा को महंगा करना, सरकारी नौकरियों से छटनी, नए भर्तियों पर रोक, खाने पीने की दैनिक वस्तु ,आम आदमी के जीवन को दुश्वार बना दिया है ,सभी सरकारी दफ्तर में व्याप्त भीषण भ्रष्टाचार पुलिस ,और दलाली की मिली भगत गरीब कमजोर पीड़ित वर्ग को न्याय ना मिलना आम बात हो गई है ।

# अनियंत्रित ट्रक ने पुलिस गश्ती वाहन में मारी टक्कर, तीन पुलिसकर्मी घायल

अकटहीबाजार (एसएनबी)। पड़ोसी प्रान्त बिहार के समीपवर्ती थाना क्षेत्र के गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर स्थित जतौर बाजार में बुधवार की देर रात अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस वाहन में टक्कर मार दिया। इस दौरान पुलिस वाहन में बैठे तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहनों के टकराने की तेज आवाज सुनकर आसपास के दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान से भी जा टकराए। वहीं घटना के बाद पुलिस वाहन में फंसे एएसआई जयलाल राम सिपाही रवि कुमार सिंह और अजीत कुमार सिंह को लोगों ने बाहर निकाल। और उन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में पीएचसी पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए आरोपित ट्रक ड्राइवर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस इस घटना से साफ साफ इनकार कर रही है। ग्रामीण और पीड़ित दुकानदार ने आरोपित ट्रक ड्राइवर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। दुर्घटना में घायल पुलिस कर्मियों का ईलाज पीएचसी में चल रहा है।

# बाइक पर कूदा बंदर, सास की मौत, दामाद गंभीर

देवरिया(एसएनबी)। महुआ डीह थाना क्षेत्र के जिगनी बाजार गांव के पास बृहस्पतिवार को चलती बाइक पर एक बंदर कूद गया। बाइक सवार दामाद और सास गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को एम्बुलेंस से ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज भिजवाया, जहां डाक्टरों ने सास सिधारी देवी को मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी होते ही घर में चीख पुकार मच गई। महुआडीह थानाक्षेत्र के सवरेजी गांव निवासी राजकुमार की ससुराल कुशीनगर जिले के परसौना गांव में है। बृहस्पतिवार को वह सवरेजी अपने बेटी के घर किसी काम से आई थीं। शाम को उनके दामाद राजकुमार बाइक से उन्हें घर छोड़ने जा रहे थे। इसी बीच थानाक्षेत्र के जिगनी बाजार गांव के पास बाइक पर अचानक बंदर कूद गया। इससे सास और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को एम्बुलेंस से ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज भिजवाया, जहां डाक्टरों ने सिधारी देवी को मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी होते ही दोनों परिवारों में चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया।

# सेक्स स्कैण्डल का मुख्य साजिशकर्त्ता अभी भी पुलिस पकड़ से दूर

बरहज (एसएनबी)। देवरिया जनपद के एक कालोनी में आवास लेकर चलाये जा रहे सेक्स स्कैंण्डल का मुख्य आरोपी साजिशकर्त्ता नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान 22 दिनों बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके लोकेशन को ट्रेस कर रही है लेकिन अभी वह रेंज से बाहर है। फिलहाल पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर जाल बिछायी हुई है। जैसे ही उसने अपना अड्डा बदला वह पुलिस की गिरफ्त में आ सकता है। गौर तलब है कि सेक्स स्कैण्डल में करीब दर्जनों लोगों का रंगरेलिया मनाने के दौरान वीडियो क्लिप बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देते हुए लाखों रूपये तक कि वसूली की गयी है। रूपये के लेनदेन में मतभेद होने पर स्कैण्डल की मुख्य महिला द्वारा 7 अगस्त को पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर साजिशकर्त्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की थी। महिला के तहरीर देने के बाद ही इस प्रकरण में शामिल लोगों के होश उड़ गये। वीडियो क्लिप कहीं वायरल न हो जाय संलिप्त लोग पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पूर्व नपाध्य की तहरीर पर बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव, सुवाष चौहान व रवि चौहान के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकद्मा दर्ज करते हुए बैजनाथ व रवि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस प्रकरण की विवेचना में महिला की संलिप्तता पाये जाने पर पुलिस ने महिला के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उसे भी जेल भेज दिया। इस पूरे सेक्स स्कैण्डल का मास्टर माइन्ड सुवाष चौहान 22 दिनों बाद पुलिस की पकड़ से दूर है। क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि तफ्तीश जारी है शीघ्र ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर कांग्रेसियों ने निकाली पद यात्रा

देवरिया(एसएनबी) । शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी द्वारा निकाले गए ऐतिहासिक भारत जोड़ो पदयात्रा की वर्षगांठ के अवसर पर बृहस्पतिवार को जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली।टाउनहाल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से निकली यह पदयात्रा सुभाष चौक, बसस्टैंड, रुद्रपुर मोड़ होते हुए जिला जेल के सामने जाकर सम्पन्न हुई ।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा की राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई यह भारत जोड़ो पदयात्रा पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया।आज पूरे देश में कुछ नफरत फैलाने वाले लोग देश की एकता और अखण्डता को बिगाड़ने में लगे हैं। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगा। यात्रा में भारत यात्री के रूप मे शामिल रहे युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशवचंद यादव ने कहा कि 145 दिन तक चले कन्याकुमारी से श्रीनगर तक करीब चार हजार किलोमीटर तक की पदयात्रा कर राहुल गांधी ने एक इतिहास कायम कर दिया।किसान कांग्रेस के पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी ने यह यात्रा अपने या कांग्रेस के लिए नही ,बल्कि देश के लोगों के लिए की है, उनका उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है, जो इस देश मे लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहे हैं।महिला कांग्रेस पूर्वी जोन की अध्यक्ष शहला अहरारी ने कहा कि भाजपा के शासन में महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है । जनपद के प्रभारी प्रदेश सचिव कौशल त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी ने पदयात्रा के माध्यम से देश के आमआवाम की पीड़ा को नजदीक से परखा और जनता की पीड़ा को अपना समझ कर निजात दिलाने का काम कर रहे है। यात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह मुन्ना लारी,धर्मेन्द्र सिंह, पुरुषोत्तम नारायण सिंह,भागीरथी प्रसाद, दीनानाथ भारती, जयदीप त्रिपाठी, आनंद देव गिरि, चुन्नु, वरुण राय, नौशाद रजा, नीलेश त्रिपाठी , नागेंद्र शुक्ला, भरत मणि त्रिपाठी, दीनदयाल यादव, ड धर्मेन्द्र पांडेय, मुकुंद भाष्कर मणि त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी राजन, बदरे आलम, धर्मेन्द्र कुमार पांडेय, सत्यम् पाण्डेय, शोभा यादव, कमलेश मिश्र, टुन्नू, मार्कण्डेय मिश्र, सुनील द्विवेदी, प्रेमलाल भारती, संजय गुप्ता, दयाशंकर दूबे, उपेन्द्र प्रसाद, जुनैद हुसैन, विनोद जायसवाल, महेन्द्र अम्बेडकर, जवाहर चौहान, रोहित मिश्र, धर्मबीर भारती, विराट यादव, मनोज मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश पाल धनगर, रामअशीष साहनी, मधु शर्मा, बालचंद पटेल, ड रमाशंकर पटेल, शहनवाज जफर, पन्ना लाल पाठक, अभिनीत उपाध्याय,, रोहित यादव, मनीष रजक, विजयशंकर मिश्र आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर पदयात्रा निकालते कांग्रेसी।

# भय से खत्म नहीं होगा खिरियाबाग का किसान आंदोलन

**एनआईए की छापेमारी**

देवरिया(एसएनबी)।जन जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ड़ संजय सिंह चौहान ने कहा कि आजमगढ़ के खिरियाबाग में किसानों के चल रहे आंदोलन को खत्म कराने के लिए भाजपा सरकार के इशारे पर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राजेश चौहान आजाद के घर पर एनआईए द्वारा छापेमारी की गई है, लेकिन एनआईए के छापे से यह आंदोलन खत्म होने वाला नहीं है। यह आंदोलन अब और बड़ा होगा। डा चौहान बृहस्पतिवार को सिंचाई विभाग के डाकबंगले पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ एयरपोर्ट के लिए अधित किए गए 40 गांवों के किसानों की जमीन के मुआवजे व उनके मकानों के पूर्नवास के लिए संयुक्त किसान मोर्चा 11 महीने से आंदोलन कर रहा है, जिसका नेतृत्व जन जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ड़ रामनाथ चौहान के पुत्र राजेश चौहान आजाद कर रहे हैं। सरकार किसानों की मांग को मानने को तैयार नही है और सरकार आंदोलन को खत्म करना चाहती। डा चौहान ने कहा कि जन जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डा रामनाथ चौहान के पुत्र राजेश चौहान आजाद किसी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं हैं। वह संयुक्त किसान मोर्चा के पूर्वी क्षेत्र के संयोजक हैं। आजमगढ़ के खिरिया बाग में नेशनल एयरपोर्ट बन रहा है जिसमें 40 गांव की जमीन जा रही है साथ ही सभी गांव को उजाड़ने का प्रयास हो रहा है। गांव वालों के सहयोग से और राजेश चौहान आजाद के नेतृत्व में 11 महीने से वहां के किसानों का धरना चल रहा है। प्रेसवार्ता में जन जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीडी सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव बीरबल चौहान, प्रदेश अध्यक्ष जय नारायण चौहान आदि मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता में बोलते जन जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

# धरना 10 को

**सलेमपुर।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विद्युत कटौती के विरोध व क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर दिनांक 10 सितबंर को क्षेत्र के धनगड़ा चौराहे पर दिन में 3 बजे से सपा के पूर्व विधायक स्वामीनाथ भाई के नेतृत्व में धरना सभा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व विधायक स्वामीनाथ भाई ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

# मकान व एक निजी अस्पताल पर छापेमारी

**सलेमपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे भठवा धरमपुर वार्ड स्थित एक रिटायर एएनएम के आवास में अस्पताल संचालित होने की सूचना पर उप जिलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। जहां दर्जनों की संख्या में मरीज व सरकारी सप्लाई की दवा मिलने पर संचालिका के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दी। वहीं अन्य दो नर्सिंग होम की जांच में रजिस्ट्रेशन संबंधित कोई अभिलेख नहीं मिला। उप जिलाधिकारी सीमा पांडेय, नायब तहसीलदार गोपालजी, चिकित्सा अधीक्षक ड़ अतुल कुमार ने उप नगर के भठवा धरमपुर में एक रिटायर्ड एएनएम के घर में अवैध अस्पताल संचालित होने व गर्भपात केंद्र संचालित होने की शिकायत मिलने पर वहां छापेमारी की। मौके पर रिटायर्ड एएनएम उर्मिला तथा 8 से 10 की संख्या में महिलाएं मिली। पूछने पर अधिकांश ने इलाज कराने की बात स्वीकार की। जांच के दौरान घर में ही सरकारी अस्पताल की दवा मौके पर पाई गई। वहीं कई मरीजों की पर्ची पर अस्पताल के समीप बिना लाइसेंस के चल रहे दुकान से दवा खरीदे जाने के लिए पर्चा लिखा पाया गया। एसडीएम ने आवासीय मकान होने के चलते अस्पताल को सीज नहीं की। चिकित्सा अधीक्षक से कार्रवाई करने का निर्देश दी।

# ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गौरीबाजार।** देवरिया गोरखपुर मार्ग बैतालपुर चौकी के समीप ट्रक के चपेट में आने से एक 23 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई ,घटना कर भाग रहे ट्रक को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ लिया ,मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारीनुसार गौरी बाजार थाना क्षेत्र के जंगल कटाई गांव निवासी अमरनाथ मौर्य पुत्र लल्लन गुरुवार को बाइक से देसई भरवा गया था ,गुरुवार रात वहां से बाइक से वापस आ रहा था ,अभी वह देवरिया गोरखपुर मार्ग बैतालपुर चौकी के समीप पहुंचा था ,कि देवरिया से गोरखपुर की तरफ जा रहे हैं एक ट्रक के चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई ,वही भाग रहे ट्रक को पुलिस ने गौरी बाजार रामपुर चौराहे पर नाकेबंदी कर पकड़ लिया।

# तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ,मिश्रौली कोइलार में एक युवती के साथ मारपीट व छेड़खानी करने के आरोप में पुलिस ने तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि सोनभ्रद जनपद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि मिश्रौली कोइलार के पास उसको तथा उसकी चचेरी बहन को तीन अज्ञात लोग पीछा करने लगे चाकू दिखाकर डराते हुए मारपीट किए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन अज्ञात के विरुद्ध धारा 232, 354 (ग) तथा 506 के तहत केस दर्ज किया है।

# बेटी से मिलने पहुंचे पिता व भाई को पीटने वालों पर केस

- बनकटा क्षेत्र के जैतपुरा गांव के हरिशंकर समेलपुर कस्बे में करते है निवास
- शादी के मायके नहीं आई थी बेटी, आने की सूचना पर मिलने चले गए चेरो गांव

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। विवाहिता के पिता व भाई की पिटाई के मामले में ससुराल पक्ष के छह लोगों पर केस दर्ज किया है। बेटी से मिलने पहुंचे पिता और भाई की ससुरालियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी थी।

बनकटा थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव के मूल निवासी हरिशंकर शर्मा पुत्र स्व वंशराद शर्मा वर्तमान में सलेमपुर के सुगही वार्ड नं. 6 में मकान बनवा रहते है। हरिशंकर ने अपनी बेटी नंदनी की शादी वर्ष 2013 में कोतवाली क्षेत्र के चेरो गांव निवासी विपिन कुमार के साथ किया था। शादी के बाद नंदनी विदा होकर ससुराल आ गयी। शादी के कुछ दिन बाद नन्दनी को उसके पति विपिन कुमार सोनभद्र लेकर चले गये। शादी के बाद नंदनी कभी मायके नही आई है। पिता से बेटी को ससुराल वाले फोन पर बात करने देते हैं और न ही कभी मिलने दिए। 8 सितंबर 2022 को नंदनी अपनी ससुराल चेरो आयी तथा फोन से आने की सूचना मायका में दी। बेटी की फोन आने के बाद हरिशंकर शर्मा बेटे अंगद के साथ बेटी नंदनी से मिलने 10 सितंबर 2022 उसकी ससुराल पहुंचे। वहां ससुराली उन्हें बेटी से नहीं मिलने दिए। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डण्डा, लात-मुक्का थप्पड़ से मारने-पीटने लगे। बेटी नन्दनी को देने के लिए ले गये कपड़ा मिठाई व 5 हजार रुपया मार पीटकर जबजस्ती छीन लिए तथा भिखारी कहकर अपमानित किये। बेटा अगंद बचाने आया तो उसे भी मार पीटकर घायल कर दिया। हरिशंकर शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। लेकिन स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया तो एसपी के यहां पहुंचकर तहरीर दी। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चेरो गांव निवासी जयप्रकाश शर्मा पुत्र गणेश, विपिन, बृजेश, वीरेंद्र पुत्र जयप्रकाश, नीलम पत्नी वीरेन्द्र, किरण पत्नी बृजेश व रंजीता पुत्री जयप्रकाश के खिलाफ धारा 147, 504, 506, 323, 392 के तहत केस दर्ज किया है।

शहर से लेकर गांवों तक से मेले में आए श्रद्धालु, नगरपालिका और पुलिस लाइन में लगा है मेला

# पुलिस लाइन व थानों में रही जन्माष्टमी की धूम

**आयोजन**

देवरिया, निज संवाददाता। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम गुरुवार को पुलिस लाइन से लेकर थानों तक रही। हर जगह डोल रखे गए और भगवान की विभिन्न मुद्राओं और क्रीड़ाओं की झांकी सजाई गई। गांव से लेकर शहर तक के लोग मेला देखने उमड़ पड़े। लोगों की भीड़ से मेले में रौनक भरी रही। खाने पीने की चीजों से लेकर खिलौने और घर गृहस्थी, साज शृंगार तक की चीजें खरीदने को लोग उत्सुक रहे। शहर के श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में स्वामी राजनारायणाचार्य के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जयंती समारोह का आयोजन हुआ।

पुलिस लाइन मंदिर में सजे भव्य डोल को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चे, महिलाएं, युवक व युवतियों का दल मेले में आता जा रहा था। मंदिर के सामने की सड़क पर लगे मेले में हजारों की संख्या में लोग समाते चले जा रहे थे। मंदिर परिसर में सजे सुंदर भव्य डोल देखने लोग एक एक कर पहुंचते रहे। बच्चे सुंदर सजीली झांकी देखकर मंत्रमुग्ध हो एकटक निहारते जा रहे। वहीं बड़े श्रद्धा पूर्वक भगवान श्रीकृष्ण को प्रणाम कर आगे बढ़ते रहे। इस बीच मंदिर के पुजारी नारायण मणि उन्हें टीका लगाकर प्रसाद दे आशीर्वाद देते रहे। लोग प्रसाद को माथे से लगाकर ग्रहण कर ले रहे थे। नगरपालिका परिषद में भी यही दृश्य था। वहां सजी भव्य झांकी, भगवान श्रीकृष्ण का कालिया मर्दन का दृश्य और मथुरा जेल का दृश्य लोगों को खूब भाया। बच्चे यहां सजे बंदरों को देखकर चहक उठे।

**खाने-पीने की दुकानों पर रही भीड़:** पुलिस लाइन मंदिर के बाहर लगी खाने पीने की दुकानों पर खूब भीड़ रही। चाट, फुलकी, जलेबी आदि की परंपरागत खाने की दुकानों पर लोग टूट पड़े। वहीं बच्चों की पसंद आधुनिक चटपटे व्यंजन रहे। मोमोज, बर्गर, पास्ता, चाउमिन आदि व्यंजनों पर खूब जोर बच्चों का रहा। नाश्ते के बाद जूस और कोल्ड ड्रिंक भी लोगों ने लिया।

**खिलौने के लिए मचले बच्चे:** मेले में खिलौनों की कई दुकानें सजी थीं। इन दुकानों पर बांसुरी, बंदूकें, मोटरकार, पानी का जहाज समेत कई प्रकार के खिलौने सजे हुए थे। मेले में आए बच्चे इन दुकानों को देखकर ठिठक जा रहे थे। अभिभावक उन्हें आगे बढ़ने को कहते पर वह टस से मस नहीं हो रहे थे। आखिरकार अभिभावकों को बच्चों की इच्छा के आगे नतमस्तक होना पड़ा। उनकी पसंद के अनुसार खिलौने खरीदने को विवश हो गए। वहीं कुछ बच्चों की पसंद अभिभावक की जेब से मेल नहीं खाई तो वह बच्चों को मनाकर दूसरा खिलौना खरीदे।



श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में गुरुवार को जन्माष्टमी बधाई गीत गाते श्रद्धालु, साथ में श्रीकृष्ण की वेशभूषा में नृत्य करते कलाकार।

### तिरुपति बालाजी मंदिर में गूंजे बधाई गीत

श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में गुरुवार को दोपहर में भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण के उपलक्ष्य में बधाई गीत का आयोजन हुआ। इस अवसर पर राधा व कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति दी। मंदिर के संस्थापक स्वामी राजनारायणाचार्य के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक बधाई गीत गाए गए। इस अवसर पर प्रदीप जी आदि उपस्थित रहे।

### मेले में झूले पर बच्चों को मिली मौज

पुलिस लाइन में सड़क किनारे लगे मेले में दूर दराज से आए दुकानदारों ने चरखी, जंपिंग झूला, झूला आदि लगा रखा था। मेले में बड़ों के साथ आए बच्चे इन जगहों को देख खेलने को मचल उठे। अभिभावकों से मान मनुहार कर बच्चे खेलने का मौका पा जा रहे थे। कोई झूला पर आनंद ले रहा था, तो कोई चरखी पर मजे कर रहा था। तो किसी ने जंपिंग झूला पर खूब उछल कूद कर आनंद लिया।

## गाजे-बाजे के साथ निकला डोल जुलूस

- सजीव झांकियां और सजावटी डोल रहे आकर्षण में केन्द्र में
- चौक वार्ड की झांकी चन्द्रयान, ताड़का वध की खूब हुई सराहना

लार, हिन्दुस्तान संवाद। लार कस्बे में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का डोल जुलूस गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस मुस्तैद रही। जुलूस निकलने से पूर्व एसपी संकल्प शर्मा ने डोल के रास्ते का खुद निरीक्षण किया।

जुलूस में आगे डीजे की धुन व थिरके से थिरकते लोगों के हुजूम इस जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। लार के पुराने पोस्ट ऑफिस रोड से बकासुर और द्रौपदी चीर हरण की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं चौक वार्ड में चन्द्रयान और ताड़का वध की झांकी भी सराहनीय रही। देवरिया जनपद के लार में निकलने वाले डोल मेला को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु घंटों इंतजार करते नजर आए।

लार में डोल जुलूस कस्बे के मुख्य तिराहे से शुरू होकर चौक वार्ड तक पहुंचा। चौक में हरिजन बस्ती, पिपरा, पकड़ी व अन्य स्थानों के डोल यहां एकत्र हुए, डोल के साथ आयोजक व श्रद्धालु नाचते गाते मुख्य तिराहे तक पहुंचे। जहां पारी, सोनारटोली, नेतिक टोला समेत अन्य स्थानों के डोल जुलूस के साथ आकर मुख्य तिराहे पर मिलान किये। पुनः जुलूस का लम्बा काफिला मुख्य तिराहे से गांधी मार्केट, युसुफ रोड के रास्ते होते हुए शास्त्री नगर, कोईरी टोला मार्ग से चौक में पहुंचा। जहां डोल की आरती कर मेले का समापन राधा रमण सिंह के बेटा पन्ना सिंह ने किया। पूरे जुलूस में डीजे पर बज रहे गीत पर युवा थिरकते नजर आए।

### चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस एसपी ने लिया जायजा

जुलूस निकलने के पूर्व एसपी संकल्प शर्मा व उनकी टीम ने जुलूस रूट का जायजा लिया। पुलिस के जवान व पीएसी रास्ते के चप्पे चप्पे पर तैनात रही। वहीं जुलूस समाप्ति होने तक नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह व राजस्व टीम मौके पर जमे रहे। थानाध्यक्ष लार कपिल देव चौधरी समेत अन्य संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की गई। जुलूस में तमाम समाजसेवियों ने लोगों के लिए प्याऊ की व्यवस्था किए थे। जिसमें मनीष जायसवाल समाजसेवी ने लार चौक और मुख्य मार्ग पर बीआर मेडिकल के पास प्याऊ की व्यवस्था की थी।

# धनगड़ा चौराहे पर धरना 10 को

सलेमपुर। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विद्युत कटौती के विरोध व क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर 10 सितबंर को क्षेत्र के धनगड़ा चौराहे पर सपा के पूर्व विधायक स्वामीनाथ भाई के नेतृत्व में धरना का आयोजन किया गया है। यह जानकारी पूर्व विधायक ने गुरुवार को दी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से धरने में शामिल होकर इसको सफल बनाने की अपील किया है।

# कोचिंग पढ़ने गया किशोर गायब, केस दर्ज

सलेमपुर। दो दिन पूर्व कोचिंग पढ़ने गया किशोर गायब हो गया था। पुलिस मामले में केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर गौरी गांव निवासी परमात्मा सहाय ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनका बेटा आदित्य (13) घर से 5 सितम्बर को डेढ़ बजे कोचिंग में पढ़ने निकला लेकिन कोचिंग से वापस घर नहीं आया। खोजबीन किये लेकिन वह कही नहीं मिला।

# प्रेमी युगल पुलिस के हत्थे चढ़े, साथ रहने पर अड़े

कपरवार। बरहज थाना क्षेत्र के कपरवार तिराहे पर एक प्रेमी युगल गुरुवार शाम को पुलिस के हाथ लग गए। दोनों मन्दिर में शादी कर लेने का दावा कर साथ रहने पर अड़े हुए है। पुलिस ने दोनों के घर वालों सूचना दी है। देर रात तक परिजन अभी पहुंचे नहीं थे। शाम को एक ऑटो में बैठकर एक किशोर और किशोरी कही भागने की फिराक में थे। उनकी बातचीत से साथी यात्रियों को शक हुआ तो उन्होंने कपरवार चौकी पर पुलिस को सूचना दी।

# पहले रुपये मांगे और फिर बोली बच्चा मर गया

बरियारपुर (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। देवरिया के बरियारपुर क्षेत्र में न्यू पीएचसी पर प्रसव के बाद उमरावती के जुड़वा बच्चों में से एक को इलाज के बहाने गांव की आशा अस्पताल से ले गई। अगले दिन प्रसूता के पति राहुल के चाचा हरिहर ने बच्चे के बारे में पूछा तो आशा ने कहा कि बच्चे की दवा पर काफी रुपये खर्च हुए हैं। पैसे लेकर आइए तब बच्चा मिलेगा।

इसके कुछ देर बाद ही उसने उमरावती के परिजनों को फोन कर बताया कि बच्चे की मौत हो गई है। इस पर परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। उन्होंने वहां पता किया तो इस बाबत कोई जानकारी नहीं मिली। इस पर उन्होंने बरियारपुर पुलिस को तहरीर देकर आशा द्वारा बच्चे के अपहरण की शिकायत की। पुलिस ने छानबीन के बाद गुरुवार की शाम तरकुलवा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से आशा कार्यकर्त्री की बहन के घर से बच्चे को बरामद कर लिया। उमरावती देवी का आरोप है कि आशा ने बच्चे को अपनी बहन को बेच दिया था। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

> तरकुलवा क्षेत्र में आशा कार्यकर्त्री की बहन के घर से बच्चा बरामद कर अपहरण का केस दर्ज किया गया है। आशा कार्यकर्त्री ने बच्चे को बेचा था अथवा ऐसे ही बहन को दे दिया था, इसकी जांच की जा रही है।
>
> श्रीयश त्रिपाठी, सीओ, सलेमपुर

# तीन संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया

## पूछताछ

देवरिया, निज संवाददाता। गुरुवार की रात श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मेले में नगर पालिका रोड से तीन संदिग्ध महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस महिलाओं से पूछताछ कर रही है, हालांकि उनके पास से कोई चेन या अन्य सामग्री बरामद नहीं हुआ।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार की शाम से ही नगर पालिका रोड के मेले में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। भीड़ को देखते हुए पुलिस भी काफी सतर्कता बरत रही थी। रात करीब 8:30 बजे नगर पालिका में लगे मेले में कुछ महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध दिखी। पुलिस कर्मियों ने उनकी गतिविधियों को देखने के बाद तीनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया। महिलाओं के चैन स्नेचर होने का संदेह है। पुलिस तीनों महिलाओं से महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पूछताछ की जा रही है। तीनों महिलाएं सलेमपुर क्षेत्र की रहने वाली है। सदर कोतवाल दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जन्माष्टमी के मेले में नगर पालिका रोड के पास तीनों महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध देखते हुए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उनके पास से न कोई सामान मिला है न ही किसी ने चेन स्नेचिंग की घटना होने की शिकायत की है।

### जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने प्रेसवार्ता कर आंदोलन की दी चेतावनी

# एनआईए ने संयुक्त किसान मोर्चा के सचिव को लखनऊ तलब किया

देवरिया, निज संवाददाता। देवरिया शहर के उमानगर के रहने वाले और संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ के जिला सचिव राजेश चौहान को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 11 सितंबर को लखनऊ तलब किया है। एनआईए ने 5 सितंबर को राजेश चौहान के घर पर छापेमारी कर नौ घंटे तक पूछताछ की थी। वहीं इस मामले में जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सचिव ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर आंदोलन की चेतावनी दी है।



मीडियाकर्मियों से बात करते जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान व राष्ट्रीय सचिव व राजेश चौहान के पिता डॉ. रामनाथ चौहान व अन्य।

छापेमारी के बाद एनआईए ने राजेश चौहान को नोटिस जारी कर 11 सितंबर को लखनऊ बुलाया है। इस मामले को लेकर गुरुवार को जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान व राष्ट्रीय सचिव डॉ. रामनाथ चौहान ने देवरिया के सिंचाई विभाग डाक बंगले पर संयुक्त प्रेसवार्ता की। इसमें डॉ. रामनाथ ने कहा कि 5 सितंबर को सुबह एनआईआए की टीम ने उनके घर पर छापेमारी की। उस समय वह बाहर टहलने निकले थे। एनआईए की टीम ने परिवार के सभी छः मोबाइल स्विच ऑफ करा दिए थे। करीब नौ घंटे तक जांच और पूछताछ के बाद भी कुछ नहीं मिला। राजेश आजमगढ़ में एयरपोर्ट की जमीन को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं तथा वह संयुक्त किसान मोर्चा के पूर्वांचल संयोजक भी हैं।

डॉ. रामनाथ ने कहा कि किसानों के हक में आंदोलन करने व सपोर्ट देने पर उत्पीड़न करने के साथ देशद्रोही करार दिया जा रहा है। सरकार उनके बेटे को नक्सलवादी घोषित कर सकती है। इससे पुलिस अधीक्षक को लिखित रूप से अवगत करा चुका हूं। जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव संजय चौहान ने कहा कि सीबीआई, एनआईए, ईडी, आईबी भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रही है।

आजमगढ़ के किसानों का आंदोलन 11 महीने से लगातार चल रहा है। सरकार नहीं चाहती है कि किसान उनके खिलाफ खड़ा हो। राजेश का मनोबल तोड़ने को उनके घर पर छापेमारी की गई। लेकिन सरकार की हर कार्रवाई का जवाब जनवादी व साम्यवादी संगठन मिलकर देंगे।

## ये है पूरा मामला

एनआईए की टीम ने 5 सितंबर को सुबह 5 बजे से पौने दो बजे तक राजेश चौहान के घर जांच, पड़ताल की। करीब नौ घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान एनआईए ने राजेश चौहान के साथ ही उनकी पत्नी चंदावती से भी पूछताछ की। इसके बाद टीम राजेश के सिम समेत दोनों मोबाइल, एसडी कार्ड, विभिन्न नंबर लिखी सात पॉकेट डायरी, 12 किताबें, एक दर्जन पत्रिकाओं के अंक, कुछ टेबलॉयड अखबार, आंदोलनों से संबंधित पंफलेट, पर्चे साथ लेकर गई। टीम ने उनकी बैंक पासबुक की भी जांच की। उसमें कुछ हजार रुपये पाए गए। जो सामान टीम ले गई, उसकी रिसीविंग भी राजेश को दी। उस पर अधिकारियों के अलावा राजेश के भी हस्ताक्षर हैं। हालांकि, अब राजेश आजमगढ़ चले गए हैं। वहां ट्यूशन पढ़ाने के साथ ही किसानों के आंदोलन की अगुवाई भी करते हैं। छापेमारी की कार्रवाई राजेश के आजमगढ़ के बैरमपुर गांव स्थित ससुराल में भी हुई थी।

# देवरिया में आशा ने मासूम को मृत बता किया गायब

- पुलिस ने आशा की बहन के घर से बच्चे को बरामद किया
- बरियारपुर की महिला का था बच्चा, अपहरण का केस

बरियारपुर(देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। देवरिया के बरियारपुर क्षेत्र में न्यू पीएचसी पर प्रसव के बाद महिला के जुड़वां बच्चों में से एक को इलाज के बहाने गांव की आशा कार्यकर्त्री ने गायब कर दिया। परिजनों से कहा कि बच्चा मर गया। अपहरण कर बच्चे को बेचने की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को आशा कार्यकर्त्री की बहन के घर से बच्चे को बरामद कर लिया। उस पर अपहरण का केस दर्ज किया गया है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरइठा टोला चौबरियापट्‌टी की रहने वाली गर्भवती उमरावती देवी का पति राहुल बाहर रहता है। प्रसव पीड़ा होने पर गत 3 सितंबर को वह गांव की आशा कार्यकर्त्री सुभावती के साथ न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशुनपाली गई। वहां उसने जुड़वां बेटों को जन्म दिया था। उनमें से एक बच्चे के चेहरे पर कुछ घाव थे। आशा ने यह कहकर बच्चे को ले लिया कि वह मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने जा रही है और फिर बताया कि बच्चे की मौत हो गई है। > आशा ने रुपये मांगे P03

# आशा कार्यकर्ता ने नवजात का किया अपहरण, बरामद

- बरियारपुर थाना के बरइठा के चौबरिया पट्‌टी का मामला
- आशा कार्यकर्ता के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, गिरफ्तार

जासं, देवरिया: जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना को आशा कार्यकर्ता ने अंजाम दिया है। महिला को जुड़वा बच्चा पैदा होने के बाद आशा कार्यकर्ता ने उसके एक बेटे का ही अपहरण कर लिया और अपनी बहन के घर भेज दिया।

गुरुवार को पुलिस के सक्रिय होने के बाद अपहृत नवजात बरामद कर लिया गया। इस मामले में आशा कार्यकर्ता के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

बरियापुर थाना के बरइठा टोला के चौबरिया पट्‌टी की रहने वाली उमरावती देवी पत्नी राहुल को रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशुनपाली में दो बच्चे जन्म लिए। जिसमें से एक बच्चे के चेहरे पर थोड़ी दिक्कत दिख रही थी। अकेली उमरावती देवी को विश्वास में लेकर गांव की आशा सुभावती पत्नी रामदयाल ने बच्चे का उपचार महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कराने का झांसा देते हुए उस बच्चे को लेकर चली आई। सोमवार को जब राहुल के चाचा हरिहर ने बच्चे की कुशलता के बारे में आशा कार्यकर्ता से पूछताछ की तो उसने बताया कि रुपया लेकर आइए और दवा का रुपया जमा करिए। तभी बच्चा मिलेगा। इसके बाद उसने बच्चे की मृत्यु होने की बात बताई। साथ ही उसका अंतिम संस्कार भी कर देने का दावा करने लगी।

यह बात स्वजन को खटकने लगी। स्वजन पहले तो उससे पूछताछ किए। बाद में पता कराने लगे। गुरुवार को पता चल गया कि वह अपनी बहन के घर नवजात को रखी है। इसके बाद स्वजन पुलिस को सूचना दिए। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई और गोपालपुर से आशा कार्यकर्ता की बहन के घर से नवजात को बरामद कर लिया गया।

> आशा कार्यकर्ता ने नवजात का अपहरण किया था, नवजात को बरामद कर लिया गया है। आशा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। बच्चे को सीडब्ल्यूसी के संरक्षण में रखा गया है।
>
> श्रीयश त्रिपाठी, सीओ, सलेमपुर

# मध्य प्रदेश पुलिस ने आरोपित के घर चस्पा किया नोटिस

जासं, लार: मध्य प्रदेश के ग्वालियर के डबरा जिले में अपहरण के मामले में शामिल एक आरोपित की गिरफ्तारी के लिए गुरुवार को ग्वालियर पुलिस लार पहुंची। हालांकि आरोपित नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस उसके दरवाजे पर न्यायालय का नोटिस चस्पा कर लौट गई।

लार के तिलौली गांव का रहने वाले नागेंद्र जाटव पुत्र शिव कुमार जाटव के विरुद्ध डबरा जिला में अपहरण का मुकदमा दर्ज है। कई बार पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद न्यायालय से उसके विरुद्ध वारंट जारी हो गया। वारंट का नोटिस लेकर डबरा जिला की पुलिस लार पहुंची। लार पुलिस के सहयोग से आरोपित के घर दबिश भी दी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

लार के प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि ग्वालियर से अपहरण के मामले में पुलिस आई थी। आरोपित नहीं मिला है। दरवाजे पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

# सुरक्षा के बीच निकला चेहल्लुम का जुलूस

जासं, सलेमपुर: उपनगर व मझौलीराज में मुस्लिम समुदाय द्वारा चेहल्लुम के मौके पर सुरक्षा के बीच मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस में ताजियादार बड़े मियां, इम्तियाज़, आहशन खान, शमीम, महबब, पैजान अपने ताजिया के साथ निजामा मस्जिद से होते हुए विभिन्न मुख्य मार्ग पर करतब दिखाते हुए मुख्य चौराहे पर पहुंचे। इस दौरान मझौलीराज पहुंचे अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर, तहसीलदार अलका सिंह, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अपहरण की साजिश रचने वाला नहीं चढ़ सका पुलिस के हत्थे

जासं, देवरिया: मौसेरे भाई की हत्या की सजा से बचने को खुद के अपहरण की साजिश रचने वाले आरोपित को एक माह बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस की जांच में मिले साक्ष्य से आरोपित के नेपाल में छिपे होने की पुष्टि हो रही है। पुलिस अधिकारी जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लेने का दावा कर रहे हैं।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के राउतपार के रहने वाले मुकेश सिंह पुत्र कौशल किशोर सिंह ने सात अगस्त को देवरिया मीर चौराहे के समीप से अपने अपहरण की सूचना लोगों के माध्यम से पुलिस तक पहुंचाई। पुलिस ने सीसी कैमरे के फुटेज की जांच की तो पता चला कि मुकेश का अपहरण नहीं, बल्कि उसने खुद ही अपहरण की साजिश रची है। इस मामले में सहयोग करने वाले मईल के तेलिया कला का रहने वाला रामसिंगार यादव व बरहज के अमांव गांव का रहने वाला अखंड यादव को पुलिस ने उसी दिन गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दी। इसके बाद से ही पुलिस आरोपित मुकेश की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि गोरखपुर में वह सोनौली जाने वाली बस में बैठते हुए नजर आया है। इसकी सीसी फुटेज के माध्यम से पुष्टि हो रही है। इसके बाद से ही उसका मोबाइल बंद है। परिवार के किसी सदस्य से वह बात करने का भी प्रयास नहीं किया है, जिससे पुलिस उसके पास तक पहुंच सके। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि टीमें लगी हैं। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लार में धूमधाम से निकला डोल मेला, उमड़े श्रद्धालु

जासं, लार: स्थानीय कस्बे का ऐतिहासिक डोल मेला गुरुवार को धूमधाम से निकाला गया। रात में डोल मिलान व आरती के साथ संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में डोल मेला में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। शाम को मठ वार्ड से निकाला गया डोल मेला सबसे पहले चौक पर गया। वापस आकर बाजार तिमुहानी पर रुक गया।

सोनराखारी का डोल स्टेट बैंक के सामने रुक गया। घारी का डोल लखु मोड़ से आगे बढ़ा तो उसके पीछे सोनराखारी का डोल व अन्य डोल जुलूस और डीजे के साथ बाजार चौराहा पहुंचा। उसके बाद पहले से रुके हुए सभी डोल एक साथ यूसुफ रोड से होते हुए चौक पर पहुंचे। चौक में पन्ने लाल सिंह के दरवाजे पर सभी डोल व झांकियों का मिलान हुआ। उसके बाद उनकी आरती उतारी गई। जुलूस में सनातन धर्म के झंडे के साथ तिरंगा झंडा लिए युवक चल रहे थे। वहीं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने डोल के रास्तों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

डोल जुलूस के रास्तों में जगह जगह मटके बंधे थे। जिन्हें युवकों ने पिरामिड बनाकर एक दूसरे के कंधे पर चढ़कर दही भरी मटकी फोड़ी। सोनराखारी में सबसे ऊंची मटकी फोड़ने वाले गोविंदा टोला को स्वामी आनंद स्वरूप ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कस्बा के दस डोल लार के जुलूस में शामिल रहे जबकि कई अन्य जगह डोल रखे गए थे लेकिन वे जुलूस में सम्मिलित नहीं हुए वहीं घरों में ही आरती कर रख दिए गए। सराफा रोड के कई बच्चों ने झांकियां भी सजाई जो जुलूस में आकर्षण का केंद्र बने रहे। चौक में सुबह से ही मेला लगा रहा। बच्चे और महिलाएं मेला देखने के लिए उत्साहित रहे और बड़ी संख्या में पहुंचे। सुरक्षा को लेकर पुलिस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही।



लार में मेला में भगवान की झांकी का दृश्य • जागरण



लार में डोल मेला में शामिल श्रद्धालु • जागरण

**लार में 12 जगह रखे गए डोल :** लार : जिले के लार में डोल मेला लगता है। लार में अंग्रेजों के जमाने से वर्ष 1918 से डोल मेला की परंपरा है। इस वर्ष 105 वां डोल मेला रखा गया। लार में भरटोलिया वार्ड, चौक वार्ड, घारी वार्ड, चनुकी मोड़, सोनराखारी, नौनिया टोला, बौली, बौली, मठवार्ड कस्बा लार, कोईरी टोला, रामनगर, शंकर जी का मंदिर धुरिया टोला सहित कई जगह पर डोल रखे गए।

Latest Jobs
JAGRAN josh
www.jagranjosh.com

UPSSSC: 277 स्टेनोग्राफर पद

# किशोरी के साथ अश्लील हरकत

**देवरिया :** सदर कोतवाली के एक गांव की रहने वाली किशोरी ने पड़ोस एक युवक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। देर शाम तक इस मामले में मुकदमे की कार्रवाई नहीं हो सकी थी। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-09-2023

# लापता बालिका को पुलिस ने परिवारीजनों को सौंपा

विशुनपुरा। ट्विटर मैसेज से सक्रिय हुई पुलिस ने बुधवार सुबह लापता हुई मन्द बुद्धि की बालिका को 16 घंटे के बाद सोशल मीडिया की मदद से बरामद कर परिवारीजनों को सुपुर्द कर दिया। इस सफलता पर लोग जटहा बाजार पुलिस की प्रशंसा कर रहे हैं। जटहा बाजार थाना क्षेत्र के हिरनही गांव के टॉवर स्थित मधुबनी रामनगर चौराहे पर बुधवार शाम 4 बजे एक 14 वर्षीय बालिका रोती बिलखती दिखाई दी। चौराहे के लोगों ने उससे उसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया।

# पुलिस ने 5 वारंटियों को गिरफ्तार किया

पडरौना। कुबेरस्थान थाने के दरोगा पंकज कुमार, सिपाही रणजीत बहादुर सिंह, आशीष गुप्ता व आनन्द गुप्ता ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुरूवार को शमशुल, सरफराज, अजीज व गुलाम निवासी बढवलिया थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं कुबेरस्थान थाने के दरोगा पंकज कुमार व सिपाही केशव चौहान ने गुरूवार को वारंटी वकील सिंह निवासी सिकटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# ट्रैक्टर-ट्राली लूट में चोरी का केस दर्ज

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कोरया-शाहपुर उचकीपट्टी मार्ग पर स्थित ग्राम सभा जंगल शंकरपुर टावर के समीप टाटा मैजिक सवार बदमाशों द्वारा ड्राइवर को बंधक बना कर ट्रैक्टर-ट्राली लूट लिए जाने के मामले में गुरूवार को पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

पुलिस की पांच टीमें इस मामले का खुलासा करने में जुटी हैं। पुलिस शीघ्र मामले का पर्दाफाश करने की दावा कर रही है। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के कोकिलपट्टी गांव निवासी नागेंद्र गोंड पुत्र बलवंत गोंड इसी थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी परमहंस कुशवाहा की ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाता है। इस संबंध में एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि तुर्कपट्टी में हुई घटना कुछ संदिग्ध है। उसका खुलासा करने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीम युद्ध स्तर पर काम कर रही है। शीघ्र मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना । तुर्कपट्टी थाने के दरोगा वेद प्रकाश, सिपाही वरुण कुमार व जया देवी ने अपहरण व दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने अभियुक्त शम्स तबरेज आलम निवासी सरिसवा थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कमलेश हत्या काण्ड की जांच में एक और आरोपी चिह्नित

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुंडेरा खागी निवासी ई. कमलेश सिंह हत्याकांड के मामले में हाटा कोतवाली पुलिस ने जांच के एक और आरोपी को चिह्नित किया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

पिछले पांच अगस्त की देर शाम पुरानी रंजिश में मुंडेरा खागी निवासी ई. कमलेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता राधेकृष्ण सिंह की तहरीर पर पांच नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में मुख्य हत्यारोपी ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र पासवान व पिता सुखदेव, माता पूर्व ब्लॉक प्रमुख ईसरावती देवी, भाई हरेंद्र पासवान तथा रिश्तेदार भरत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब पुलिस अज्ञात आरोपियों को चिह्नित कर कार्रवाई में जुटी है। इनमें एक युवक का जांच के दौरान नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसका नाम भी भी हत्या के आरोपियों में शामिल करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास जुटी है।

# पूर्व प्रधान के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज

विशुनपुरा, हिन्दुस्तान संवाद। विशुनपुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत विशुनपुरा बुजुर्ग के पूर्व ग्राम प्रधान के खिलाफ गांव की एक महिला की तहरीर पर जटहा बाजार पुलिस ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। ससे नाराज प्रधान संगठन ने गुरुवार को जटहा थाने पहुंच कर मामले को फर्जी करार देते हुए थानाध्यक्ष को पत्रक सौंप कर निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्रवाई करने की मांग की है ।

एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर विशुनपुरा बुजुर्ग के पूर्व प्रधान आजम अंसारी पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। एसपी के निर्देश पर जटहा बाजार थाने में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया। इसकी सूचना मिलने पर प्रधान संगठन गुरुवार को जटहा थाने पहुंच गया और पुलिस को पत्रक देकर बताया कि पिछले दो सितम्बर की शाम दो पक्षों की महिलाओं में बच्चों को लेकर विवाद हुआ। इसको लेकर एक पक्ष की महिला द्वारा पडरौना महिला थाने में तहरीर दे दी ' इसकी जानकारी होने पर दूसरे पक्ष की महिला ने जटहा बाजार थाने में तहरीर दी ' मामला पंचायत तक पहुंचा तो पूर्व प्रधान आजम अंसारी ने समझौता कराने का प्रयास किया। इसके बाद की महिला ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर पूर्व प्रधान पर छेड़खानी का आरोप लगा दिया। पत्रक देने वालों में ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता, लल्लन गुप्ता, अशोक कुमार, आद्या राय, अनिरुद्ध यादव, नगई राजभर, मोहन कुशवाहा, उमाशंकर मिश्रा, अरविंद कुमार, उदयभान मद्धेशिया आदि शामिल रहे ' इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि महिला की तहरीर पर छेड़खानी का मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है ।

# ऑडियो वायरल होने पर खड्डा थाने का चालक सस्पेंड

## कार्रवचाई

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाने के वाहन चालक का लकड़ी तस्कर से बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रथम दृष्ट्या वारयल ऑडियो के आधार पर चालक कपिल यादव को दोषी मानते हुए उसे एसपी ने सस्पेंड कर दिया है। इसी के साथ विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

सोशल मिडिया पर गुरुवार को खड्डा थाने पर तैनात सिपाही चालक कपिलदेव यादव का एक लकड़ी तस्कर के बीच लकड़ी काटने के सम्बन्ध में वार्ता करने का आडियो वायरल हो गया। वायरल ऑडियो में थाने का चालक एक लकड़ी तस्कर से लकड़ी काटने का जिक्र कर रहा है। इसमें तस्कर को यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि बिना चालक की परमीशन के खड्डा इलाके में कोई लकड़ी नहीं काट सकता। वायरल ऑडियो पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल को मिलते ही उन्होंने जांच करायी और चालक कपिलदेव यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से ऐसे मामलों में संलिप्त अन्य पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार का कहना है कि चालक का वायरल ऑडियो बहुत पुराना है।

एसपी द्वारा चालक को निलंबित कर दिया गया है। खड्डा थाने से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कुछ दिन पहले लकड़ी तस्करी के मामले में थाने के चालक की भूमिका को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए थे। यहां तक आरोप लगाया थो कि थाना क्षेत्र में लकड़ी काटने व तस्करी करने वालों को चालक की ओर से अनुमति दी जाती है। इसके बाद से ही एसपी चालक की निगरानी करा रहे थे।

# पटहेरिया में प्रतिबंधित पशु को मार डाला

विशुनपुरा। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के पटहेरिया गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम को प्रतिबंधित पशु को कुछ लोगों ने मार डाला। इसके कुछ देर बाद खेत में पशु को मरा देख ग्रामीणों ने शोर मचाया । शोर सुनकर उसे मार डालने वाले फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

पटहेरिया गांव में शाम 7 बजे प्रतिबंधित को कुछ लोगों ने खेत में देखा। कुछ देर बाद उसे मार डाला। इसके कुछ देर बाद गांव के कुछ लोगो ने गन्ने के खेत में पशु को मरा देख शोर मचाया। शोर सुनकर उसे मारने वाले फरार हो गए। किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी, जिसके कुछ ही देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी। प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह ने बताया कि मौके पर गया था। पशु को मारा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि फसल का नुकसान करने पर कुछ लोगों ने उस पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

कप्तानगंज में नकली सोने की अंगूठी बेचने का कर रहे थे प्रयास

# 7 किलोमीटर पीछा कर दबोचे सोने के जालसाज

**कुशीनगर/महराजगंज, हिटी।** नकली जेवर बेचने पहुंचे बोलेरो सवार ठगों का कुशीनगर के कप्तानगंज के सराफा कारोबारी ने गुरुवार को महराजगंज तक पीछा किया। यहां भीड़ व पुलिस के सहयोग से बोलेरो समेत सभी ठग पकड़ लिए गए। दो महिलाओं समेत कुल छह ठगों को कप्तानगंज पुलिस अपने साथ ले आयी। इनमें बिहार के छपरा और सीवान के ठग भी शामिल हैं। पीड़ित कारोबारी ने ठगों के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस वह नकली अंगूठी बरामद करने की कोशिश में जुटी है ताकि साक्ष्य समेत मुकदमे का ठोस आधार बनाया जा सके।

- सोना नकली होने की बात खुलने पर बोलेरो से भागने लगे आरोपित
- दो महिलाओं सहित छह ठगों को कुशीनगर की पुलिस ले गई साथ

महराजगंज के घुघली थाना क्षेत्र के धनगड़ी मुड़ेरी गांव निवासी सराफा कारोबारी धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कारीतीन में अभिषेक ज्वेलर्स नाम से उनकी सोने-चांदी की दुकान है। गुरुवार को दिन में साढ़े 11 बजे दुकान से पांच सौ मीटर दूर एक बोलेरो आकर रुकी। उसमें से दो महिलाएं व चार पुरुष उसकी दुकान पर आए। हॉलमार्क की मुहर लगी एक अंगूठी पांच हजार रुपये में बेचने का पेशकश की। कहा कि बहुत जरूरी काम है। दुकानदार की जांच में सोना नकली निकला। इसके बाद आरोपी अंगूठी लेकर दुकान से निकल गए। शक होने पर उन्हें रोककर पूछने का प्रयास किया, लेकिन वे बोलेरो से भागने लगे। उसने बाइक से बोलेरो का पीछा किया और महराजगंज के परतावल बाजार पहुंच गया। बाजार का दिन होने की वजह से बोलेरो की रफ्तार कम हो गई। एसबीआई के सामने उसने बोलेरो को ओवरटेक कर रोका और शोर मचाया। इसके बाद भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी आ गई। पुलिस ने उन्हें पकड़कर थाने ले गई। सराफा कारोबारी धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि इसके पहले उसके साथ पहले भी इसी तरह के गिरोह ने उससे एक लाख रुपये की ठगी की थी। तभी उसने प्रण लिया था कि आगे ऐसे ठगों से सामना हुआ तो उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले जरूर करेगा।

आरोपियों में से चार कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मलुकही गांव के हैं, जबकि दो जैतपुर, थाना दाउदपुर, जिला छपरा, बिहार और ग्राम व थाना हसनपुरा, जिला सीवान, बिहार के रहने वाले हैं। दोनों महिलाएं आपस में बहन बताई जा रही हैं। श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने घटनास्थल कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र का होने के चलते कप्तानगंज पुलिस को सूचना देकर बुला लिया। इसके बाद पकड़े गए आरोपियों को कप्तानगंज पुलिस अपने साथ थाने ले आयी। धर्मेन्द्र वर्मा ने इसके बाद पुलिस को तहरीर दे दी। इस संबंध में कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपी हिरासत में हैं। छानबीन की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।



पीड़ित सराफा कारोबारी धर्मेन्द्र वर्मा

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं,पडरौना: तुर्कपट्टी पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित शम्स तबरेज आलम निवासी सरिस्वा थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# अलग-अलग स्थानों से देसी व कच्ची के साथ चार गिरफ्तार

जासं, पडरौनाः जिले के तीन थानों में अलग-अलग स्थानों से शराब के साथ पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने नगर से बाहर रक्षाबंधन उर्फ सपना व प्रद्युम्न चौहान निवासी जंगल सुखपुरा टोला मोहनपट्टी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे कुल 90 पाउच फ्रूटी बंटी- बबली देसी शराब बरामद किया है।

कोतवाली प्रभारी राज प्रकाश सिंह ने कहा कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जटहां बाजार पुलिस ने गोपाल निवासी चिरगौड़ा को गिरफ्तार कर 10 लीटर व कुबेरस्थान पुलिस ने इंद्रजीत निवासी कठकुइयां टोला लीलापट्टी को गिरफ्तार कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है।

# पांच वांछित गिरफ्तार

पडरौना : कुबेरस्थान थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस अलग-अलग दो मामलों में पांच वांछितों को गिरफ्तार किया है, जिसमें शमशुल, सरफराज, अजीज व गुलाम निवासी बढ़वलिया शामिल हैं। इसके अलावा दूसरे मामले में वकील सिंह निवासी सिकटा थाना कुबेरस्थान को पकड़ जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। (जासं)

# परतावल में पकड़े गए कुशीनगर से भाग रहे आरोपित

**जासं, परतावल (महराजगंज)** : नकली सोना पर हालमार्का की मोहर लगा कर बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को परतावल में ग्रामीणों ने पकड़ लिया। आरोपितों को श्यामदेउरवा पुलिस को सौंप दिया। बोलेरो सवार दो महिलाओं समेत छह को पुलिस श्यामदेउरवा थाना ले गई। वहां कुशीनगर के कप्तानगंज की पुलिस भी पहुंची। पूछताछ के बाद नकली सोना बेचने के आरोपितों को कप्तानगंज पुलिस अपने साथ ले गई।

घुघली थानाक्षेत्र के धनगड़ी मुड़ेरी गांव निवासी आभूषण कारोबारी धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के करीतीन में अभिषेक ज्वेलर्स नाम से उनकी सोने-चांदी की दुकान है। गुरुवार को सुबह 11.30 बजे दुकान से पांच सौ मीटर की दूरी पर एक बोलेरो आकर रुकी। उसमें से दो महिलाएं व चार पुरुष दुकान पर आए। हालमार्क की मोहर लगी एक अंगूठी पांच हजार रुपये में बेचने की बात करने लगे। अंगूठी का सोना नकली होने का हवाला देने पर आरोपित अंगूठी लेकर जाने लगे। उन्हें रोककर पूछने का प्रयास किया तो वह बोलेरो से भागने लगे। धर्मेंद्र बाइक से पीछा करते हुए परतावल बाजार पहुंचे। धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि इसके पहले एक लाख रुपये की ठगी उनके साथ हो चुकी है। आरोपितों में से एक महिला समेत तीन अन्य कप्तानगंज थानाक्षेत्र के मलुकही गांव के एक ही परिवार के हैं। जबकि अन्य ग्राम जैतपुर थाना दाउदपुर जिला छपरा बिहार तथा थाना हसनपुरा जिला सिवान के हैं। सभी आरोपित आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

# भुगतान को लेकर 12 सितंबर को होगा धरना प्रदर्शन

**जासं, बभनौली** : जमाकर्ताओं की धनराशि वापसी के लिए शासन द्वारा तैयार की गई रिफंड पोर्टल में अनियमितता व जमाकर्ताओं की धनराशि का भुगतान न होने से आक्रोशित जमाकर्ताओं ने आगामी 12 सितंबर को एसडीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम आधार तिवारी ने बताया कि जमाकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करेंगे।

# तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**जागरण संवाददाता, पडरौना**: रामकोला के चंदरपुर गांव के लक्ष्मीगंज तिराहे पर ग्राहक सेवा केंद्र से हुई लूट की घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ हैं। घटनास्थल तथा आसपास के घरों व दुकानों में लगे सीसी कैमरे में कैद बदमाशों की पहचान हेलमेट व मास्क पहने होने के चलते मुश्किल हो रही। गुरुवार को भी पुलिस बदमाशों के कद-काठी व हुलिया के आधार पर पहचान में लगी रही।

लूट की वारदात कैमरे में कैद होने के बाद भी पुलिस इस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है कि बदमाश कौन हैं। लूट के वारदात को बदमाशों ने जिस ढंग से अंजाम दिया, उससे प्रतीत हो रहा कि इसमें बाहरी गैंग का हाथ है। यही कारण है कि पुलिस आसपास के जिलों में सामने आई लूट की घटनाओं में शामिल व जमानत पाए बदमाशों की जानकारी एकत्रित कर रही है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि घटना के पर्दाफाश के लिए टीमें लगाई गईं हैं। टीमें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

**घटना से पहले बदमाशों ने की थी रेकी**: जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को इस बात के सबूत मिले हैं कि बदमाश घटनास्थल व आसपास की जगहों से भलीभांति परिचित हैं। इससे साफ है कि बदमाशों ने लूट की वारदात के पहले केंद्र व आसपास की गतिविधियों की रेकी कर आवश्यक जानकारी हासिल कर ली थी। ताकि घटना को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो सकें।

**यह थी घटना**: रामकोला के थोधरही के अनिल यादव लक्ष्मीगंज तिराहे पर बड़ौदा यूपी बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। मंगलवार को दोपहर साढ़े 12 बजे अपाची सवार तीन युवक केंद्र के सामने रुके। उनमें से हेलमेट लगाया युवक केंद्र में पहुंचा और संचालक से कैश की उपलब्धता के बारे में पूछा। संचालक ने हेलमेट निकाल कर बात करने को कहा तो युवक तमंचा निकाल गोली मारने की धमकी दी। इस बीच मास्क लगाए उसके दो साथी भी असलहा लिए अंदर आ गए। संचालक व केंद्र में मौजूद ग्राहक डर गए। हेलमेट लगाया युवक संचालक के केबिन में घुसा और रुपये से भरा बैग उठा लिया।

### संचालकों ने की सुरक्षा की मांग

**लक्ष्मीगंज**: ग्राहक सेवा केंद्र में हुई लूट की घटना से भयभीत क्षेत्र के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों ने लक्ष्मीगंज तिराहे पर बैठक कर प्रशासन से सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की। विजय सिंह, विनोद तिवारी, प्रदीप कुमार यादव, अजीत यादव, धीरज सिंह, गौरव आदि शामिल रहे।

# नहीं मिला शव तो स्वजन ने पुतला बना जलाई चिता

- तीन दिन पूर्व पुल से कूदे थे घाघी नदी में, गोताखोरों की तलाश में नहीं चला पता
- देर से जागी पुलिस ने कहा-बुलवाई जाएगी एनडीआरफ टीम, की जाएगी तलाश

**जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार**: तीन दिन पूर्व कुशीनगर व देवरिया जनपद की सीमा पर बंजरिया घाघी नदी में पुल से कूदे अधेड़ का शव गुरुवार को भी नहीं मिला। स्वजन ने मृत मानकर उनका पुतला बना चिता सजाई और अंतिम संस्कार कर दिया। गोताखोर पांच किमी तक नाव से नदी में तलाश किए, पता नहीं चला तो स्वजन यह कदम उठाए।

चौरा खास के ग्राम जौरा मनराखन बनिया टोला के मोहन साहनी बीते मंगलवार की दोपहर घर से दो किलोमीटर दूर नोनिया पट्टी के टोला सोनबरसा के दक्षिण घाघी नदी में कूदते हुए देखे गए थे। गायब अधेड़ की खोजबीन में पुलिस व प्रशासन ने कोई मदद नहीं की तो स्वजन गांव के आठ गोताखोरों की मदद से दो दिनों तक खोजबीन किए। निराश होकर स्वजन गायब अधेड़ का प्रतीकात्मक पुतला बनाए और दाह संस्कार किए। पुत्र जोगेश व मुलायम ने पुलिस व प्रशासन पर सहयोग न करने का आरोप लगाया। कहा कि कोई मदद नहीं की गई। काफी तलाश के बाद भी पता नहीं चला तो हम लोगों ने यह कदम उठाया है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि पुलिस तैराकी तो जानती नहीं है कि नदी में कूद जाए। कल एनडीआरएफ की टीम आने की उम्मीद है। गायब अधेड़ को ढूंढवाने का प्रयास किया जा रहा है।

**घटना का नहीं पता चल सका कारण**: पुलिस की जांच व पूछताछ में घटना का कारण पता नहीं चल सका कि आखिर अधेड़ ने यह कदम क्यों उठाया। किस बात को लेकर नदी में छलांग लगाई। स्वजन का कहना है कि घर में भी कहीं कोई विवाद या कलह नहीं थी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकाले गए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के डोल



असना गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में कबड्डी खेलते खिलाड़ी • जागरण

**जागरण संवाददाता, बड़हरागंज:** जनपद का अतिसंवेदनशील मिश्रौली का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी डोल मेला गुरुवार को सकुशल संपन्न हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच विभिन्न गांवों से निकाले गए डोल मेला स्थल पर लाए गए। अधिकारियों ने मेला स्थल का जायजा लिया। पांच प्लाटून पीएसी, 250 पुरुष और महिला कांस्टेबल, 12 थानाध्यक्ष, 10 इंस्पेक्टर, महिला थानाध्यक्ष, फायर ब्रिगेड की टीम के साथ एसडीएम सदर महात्मा सिंह, सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, सीओ खड्डा संदीप वर्मा, कोतवाली प्रभारी राजप्रकाश सिंह सुबह से ही मिश्रौली में कैंप किए हुए थे। देर शाम एएसपी रितेश सिंह ने भी मेला का निरीक्षण किया।

मिश्रौली बाजार में मेला स्थल पर विश्राम पट्टी, सिरसिया दीक्षित, सनेरा मल्ल छपरा, आचार छपरा, बरकंटी, बहादुरगंज, सुखसवलिया, सोहरौना, सहुआडीह, चंदरपुर, पटेरा मंगलपुर, अब्दुल चक, पकड़ियार समेत 17 गांवों से डोल के आने का क्रम दोपहर बाद शुरू हुआ। सुबह से ही चौकी में जमे एसडीएम सदर, सीओ सदर, सीओ खड्डा सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे थे। सभी गांवों में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात किए गए थे।

अतिसंवेदनशील विश्राम पट्टी गांव की कमान एसडीएम और सीओ ने थाम रखी थी। एसडीएम सदर ने पूजन कर भ्रमण के लिए डोल को रवाना किया और साथ-साथ चलते रहे। रास्ते में पड़ने वाले दूसरे पक्ष के धर्मस्थल के सामने कड़ी सुरक्षा रही। शाम चार बजे तक सभी गांवों के डोल मिश्रौली मेला स्थल पर पहुंच गए। छह बजे तक चले मेला के बाद सभी डोल अपने-अपने गांव ले जाए जाने लगे तो अधिकारी और चौकन्ने हो गए। पुलिस व पीएसी के जवानों ने डोल को संबंधित गांव तक पहुंचाया। मेला सेक्टर मजिस्ट्रेट सुरेंद्र बहादुर सिंह, विशुनपुरा सीएचसी के डा. अजय प्रताप राय, चौकी प्रभारी संदीप वर्मा, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, सतीश कुमार सिंह, भाजपा नेता राधेश्याम दीक्षित, प्रसिद्धनाथ दीक्षित, महेंद्र दीक्षित, पिंटू मिश्र, शंभूशरण मिश्र, आनंद दीक्षित, दूधनाथ आदि अधिकारियों के साथ मौजूद रहे।



मिश्रौली में डोल निकालते श्रद्धालु • जागरण

**झांकियां रहीं डोल मेला का आकर्षण:** नेबुआ नौरंगिया: नेबुआ नौरंगिया थाने के अकबरपुर गांव के डोल मेला में सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। तेजवलिया, बलकुड़िया, हजारीपट्टी, डुमरा, जंगल गुर्दी, अकबरपुर, मंगरुआ कुटी, मठिया चौराहा, बड़वा छपरा, यादव टोली, सीताराम, छितौनिया, मठिया, बाबा अभिश्वेरनाथ मंदिर समेत विभिन्न गांवों में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां स्थापित कर झांकियां सजाई गई थीं। नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

# संरक्षित पशु को काटने की सूचना पर पहुंची पुलिस

मंसाछापर। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के पटहेरिया गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम संरक्षित पशु को काटते समय गांव के लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद मौके से आरोपी भाग गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पटहेरिया गांव में शाम करीब सात बजे एक संरक्षित पशु को कुछ लोगों ने भाला मारकर उसकी हत्या कर दी। गन्ने की खेत में कुछ लोग उसे लोग देख लिए। लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गए। सूचना पर कोतवाली के सिपाही गांव में पहुंचे और लोगों से बयान लिया। आरोपी घर छोड़कर फरार बताया जा रहा है। संवाद

# शव नहीं मिला तो तीसरे दिन पुतला जलाकर किया अंतिम संस्कार

**जौरा बाजार।** बंजरिया घाघी नदी में पुल से नदी में कूदे 58 वर्षीय मोहन साहनी का बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी पता नहीं चल सका। हालांकि, गोताखोर काफी देर तक नदी में उनकी तलाल किए। अंत में परिजन निराश होकर दोपहर बाद उन्हें मृत मानकर प्रतीकात्मक पुतला जलाकर अंतिम संस्कार किया। संवाद

# चौकीदार के घर चोरी, पुलिस नहीं दर्ज किया केस

दुदही। चौकीदार के घर हुई चोरी का केस पुलिस दर्ज नहीं कर रही है। एक सप्ताह से चौकीदार थाने का चक्कर लगा रहा है। पुलिस जांच का हवाला देकर टरका रही है। पुलिस के इस व्यवहार से चौकीदार का परिवार क्षुब्ध है। विशुनपुर बरियापट्टी गांव निवासी सीताराम यादव विशुनपुरा थाने में चौकीदार है। थाने से महज 200 मीटर दूरी पर उसका घर है। दो सितंबर की रात को चौकीदार के घर चोरी हो गई। चोरों ने 10 हजार रुपये, एक एंड्रायड मोबाइल, पायल आदि चुरा लिया। सुबह वारदात की जानकारी होने के बाद चौकीदार ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन अभी तक चोरी का केस दर्ज नहीं हो सका। हर रोज चौकीदार थाने पहुंच रहा है। संवाद

# वारदात लूट की, पुलिस ने चोरी का दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट का मामला

पडरौना। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में हुई ट्रैक्टर लूट के मामले में पुलिस ने चार बदमाशों के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज किया है। वारदात के बाद पांच टीमें बनाकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई बदमाश नहीं लगा है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के कोकिलपट्टी गांव के नागेंद्र गोंड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मंगलवार देर रात ईंट लाने दुदही की तरफ से तुर्कपट्टी बाजार जा रहा था। शंकरपुर और मछरियां के बीच मटियरियां गांव के पास पहुंचा था कि मैजिक सवार कुछ बदमाशों ने पीछे से आकर रोक लिया। बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी और बंधक बना लिया। चालक को ठाकुर चौराहे के पास आए और उसे गन्ने के खेत में फेंक दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए।

थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि चार बदमाशों के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। चार अन्य टीमें भी लगाई गई हैं।

# आभूषण की ठगी में दो महिलाओं समेत चार लोग पकड़े गए

संवाद न्यूज एजेंसी

इंदरपुर। कप्तानगंज के कारीतीन चौराहे पर स्थित आभूषण की दुकान से आभूषण की चोरी के आरोप में दो महिलाओं सहित चार लोगों को पकड़ा गया है। उन्हें भागते समय महराजगंज जिले में पकड़ा गया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि कारीतीन में धर्मेंद्र वर्मा की आभूषण की दुकान है। दोपहर करीब 12 बजे उस दुकान में दो महिलाओं सहित चार लोग बृहस्पतिवार को आभूषण बेचने पहुंचे। नकली सोने की अंगूठी, जिस पर हॉलमार्क लगा था, उसे बेचने की बात करने लगे। इस बीच दुकानदार अंगूठी की गुणवत्ता की जांच करने लगा।

पोल खुल जाने के डर से एक महिला जल्दबाजी करते हुए अंगूठी लेकर जाने लगी। इस पर दुकानदार को शक हुआ तो उसने महिला का पीछा किया। महिला दुकान से 500 मीटर की दूरी पर खड़ी बोलेरो में सवार होकर जाने लगी। दुकानदार बोलेरो का पीछा करते हुआ

## दुकानदार ने बोलेरो सवारों का बाइक से पीछा कर महराजगंज में पकड़वाया

परतावल पहुंचा। वहां भीड़भाड़ होने के कारण बोलेरो की गति कम हो गई। तभी दुकानदार बाइक से उसे ओवरटेक कर खड़ा होकर चिल्लाने लगा।

आसपास के लोग जुट गए। दुकानदार ने इसकी सूचना श्यामदेउरवा पुलिस को दी। वहां की पुलिस ने मामले की जानकारी कप्तानगंज के थानेदार को दी। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक श्यामदेउरवा पहुंचे और बोलेरो सवार दो महिलाओं समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर कप्तानगंज थाने ले आए। दुकानदार ने बताया कि इसके पूर्व में भी इस गिरोह से लाखों की ठगी का शिकार हो चुका हूं। इसलिए जान हथेली पर रखकर बोलेरो सवार गिरोह का पीछा किया।

कप्तानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर मिली है। पूछताछ जारी है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-09-2023

# शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**निचलौल।** दो अलग-अलग स्थानों से एक महिला समेत दो लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों का आबकारी एक्ट में चालान किया गया है। आबकारी निरीक्षक वैभव यादव की टीम ने ग्राम चंदा गुलरभार में एक महिला को 45 टेट्रा पैक देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में बहुआर चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने झुलनीपुर नहर पुलिया पर मिश्रौलिया निवासी एक शख्स को 15 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# सिपाही की शिकायत कर कार्रवाई की मांग

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज क्षेत्र के ग्राम बचगंगपुर निवासी चौथी ने एसपी को पत्र देकर जमीन विवाद के मामले में दो सिपाहियों पर धनउगाही का आरोप लगाते हुए जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि मकान के बाउंड्री के अंदर दो पड़ोसी छत से पानी गिराते हैं। मना करने पर विवाद पर उतारू हो जाते हैं। इसको लेकर उसने रविवार को थाने में तहरीर दी थी। इसके बाद दो सिपाहियों ने बुलाकर डिमांड की और धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि धनउगाही का आरोप निराधार है।

# पुलिन ने बरामद की नेपाली शराब

**भगवानपुर।** परसामलिक पुलिस ने मरजादपुर टोला सेवतरा निवासी दो लोगों के कब्जे से 25 शीशी नेपाली शराब बरामद किया है। एसओ सुधाकर प्रसाद ने बताया कि आबकारी एक्ट के तहत मामले में कार्रवाई कर पकड़े गए आरोपितों का चालान कर दिया गया है।

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस को चकमा देकर ले भागे, मुकदमा दर्ज

**सिसवा।** बालू लदी ट्राली पकड़े जाने के बाद हेड कॉन्स्टेबल के साथ धमकी, धक्का-मुक्की व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में कोठीभार पुलिस ने कॉन्स्टेबल की तहरीर पर एक नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सिसवा पुलिस चौकी के हेड कॉन्स्टेबल अशोक गिरी ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि विगत 3 सितंबर को सीओ निचलौल द्वारा नगर के इस्टेट चौराहा रायपुर रोड पर साढ़े नौ बजे रात को बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई थी। सीओ ने अशोक गिरी को उक्त ट्रैक्टर ट्राली को कोठीभार थाने में लेजाकर सीज करने के लिए निर्देशित किया। जब अशोक गिरी थाने पर ले जा रहे थे कि आधा दर्जन की संख्या में लोग अशोक से धक्का मुक्की व जोर जबरदस्ती कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गए।

# ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी के मैनेजर पर केस दर्ज

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा कस्बे के तहसील रोड पर संचालित ऑनलाइन खरीदे गए सामानों की डिलीवरी करने वाली ई काम एक्सप्रेस कंपनी के एक कर्मचारी पर कंपनी के क्लस्टर हेड की ओर से लगाए गए गबन के आरोप में गुरुवार को केस दर्ज हो गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। ऑनलाइन खरीदे गए सामानों की कैश डिलीवरी का कलेक्शन किये हुए पैसे का गबन कर पिछले 24 अगस्त से ब्रांच मैनेजर अवनीश सिंह कंपनी से फरार चल रहा था।

कंपनी के क्लस्टर मैनेजर आशुतोष मणि त्रिपाठी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मैनेजर के पद पर कार्यरत अवनीश सिंह पर कंपनी का 3 लाख 42 हजार 642 रुपया गबन करने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि अवनीश सिंह कंपनी का बीते 21 व 22 अगस्त का कलेक्शन किया हुआ पैसा कंपनी के खाते में क्रेडिट नहीं किया।

# पुलिस के रडार पर सीएससी संचालक

महराजगंज। कृषि विभाग में घोटाला समेत फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में कई सीएससी संचालकों की संदिग्ध भूमिका देख पुलिस-प्रशासन एक्टिव हो गया है। पिछले दो-तीन दिन से कई सीएससी संचालकों को अपने जांच के रडार पर लेकर पुलिस पूछताछ के लिए ले गई। चौक क्षेत्र के अलावा सदर कोतवाली क्षेत्र में कई सीएससी संचालकों से पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई को देख यह कयास लगाया जा रहा है कि एक-दो दिन में पुलिस किसी बड़े मामले का पर्दाफाश कर सकती है।

## कुशीनगर में नकली सोने की अंगूठी बेचने का कर रहे थे प्रयास

# 7 किलोमीटर पीछाकर दबोचे सोने के जालसाज

- सोना नकली होने की बात खुलने पर बोलेरो से भागने लगे आरोपित
- दो महिलाओं सहित छह ठगों को कुशीनगर की पुलिस ले गई साथ

**परतावल हिन्दुस्तान संवाद।** नकली जेवर बेचने पहुंचे बोलेरो सवार ठगों का कुशीनगर के कप्तानगंज के सराफा कारोबारी ने गुरुवार को महराजगंज तक पीछा किया और भीड़ व पुलिस के सहयोग से ठग दबोच लिए गए। दो महिलाओं समेत कुल छह ठगों को कुशीनगर पुलिस अपने साथ ले गई। इनमें बिहार के छपरा और सीवान के ठग भी शामिल हैं।

महराजगंज के घुघली थाना क्षेत्र के धनगड़ी मुड़ेरी गांव निवासी सराफा कारोबारी धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कारीतीन में अभिषेक ज्वेलर्स नाम से उसकी सोने-चांदी की दुकान है। गुरुवार को दिन में साढ़े 11 बजे दुकान से पांच सौ मीटर दूर एक बोलेरो आकर रुकी। उसमें से दो महिलाएं व चार पुरुष उसकी दुकान पर आए। हालमार्क की मुहर लगी एक अंगूठी पांच हजार रुपये में बेचने का पेशकश की। कहा कि बहुत जरूरी काम है। सोना नकली होने का हवाला देने पर आरोपी अंगूठी लेकर जाने लगे। शक होने पर उन्हें रोककर पूछने का प्रयास किया, लेकिन वे बोलेरो से भागने लगे। उसने बाइक से उनका पीछा किया और महराजगंज के परतावल बाजार पहुंच गया।

बाजार का दिन होने की वजह से बोलेरो की रफ्तार कम हो गई। एसबीआई के सामने उसने बोलेरो को ओवरटेक कर रोका और शोर मचाया। इसके बाद भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी आ गई। पुलिस ने उन्हें पकड़कर थाने ले गई।

सराफा धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि इसके पहले उसके साथ एक लाख रुपये की ठगी हो चुकी है। आरोपियों में से चार कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मलुकही गांव के हैं, जबकि जैतपुर, थाना दाउदपुर, जिला छपरा, बिहार और ग्राम व थाना हसनपुरा, जिला सीवान, बिहार के रहने वाले हैं। दोनों महिलाएं आपस में बहन बताई जा रही हैं। श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र का है। इसलिए आरोपियों को कप्तानगंज पुलिस अपने साथ ले गई।

# धर्मस्थल तोड़ने पर चार गिरफ्तार, गांव में फोर्स तैनात

**सोनौली/भगवानपुर।** ग्राम पंचायत लक्ष्मीनगर में वर्षों पहले बने छठ की वेदी को गुरुवार की कुछ लोगों ने तोड़ दिया। इससे गांव में तनाव बन गया।

ग्रामीणों की सूचना पर सोनौली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वेदियों को फिर से बनवाया गया। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल को तैनात कर दी गई है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

लक्ष्मीनगर टोला लक्ष्मीनगर मे रोहिन नदी के पास छठ की वेदियां बनी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक दो दशक से महिलाएं छठ घाट पर बनी वेदियों पर पूजा पाठ करती चली आ रही हैं। गुरुवार की सुबह कुछ लोगों ने भूमि पर कब्जा करने की नीयत से छठ वेदियों को तोड़ दिया। लेखपाल को बुलाकर जमीन चिह्नांकन करने के लिए लगा दिया गया। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि वेदी बनवा दी गई है। धीरेंद्र कुमार की तहरीर पर वेदी को क्षति पहुंचाने के आरोप में मौला अली, जुम्मन, फरियाद अली, फैज अली निवासी लक्ष्मीनगर थाना सोनौली पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# घर में घुसकर पीटा पांच पर मुकदमा

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम औरहवां टोला सगरदीनही में मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट की। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम औरहवां टोला सगरदीनही निवासिनी तारा देवी द्वारा निचलौल पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि किसी बात को लेकर कुछ लोग इनके घर में घुसकर मारपीट किया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने गोपाल, धुपन और संतोष निवासी ग्राम औरहवां टोला सगरदीनही और राजकुमार तथा सत्तन निवासी कटान टोला थाना निचलौल के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# सीमावर्ती गांवों में पुलिस का फ्लैग मार्च

**बहुआर।** निचलौल थाना क्षेत्र के नेपाल सीमा से सटे गांवों में गुरूवार को पुलिस फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। बहुआर पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस की ओर से सीमा से सटे मिश्रवलिया, बैठवलिया, झुलनीपुर सहित कई गांवों में फ्लैग मार्च कर त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए अपील की गई है। त्योहार में उपद्रव मचाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इस दौरान योगेंद्र सिंह,श्याम दत्त सिंह, प्रमोद शाह आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**पनियरा।** पुलिस ने बुधवार की रात में अकटहवां पुल के पास से दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया है।

एसओ देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत नरकटहां छोटका टोला निवासी सामकेश को अकटहवां पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा नेता पर केस कराने वाली युवती को मिला आवास

**महराजगंज, निज संवाददाता।** पिता की मौत के बाद मकान मालिक-भाजपा नेता के खिलाफ केस दर्ज कराने वाली युवती व उसके परिवार को पात्रता के आधार पर शहर में आसरा आवास मुहैया कराया गया है। केस दर्ज कराने के बाद युवती पुलिस व मजिस्ट्रेट के सामने एफआईआर में लगाए गए आरोप से मुकर चुकी है। इससे भाजपा नेता को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद प्रबल हो चुकी है।

संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल क्षेत्र की रहने वाला एक परिवार महराजगंज के एक वार्ड में भाजपा नेता के मकान में किराया पर पिछले पांच साल से रह रहा था। परिवार के मुखिया की पत्नी की मौत आठ साल पहले हो चुकी है। चार बेटियों व एक छोटे बेटे की परवरिश के लिए पिता शहर के फुटपाथ पर पानी-पकौड़ा बेचने का कार्य करता था। बीते 28 अगस्त को जहरीला पदार्थ खाने से उसकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए एक निजी हास्पिटल में 31 अगस्त को मौत हो गई। पांच सितंबर को युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हत्या, रेप, पॉक्सो, एससीएसटी जैसे संगीन आरोप में केस दर्ज किया, लेकिन अगले ही दिन पुलिस के बाद मजिस्ट्रेट के सामने बयान में युवती आरोप से पलट गई। पुलिस के मुताबिक युवती ने बयान दिया कि पिता की मौत से वह परेशान थी। उसी दौरान किसी ने धोखे से सादे पेपर पर हस्ताक्षर करा लिया और उसी पर अपने हिसाब से तहरीर लिख दिया। तहरीर में जो भी आरोप है वह सही नहीं है। मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद युवती व उसके परिवार के रहने के लिए संकट खड़ा हो गया था। पिता की कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण हो रहा था।

> युवती व उसके परिवार के रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था। एक आसरा आवास खाली था, जिसे पात्रता के आधार पर युवती व उसके परिवार को रहने के लिए दिया गया है।
>
> **दिनेश मिश्र, एसडीएम, सदर**

# पिता की मृत्यु के बाद युवती को मिला आसरा आवास

जासं, महराजगंज : पिता की मृत्यु के बाद अपने ही मकान मालिक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने और बाद में मुकर जाने वाली युवती को जिला प्रशासन ने आसरा आवास का लाभ दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा नवीन प्रसाद ने गुरुवार को युवती को आवास की चाबी सौंपी।

मूलतः संतकबीरनगर जिले की रहने वाली युवती अपनी अन्य तीन बहन, एक भाई और पिता के साथ शहर में ही एक भाजपा नेता के मकान में किराये पर रहती थी। पिछले 28 अगस्त को रहस्यमय परिस्थितियों में युवती के पिता की तबीयत बिगड़ने के बाद 31 अगस्त को शहर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन मृत्यु का कारण पता नहीं चल सका। पांच सितंबर को पीड़िता ने मकान मालिक के विरुद्ध दुष्कर्म और पिता की हत्या का आरोप लगाया था, बाद में कोर्ट में 164 के बयान में आरोपों से मुकर गई। एसडीएम सदर दिनेश मिश्र ने बताया कि सुरक्षा और आवास की आवश्यकता को देखते हुए युवती को आसरा आवास दिया गया है।

# पुलिस के कब्जे से बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर तस्कर फरार

जासं, निचलौल (महराजगंज) : तस्करों ने हेड कांस्टेबल को धक्का देकर बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली छुड़ा ली तथा लेकर फरार हो गए। इस मामले में कोठीभार पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य गंभीर धाराओं में एक नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

सिसवा पुलिस चौकी के हेड कास्टेबल अशोक गिरी ने तहरीर में कहा है कि तीन सितंबर को सीओ निचलौल द्वारा नगर के स्टेट चौराहा रायपुर रोड पर रात 9.30 बजे बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई। मुझे बताया गया कि सीओ ने बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी है। जब वह मौके पर गए, तो सीओ ने ट्रैक्टर-ट्राली को कोठीभार थाने में ले जाकर सीज करने के लिए निर्देशित किया।

ट्राली थाने पर ले जाने के दौरान आधा दर्जन की संख्या में दबंग कार से आए जबरदस्ती कर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील राय ने बताया कि मामले में शिब्बू सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अब रात 11 बजे तक खुली रहेगी सोनौली सीमा

## बुधवार रात से लागू हुआ नियम, बॉर्डर पर ट्रकों के लंबे जाम को देखते हुए लिया गया फैसला, अब तक रात 10 बजे तक खुली रहती थी सीमा

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। भारत-नेपाल सोनौली सीमा के पास भारतीय क्षेत्र में ट्रकों की 18 किमी लंबी कतार को कम करने के लिए बुधवार की रात से बॉर्डर को रात 11 बजे तक खोलने का फैसला किया गया है। पहले यह सीमा रात 10 बजे तक खुली रहती थी।

जानकारी के मुताबिक, पिछले 10 दिनों से सोनौली बॉर्डर पर भारतीय क्षेत्र में ट्रकों का लंबा जाम लगा हुआ है। दिनों-दिन कतार लंबी होती जा रही थी। इस बात को लेकर दोनों देशों के अधिकारी चिंतित थे। समस्या समाधान के लिए दोनों देशों के कस्टम अधिकारियों ने आपस में बातचीत की और सीमा को एक घंटा अधिक समय तक खोलने का फैसला किया। सोनौली बॉर्डर पहले रात 10 बजे तक खुली रहती थी, लेकिन अब उसे रात 11 बजे तक खोलने का निर्णय लिया गया है, जिससे कि भारतीय क्षेत्र में ट्रकों की लगी लंबी कतार कम हो सके।

सीमा पर जाम की समस्या नेपाल में चेकपोस्ट के निर्माण की वजह से उत्पन्न हुई है। नेपाल के बलहिया कस्टम परिसर में गाड़ियों की पार्किंग की जगह काफी कम है। इस वजह से सीमित संख्या में ही ट्रकों को नेपाल में प्रवेश की इजाजत दी जा रही है। कागजी कार्रवाई पूरी कर इन ट्रकों के आगे रवाना हो जाने के बाद ही अन्य ट्रकों को प्रवेश की इजाजत दी जा रही है। इस वजह से भारतीय क्षेत्र में ट्रकों का जाम लंबा होता जा रहा है। समस्या के समाधान के लिए दोनों देशों के अधिकारियों ने प्रयास शुरू कर दिया है। बॉर्डर एक घंटा अधिक खोलने के साथ ही नेपाल के भंसार विभाग ने ट्रकों की इंट्री का काम तेज कर दिया है।

उधर, भारतीय क्षेत्र में सोनौली से लेकर चंडीधाम गांव तक नेपाल जाने वाले करीब 2000 ट्रकों की कतार लग गई है। इनमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा दिल्ली, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और पंजाब के ट्रक शामिल हैं। लंबे जाम में फंसने की वजह से ट्रक चालक परेशान हैं। इनकी समस्या को देखते हुए दोनों देशों के अधिकारियों ने बातचीत कर सीमा को एक घंटा अधिक खोलने का फैसला ले लिया है। नया नियम बुधवार की रात से लागू हो गया, जिससे अन्य दिनों की तुलना में नेपाल में प्रवेश पाने वाले ट्रकों की संख्या में इजाफा हुआ है।

**आने जाने में हो रही परेशानी** : सोनौली सीमा से लेकर 18 किलोमीटर सड़क की एक लेन पूरी तरह जाम है। इसके कारण सोनौली कस्बा सहित, आबादी क्षेत्र के कुन्सेरवा, नौतनवां बाईपास, और छपवा गांव के ग्रामीणों को अपने घर जाने में परेशानी हो रही है। रमेश मद्धेशिया, अशोक कुमार, अवधेश कुमार निवासी छपवा ने बताया कि हम लोगों के घरों के सामने दस दिनों से ट्रक खड़े हैं। घर से निकलने और आने में परेशानी हो रही है। वाहन लेकर जाना काफी मुश्किल है। ट्रक चालक गाड़ियों को सटा कर रखते हैं, जिससे बाइक निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

**पर्व को लेकर नेपाल में जरूरी सामानों की बढ़ रही मांग** : नेपाल में तीज, दशहरा, दीपावली और छठ पर्व को लेकर भारत से आयात की मांग बढ़ी है। तीन माह पूर्व नेपाल सरकार के आयातित माल वस्तु पर एलसी की अनिवार्यता समाप्त करने के बाद नेपाल के छोटे व्यापारी भी भारत से त्योहारी सीजन का सामान मंगा रहे हैं।

व्यापारी राजन श्रेष्ठ, दीपक शर्मा, रमेश बनिया निवासी भैरहवा ने बताया कि सीमा पर कड़ाई और सरकार द्वारा दी जा रही सहूलियत के कारण व्यापार बढ़ रहा है। त्योहार को लेकर एक माह पूर्व ही भारत सहित अन्य देशों से माल मंगा लिया जाता है, जिससे समय पर डिलीवरी दी जा सके।



सोनौली कस्बे में लगा जाम। संवाद



इंडो-नेपाल के सोनौली सीमा पर लगी ट्रकों की कतार। संवाद

### नेपाल के व्यापारियों ने बदला रूट

सोनौली भारतीय सीमा क्षेत्र में 18 किलोमीटर के लंबे जाम के कारण नेपाल के उद्योगपतियों और व्यापारियों ने रूट बदल कर अब बढ़नी और खनुवा बॉर्डर से माल मंगाना शुरू कर दिया है। भारतीय सीमा में मालवाहक ट्रकों की लाइन को लेकर उद्योग वाणिज्य संघ ने चिंता व्यक्त करते हुए दोनों देशों के अधिकारियों से जाम से निजात दिलाने का अनुरोध किया। नेपाल के व्यापारियों का कहना है कि ट्रकों के नेपाल में इंट्री को लेकर बहुत समस्या हो रही है। इसके लिए नेपाल प्रशासन को उचित कदम उठाने चाहिए। उद्योग वाणिज्य संघ के महासचिव कृष्ण प्रसाद घिमिरे ने बताया कि सामान समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। काफी नुकसान के बाद भी डिलीवरी में परेशानी हो रही है। इसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र से सटे व्यापारियों ने बढ़नी और खनुवा से माल की बुकिंग शुरू कर दी है। व्यापारी रामचंद्र अग्रवाल ने बताया कि बढ़नी सीमा से एक ही दिन में गाड़ियां फैक्ट्री पहुंच जा रही हैं। ट्रक मालिकों ने सोनौली बॉर्डर के रास्ते बुकिंग रोक दी है।

### सरहद पर फंसे 48 शहरों के ट्रक

भारत-नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर पर नेपाल जाने वाले भारत के 48 शहरों के करीब 2000 मालवाहक ट्रक फंसे हैं। इसमें सबसे ज्यादा गाड़ियां कोलकाता की हैं। ट्रक चालक गौतम यादव निवासी बलिया ने बताया कि हम लोगों की कंपनी के करीब 100 से अधिक ट्रक कोयला लेकर बॉर्डर पर चार दिनों से फंसे हैं। कुछ गाड़ियां नेपाल में प्रवेश कर गई हैं। कुछ रास्ते में हैं। इसी तरह गोवा, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, गुरुग्राम, दिल्ली, नोएडा, अमृतसर, चंडीगढ़, पंजाब, कोटा, जयपुर, राजस्थान, मेवाड़, बीकानेर, अलवर, अजमेर, भिवंडी, जालोर, धानगढ़, सूरज, अहमदाबाद, बड़ोदरा, राजकोट, मोरबी, जामनगर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सतना, ग्वालियर, गाजियाबाद, साहिबाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बस्ती, गोरखपुर, बनारस, आंबेडकर नगर, आसनसोल, पश्चिम बंगाल, बर्दमान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुणे, कुर्ला, रांची सहित अन्य शहरों के ट्रक सरहद पर फंसे हैं।

*भारतीय सीमा में ट्रकों के लंबे जाम को देखते हुए दोनों देशों के अधिकारियों ने बातचीत कर सोनौली सीमा को एक घंटा अधिक खोलने का फैसला किया है। नया नियम बुधवार रात से लागू हो चुका है। उम्मीद है जल्द ही जाम की समस्या दूर हो जाएगी।*

**- अभिषेक सिंह, कोतवाल सोनौली**

# अंडरपास के निकट मिला सिद्धार्थनगर के व्यक्ति का शव

- सिद्धार्थनगर के निवासी के रूप में हुई पहचान
- बीते 15 वर्षों से नौतनवा में रहते थे रामनगीना

जागरण संवाददाता, नौतनवा : क्षेत्र के रेलवे अंडरपास के समीप राजेंद्र नगर वार्ड में गुरुवार सुबह एक अधेड़ का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सिद्धार्थनगर थाना लोटन के सपही गांव निवासी रामनगीना गौड़ के रूप में हुई है।

गुरुवार को पुलिस को रेलवे अंडरपास के समीप शव की सूचना मिली। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही थी, इसी बीच मृतक के स्वजन भी पहुंच गए। सुनील गौड़ ने बताया कि उसके पिता करीब 15 वर्षों से घर छोड़ कर नौतनवा चले आए थे। कामकाज कर जीवन यापन कर रहे थे, परिवार से ज्यादा मतलब नहीं रखते थे। वर्तमान में राजेंद्र नगर वार्ड निवासी राजू गौड़ के बरवाभोज मार्ग पर स्थित दुकान पर काम करते थे और वहीं रहते थे। उनकी तबीयत भी खराब रहा करती थी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि सुनील के अनुसार रामनगीना काफी दिनों से अस्वस्थ थे। पंचनामा भरकर शव स्वजन को सौंप दिया गया है।



नौतनवा के राजेंद्र नगर वार्ड में मृतक के स्वजन से पूछताछ करती पुलिस • जागरण

### तीन दिन बाद भी नहीं हुई शव की पहचान

जासं, महराजगंज : चार सितंबर को शहर के राजीवनगर स्थित नहर से बरामद अज्ञात युवक के शव की तीन दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी है। शुक्रवार को पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर मृत्यु के कारणों को जानने का प्रयास करेगी। फरेंदा रोड के पास मधुबनी माइनर की शाखा नहर में अज्ञात युवक का शव मिला था। नहर में शव कैसे आया इसको लेकर रहस्य बरकरार है। पुलिस के अनुसार एक बात तो साफ है, कि मृत युवक आसपास का नहीं है, अन्यथा अबतक पहचान हो गई होती।

# सोनौली से रात 11 बजे तक नेपाल जा सकेंगे ट्रक



सोनौली–गोरखपुर राजमार्ग पर मुड़िला गांव के पास ट्रकों की कतार ● जागरण

जासं, सोनौली (महराजगंज): नेपाल में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट व भंसार पार्किंग स्थल का निर्माण होने के कारण गोरखपुर–सोनौली मार्ग पर मालवाहक ट्रकों की लगने वाली कतार की समस्या दूर करने के लिए सीमा खुली रखने की अवधि एक घंटा बढ़ा दी गई है।

मंगलवार को भारत–नेपाल के अधिकारियों की बैठक में सहमति के बाद बुधवार की रात 11 बजे तक वाहनों का नेपाल जाना शुरू हो गया। मंगलवार को नेपाल जाने वाले ट्रकों की 14 किमी लंबी कतार लग गई थी। भैरहवा (नेपाल) भंसार कार्यालय शाखा रूपंदेही के प्रवक्ता युवराज भट्टराई ने बताया कि नेपाल के क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य के कारण भारत से मालवाहक ट्रक कम आ पा रहे थे। इससे भारत के सोनौली क्षेत्र में जाम की समस्या भी हो गई थी। ट्रकों की कतार लग जा रही थी।

समस्या दूर करने के लिए सीमा से 11 बजे तक आने की अनुमति दी गई है। सोनौली कस्टम अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि नेपाल जाने वाले मालवाहक ट्रकों का समय एक घंटा बढ़ाया गया है। इससे काफी राहत मिलेगी।

# दबंग पुलिस से बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली छीनकर हुए फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

**चार पहिया वाहन से आए लोग हेड कांस्टेबल के साथ धक्का-मुक्की कर ट्रैक्टर ट्रॉली ले भागे**

**सिसवा बाजार।** कस्बे के इस्टेट चौक के पास दबंगों ने पुलिस से बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने जब बालू से लदी ट्रॉली पकड़ी तो दबंगों ने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करते हुए जबरन ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर भागने में सफल रहे। मामले में कोठीभार पुलिस ने एक नामजद सहित छह अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सिसवा पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल अशोक गिरी ने कोठीभार थाने में दी गई तहरीर में कहा कि बीते तीन सितंबर को क्षेत्राधिकारी निचलौल के निर्देश पर सिसवा नगर के इस्टेट तिराहे पर बालू लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी गई थी। सीओ ने थाने ले जाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जैसे ही सीओ मौके से निकले तभी एक चार पहिया वाहन से छह लोग आए और हेड कांस्टेबल से धक्का-मुक्की कर ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने वाहन के साथ लेकर रजवल मदरहा की तरफ भाग निकले।

इस घटना की सूचना चौकी व थाने को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली और दबंगों को ढूंढने में लग गई, लेकिन उस वक्त उनका कोई पता नहीं लग सका।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने बताया कि एक नामजद शिबू सहित छह अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को भेज जेल

**महराजगंज।** युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पनियरा पुलिस ने रोहिन नदी अक्टहवा पुल के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, एक युवक अपने ही गांव के एक युवती के फोन के जरिए संपर्क में आ गया। युवक ने युवती को शादी के लिए प्रलोभन दिया।

इसी बात का झांसा देकर वह युवती के साथ युवक आए दिन दुष्कर्म करता रहा। एक दिन युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक प्रेमी ने विवाह करने से इन्कार कर दिया। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया। संवाद

# नकली सोना बेचने आए ठगों को पकड़ पुलिस को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल स्टेट बैंक के पास बृहस्पतिवार दोपहर ग्रामीणों ने नकली सोना बेचने आए बोलेरो सवार छह ठगों को पकड़ कर श्यामदेउरवा पुलिस को सौंप दिया।

महराजगंज जिले के धनगड़ी मुंडेरी निवासी धर्मेंद्र वर्मा की सोने चांदी की दुकान अभिषेक ज्वेलर्स के नाम से कप्तानगंज में हैं। धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को मेरे दुकान पर ठग नकली सोने की अंगूठी बेचने आए थे। जिसपर हॉलमार्क का मोहर लगा था। ठगों ने नकली अंगूठी के बदले पांच हजार रुपये की मांग की। इसके पहले ठगों के गिरोह से मुझे लाखों का नुकसान हो चुका है। बृहस्पतिवार को साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण बोलेरो सवार ठग भाग नहीं पाए। सराफा कारोबारी धर्मेंद्र वर्मा ने पीछा करके परतावल स्टेट बैंक के पास ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया और श्यामदेउरवा पुलिस को सौंप दिया। ठगों में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के चार व दो बिहार के रहने वाले हैं।

**ठगों में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के चार व दो बिहार के रहने वाले**

श्यामदेउरवा प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला कुशीनगर जिला का है। इसलिए आरोपियों को कप्तानगंज पुलिस अपने साथ ले गई है।

# ऑनलाइन कोरियर कंपनी के शाखा प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज

नौतनवां। कस्बे के ई-काम एक्सप्रेस कंपनी में क्लस्टर मैनेजर आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर अपने ही अधीनस्थ कर्मचारी पर पैसा हड़पने का आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूरजकुंड कॉलोनी गोरखनाथ, गोरखपुर निवासी ई-कॉम एक्सप्रेस कंपनी नौतनवां के मैनेजर आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ई-काम एक्सप्रेस कंपनी की तहसील रोड पर शाखा है, जहां प्रबंधक पद पर एक युवक कार्यरत था। उसी के अधीन शाखा का सारा काम होता था, और पैसे के हिसाब-किताब की जिम्मेदारी उसी की थी। 24 अगस्त को कंपनी से सूचना मिली कि 21-22 अगस्त का पैसा कंपनी की खाते में क्रेडिट नहीं हुआ है। पूछताछ पर उस कर्मचारी ने सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डुप्लीकेट स्लिप बनाकर देने की बात स्वीकार की। कर्मचारी बुधवार से फरार है, और पैसा देने की बात में आनाकानी कर रहा है। संवाद

# परतावल में पकड़े गए कुशीनगर से भागे ठगी के आरोपित

जासं, परतावल : नकली सोना पर हालमार्का की मुहर लगा कर ठगी के जरिये बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को परतावल में ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सभी को श्यामदेउरवा पुलिस को सौंप दिया।

बोलेरो सवार दो महिलाओं समेत छह को पुलिस श्यामदेउरवा थाना ले गई। वहां कुशीनगर के कप्तानगंज की पुलिस भी पहुंची। पूछताछ के बाद नकली सोना बेचने के आरोपितों को कप्तानगंज पुलिस ले गई। घुघली थानाक्षेत्र के धनगड़ी मुड़ेरी गांव निवासी आभूषण कारोबारी धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि कुशीनगर जिले के कप्तानगंज के कारीतीन में अभिषेक ज्वेलर्स नाम से उनकी दुकान है। गुरुवार को सुबह 11.30 बजे दुकान से पांच सौ मीटर पहले एक बोलेरो आकर रुकी। उसमें से दो महिलाएं व चार पुरुष दुकान पर आए। पांच हजार रुपये में अंगूठी बेचने की बात करने लगे।

अंगूठी का सोना नकली होने की बात कहने पर वह अंगूठी लेकर जाने लगे। शक होने पर उन्हें रोककर पूछने का प्रयास किया तो वह बोलेरो से भागने लगे। इसके बाद धर्मेंद्र बाइक से पीछा करते हुए परतावल बाजार पहुंचे। स्टेट बैंक के सामने बोलेरो को ओवरटेक कर रोके तथा शोर मचाने लगे। इसी दौरान पुलिस भी आ गई। धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि इसके पहले एक लाख रुपये की ठगी उनके साथ हो चुकी है। आरोपितों में से एक महिला समेत तीन अन्य कप्तानगंज थानाक्षेत्र के मलुकही गांव के एक ही परिवार के हैं। जबकि अन्य ग्राम जैतपुर थाना दाउदपुर जिला छपरा बिहार तथा थाना हसनपुरा जिला सिवान के हैं। श्यामदेउरवा थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना स्थल कप्तानगंज थानाक्षेत्र का है।

# लक्ष्मीनगर में छठ वेदी तोड़ने के चार आरोपी गिरफ्तार

## मामले की जानकारी होते ही कार्रवाई में जुटी पुलिस



लक्ष्मीनगर गांव में छठ घाट पर वेदी तोड़ने की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां।** सोनौली कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीनगर में छठ घाट पर बनी वेदियों को कुछ अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। मामले में गांव के धीरेंद्र सिंह ने तहरीर दी। सूचना पाकर पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुट गई। गांव में तनाव न हो, इसे देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

लक्ष्मीनगर निवासी धीरेंद्र सिंह ने तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह करीब पांच बजे गांव के ही दूसरे समुदाय के तीन लोगों ने सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने की मंशा से छठ माता की वेदियों को तोड़ कर फेंक दिया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। बताया कि सुबह जानकारी होने पर जब वह गांव के कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे लोग छठ माता की वेदी को तोड़ रहे थे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। लोगों के इस कृत्य से हिंदू समाज आहत है।

थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर लक्ष्मीनगर गांव के मौला अली, जुम्मन अली, फरियाद अली, फैज अली निवासी लक्ष्मीनगर थाना सोनौली को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। साथ ही लेखपाल को बुलाकर भूमि का चिह्नांकन कराकर वेदी बनवा दी गई है।

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर



# दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती को मिला आसरा आवास

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दो दिन पहले अपने ही मकान मालिक पर दुष्कर्म समेत पिता की हत्या और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने और बाद में आरोप से मुकरने वाली युवती को जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को आसरा आवास का आवंटन कर दिया।

दरअसल मकान मालिक से विवाद के बाद पीड़िता अपने तीन बहन और भाई के साथ आवास के लिए भटक रही थी। जिसके बाद सदर एसडीएम दिनेश मिश्रा के निर्देश के क्रम में डूडा के कर्मचारियों ने युवती को आवास आवंटित किया है। संत कबीरनगर जिले की मूल निवासी युवती अपने चार बहनों एक छोटा भाई और पिता के साथ शहर के एक वार्ड में भाजपा नेता के घर किराए के मकान में रहती थी। 28 अगस्त को मकान मालिक से विवाद के बाद पिता की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, इसके बाद 31 अगस्त को शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने पिता के शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन मृत्यु का कारण पता नहीं चल सका जिसके बाद पुलिस ने विसरा प्रिजर्व कर दिया। इधर, मंगलवार को युवती ने अपने ही मकान मालिक पर दुष्कर्म , छोटी बहन से छेड़छाड़ समेत पिता की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज करा दिया था, लेकिन बुधवार को हुए 164 के बयान में अपने आरोपों से मुकर गई थी।

## एसडीएम सदर के निर्देश पर डूडा के कर्मचारियों की ओर से आवंटित किया गया आवास

सदर एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित परिवार को आश्रय देने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश के क्रम में आवास उपलब्ध कराया गया है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-08-09-2023

# राज्यपाल से सम्मानित हुए डॉ. वीके वर्मा

**बस्ती (एसएनबी)।** डा. वीके वर्मा के सामाजिक सरोकारो व साहित्यिक गतिविधियों के साथ चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हे जिला प्रशासन की संस्तुति के बाद उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने डा. वर्मा को प्रदान किया है। राज्यपाल से सम्मानित होने पर डा. वर्मा को लोगों ने शुभकामना दी है।

डा. वीके वर्मा ने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने अपनी बस्ती यात्रा के दौरान उन्हे होम्योपैथी विद्या में विशेष योगदान देने के साथ साथ समाजसेवा में उनके द्वारा किये गये कार्यो कोविड 19 में मरीजो के बेहतर देखभाल के अलावा टीवी मरीजो को गोद से उन्हे नियमित पोषण आहार उपलब्ध कराते हुए साहित्य में विशेष योगदान के लिये प्रशस्वि पत्र देकर सम्मानित किया है।



बस्तीः डॉ. वीके वर्मा को प्रशस्ति पत्र देती राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल। फोटो : एसएनबी

डा. वर्मा ने बताया कि इस दौरान उन्होंने राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल को अपनी स्वरचित पुस्तक 'कोविड-19' काव्य संग्रह भी भेंट किया। डा. वर्मा ने बताया कि प्रशस्वि पत्र रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर के अध्यक्ष के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए भी दिया गया है। राज्यपाल द्वारा डा. वीके वर्मा को पुरस्कृत किये जाने पर अनेक चिकित्सकों, समाजसेवियो, साहित्यकारों, पत्रकारो ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# धोखाधड़ी से एक जमीन को किया दो बार बैनामा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** धोखाधड़ी कर एक ही जमीन का अभियुक्तो ने दो बार बैनामा कर डाला।

कलवारी थानान्तर्गत अगौना गांव स्थित एक जमीन का जिसका पहले से ही बैनामा हुआ था, उसे अभियुक्तो ने धोखाधड़ी व छल कपट के माध्यम से शिव प्रसाद को दोबारा बेच दिया। जानकारी होने पर शिव प्रसाद पुत्र राम लखन निवासी अगौना थाना कलवारी द्वारा न्यायालय में अर्जी लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर कलवारी पुलिस ने आरोपी सन्तोष कुमार पुत्र रामबरन निवासी भरुकहवा थाना दुबौलिया, श्यामनरायन पुत्र पन्नालाल निवासी अगौना थाना कलवारी व विमल कुमार पुत्र रामनरेश निवासी साड़ी कल्प थाना गौर के विरुद्ध धारा 419, 420, 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसला कर छात्रा को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** स्कूल गयी छात्रा को एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी एक इण्टर कालेज में पढ़ने गयी थी। जहां से अभियुक्त राजवीर सिंह उर्फ रिशू उसे बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी राजवीर सिंह उर्फ रीशू पुत्र माता प्रसाद सिंह उर्फ मतई सिंह निवासी ग्राम अहिरौलिया थाना नगर के विरुद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।




बस्तीः बैठक करते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के लोग। फोटो : एसएनवी

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए गेट मीटिंग 11 से, बांटी गयीं जिम्मेदारियां

**बस्ती (एसएनबी)।** गुरूवार को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच 'एनजेसीए' के केन्द्रीय आवाहन पर चरणबद्ध आन्दोलन की कड़ी में आगामी 21 सितम्बर को जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन, गेट मीटिंग के आयोजन, कर्मचारी साथियों से सहमति पत्र भरवाने आदि के मुद्दे पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संघ भवन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर तीन सूत्रीय प्रस्ताव पारित किये गये। संघ जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि एकजुटता से ही जीत मिलेगी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने बताया कि पारित प्रस्तावों में 11 से 20 सितम्बर तक जनपद मुख्यालयों के कार्यालयों में दिन में 1 बजे से दो बजे तक गेट मीटिंग, हड़ताल के समर्थन में सहमति पत्र भरवाने, तहसील, विकास खण्ड मुख्यालयों पर सह शाखाओं, उप शाखाओं के पदाधिकारियों द्वारा गेट मीटिंग, सहमति पत्र भरवाने, 21 सितम्बर को दिन में तीन बजे से नलकूप कालोनी कम्पनीबाग से प्रदर्शन का आयोजन कर सुभाष चौक होते हुये न्याय मार्ग से चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिये कर्मचारी एक जुट हो, सरकार कर्मचारी हितों के प्रति गंभीर नहीं है। जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही है। लम्बे समय से पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने की मांग चल रही है। अनेक राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया किन्तु केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। बैठक में अशोक मित्र, राजेश श्रीवास्तव, अजय आर्य, राकेश पाण्डेय, प्रमोद शुक्ल, सन्तोष राव, रामचरन, उमेश वर्मा, अम्बिका प्रसाद, शिवमंगल पाण्डेय, रामसकल यादव, मुकेश सोनकर, अखिलेश पाठक के साथ ही अनेक कर्मचारी एवंपदाधिकारी मौजूद रहे।

## सवारी बैठाने के विवाद में मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती ।** पुरानी बस्ती थानान्तर्गत रेवले स्टेशन गेट संख्या 2 के सामने आटो में सवारी बैठाने की बात को लेकर राधेश्याम यादव को मुमताज, मुन्ना व पप्पू ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राधेश्याम यादव पुत्र महंगू यादव निवासी ग्राम हवेली खास थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मुमताज, मुन्ना, पप्पू के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## भक्ति-भाव से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रूधौली।** श्री कृष्णा जन्माष्टमी का पर्व क्षेत्र में बड़े ही भक्ति-भाव एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। क्षेत्र में जगह-जगह श्री कृष्णा की झांकी सजाई गई। जिससे रुधौली कस्बा भक्तिमय रहा। क्षेत्र में जगह-जगह श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। इसी क्रम में रूधौली थाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र ने श्रीकृष्ण जन्म पर पूजन अर्चन किया और एएसपी दीपेंद्र चौधरी, सीओ प्रीति खरवार सहित तमाम लोग शामिल रहे। वहीं विद्युत उपकेंद्र रुधौली , पुराना शिव मंदिर, मूड़ाडीहा ,पकरी जई सहित अन्य स्थानों पर भी जन्माष्टमी के पर्व पर भजन कीर्तन किया गया।

## बांस काटने को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती ।** कलवारी थानान्तर्गत बखडौडा गांव में बास काटने की बात को लेकर शिव मंगल को कुछ लोगो ने मिलकर पहले गालियां दी। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित शिव मंगल पुत्र चुन्नू निवासी बखडौडा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मी पुत्र उदय राज, विकास पुत्र लक्ष्मी व सुनीत पत्नी लक्ष्मी निवासीगण बखडौड़ा थाना कलावारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## युवक का शव पहुंचा घर, मचा कोहराम

**रूधौली ।** नगर पंचायत रूधौली के वार्ड नंबर 5 पंडित दीनदयाल नगर के बनगवा निवासी लकी उर्फ सनी अपनी बाइक से जरूरी कार्य के लिए कही गया हुआ था। जहां से वापस आते समय सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी कोतवाली क्षेत्र के छितौना गांव के पास तेज रफ्तार स्कार्पियों ने उसकी बाइक में ठोकर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी । बाँसी कोतवाली पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं गुरुवार की शाम पोस्टमार्टम होने के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक लकी अभी जल्द ही मुम्बई से कमा कर घर वापस आया था।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । बच्चो के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। रूधौली थानान्तर्गत जिगना गांव में बच्चो के विवाद को लेकर राजू को अभियुक्तो ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राजू पुत्र चंदर निवासी जिगिना, थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश पुत्र बेचन, संगीता पत्नी दुर्गेश, आंचल पुत्री दुर्गेश निवासीगण जिगिना , थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



बस्ती: जुलूस में जंजीरी मातम करते सोगवार। फोटो : एसएनबी

# शहीदों की याद में निकला मातमी जुलूस

**बस्ती (एसएनबी)।** कर्बला के शहीदों का चहल्लुम मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक ताजिया, अलम व ताबूत का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल सोगवारों ने नौहा पढ़ा व जंजीरी मातम कर खुद को लहुलूहान कर लिया। हर ओर या हुसैन की सदाएं बुलंद थी। देर शाम को कर्बला में जुलूस का समापन दुआ व सलाम के साथ हुआ।

इमामबाड़ा शाबान मंजिल में मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस को सम्बोधित करते हुए डा. अबुजर ने कहा कि हुसैन एक विचारधारा का नाम है। जहां पर 'जियो और जीने दो' का संदेश दिया जाता है। अरब के उमैया शासक इस्लाम का लबादा ओढ़कर इंसानियत को शर्मसार कर रहे थे। शासक यजीद इबे माविया ने अपने अपराधों को इस्लाम का हिस्सा बनाने के लिए पैगम्बर के नवासे इमाम हुसैन से बैयत तलब किया। इमाम ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए बैयत से इंकार कर दिया और अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में तीन दिन की भूख प्यास के साथ शहादत पेश करना कबूल किया। हुसैनी विचारधारा में प्रेम, सौहार्द व अमन का संदेश मिलेगा। मजलिस के बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। नमाज के बाद जुलूस बरामद हुआ। मुख्य मार्ग से होता हुआ जुलूस इमामबाड़ा लाडली मंजिल पहुंचा। जहां मजलिस के बाद जुलूस रोडवेज व अस्पताल चौराहा होते हुए कर्बला में समाप्त हुआ। मोहम्मद रफीक, अयान, साबिर, सोनू आदि ने नौहा पेश किया। मौलाना अली हसन, हाजी अनवार काजमी, शमसुल हसन, सफदर रजा, जीशान रिजवी, अन्नू, जैन, शम्स आबिद, फहीम हैदर, आले हसन, तकी हैदर, आले मुस्तफा, जावेद, आबिद अरशद, जरार हुसैन सहित अन्य जुलूस में शामिल रहे।

वहीं जुलूस के दौरान गांधीनगर में क्रेन पर लम्बी तलवार रखकर तलवार का प्रदर्शन किये जाने के मामले में प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती दिखाई और जुलूस में शामिल लोगो से बिना अनुमति तलवार का प्रदर्शन करने से रोका। जिसपर जुलूस निकाल रहे लोगो ने भी आपत्ति जताई। कुछ देर तक पुलिस व प्रशासनिक अफसरो व जुलूस कमेटी के साथ नकझक वार्ता भी हुई। समाचार लिखे जाने तक जुलूस में शामिल लोग तलवार हटाने को लेकर राजी होते नहीं दिखाई दिये।

---

## ...कांग्रेस ...ष्ठ के ...ाध्यक्ष

उत्तर प्रदेश कांग्रेस
...चेयरमैन नरेन्द्र दत्त
...को श्रम प्रकोष्ठ का
...किया है। श्री पाण्डेय
...मनोनीत किये गये हैं।
...ो श्रम प्रकोष्ठ का
...किये जाने पर कांग्रेस
...ज्ञानू, पूर्व विधायक
...प्रसाद सिंह, देवेन्द्र
...रफीक खां, सुरेन्द्र
...कश पाण्डेय गांधियन,
...ा सिद्दीकी, अवधेश
...जय प्रकाश अग्रहरि,
...पाण्डेय, शशिकान्त,
...मनोज कुमार पाण्डेय,
...री आदि ने प्रसन्नता

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर डीएम ने की गोपूजा

बस्ती। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नवागत डीएम अंद्रा वामसी ने गोशाला में गोपूजा किया। वह पांडेय बाजार स्थित कान्हा गोशाला पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोपूजा कर गाय को माला पहनाया। केला, चना व गुड़ खिलाकर पूजा किया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद्र , एसडीएम सदर विनोद कुमार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ला, एडी पशुपालन डॉ. विकास साठे आदि उपस्थित रहे।

# द्रोपदी चीर हरण की सजाई गई दिव्य झांकी

बस्ती। बस्ती कांवरिया संघ चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगल बाजार पुरानी बस्ती में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से बनाया। इस वर्ष द्रोपदी चीरहरण की दिव्य झांकी सजाई गई। आस्थावान भक्तों द्वारा देर रात तक भजन-कीर्तन किया गया। गौरव साहू, संजय द्विवेदी, अयोध्या प्रसाद साहू, राम किशोर साहू, कृष्ण किशोर साहू, सीता राम, प्रेम सोनी, जितेंद्र, मन्नू, पूनम साहू आदि मौजूद रहे।

# बड़ेवन में जवाबी बिरहा का हुआ आयोजन

बस्ती। जन्माष्टमी पर नगर पंचायत गणेशपुर क्षेत्र के पटेल नगर बड़ेवन स्थित प्राथमिक विद्यालय पर जवाबी बिरहा का आयोजन किया गया जिसमें दर्शकों ने खूब मनोरंजन लिया। स्थानीय बिरहा गायक रामभवन यादव और सीमा के बीच मुकाबला हुआ। गौरा चौराहें पर कन्हैया मोदनवाल, कष्ण कुमार, शिवम मोदनवाल द्वारा जागरण का कार्यक्रम किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हर्रैया। बुधवार को श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कुछ जगहों पर जन्माष्टमी का पर्व गुरुवार को भी मनाया गया। क्षेत्र के कस्बा स्थित थाना परिसर में विधायक अजय सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र चौधरी ने पूजन-अर्चन किया। कस्बा के राजघाट, हरैया के अंजहिया बाजार, पुरानी तहसील सहित एक दर्जन स्थानों पर जन्मोत्सव मनाया गया। कस्बा के राजघाट में भगवान श्रीकृष्णचन्द्र की मनमोहक झांकी सजाई गई।

# पदयात्रा निकालकर लगाए नारे

## कांग्रेसी

बस्ती, निज संवाददाता। भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर कांग्रेस ने पदयात्रा पार्टी कार्यालय कटेश्वरपार्क से लाल बहादुर शास्त्री चौक तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी का झंडा लिए नेताओं ने नफरत छोड़ो-भारत जोड़ो का नारा लगाया। इस यात्रा में पार्टी की महिला नेता भी शामिल रहीं। पूरे यात्रा के दौरान पार्टी नेताओं में उत्साह बना रहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी के बढ़ते कद और प्रियंका गांधी की राजनीति से विपक्ष घबराया हुआ है। कांग्रेस ही देश की सच्ची राष्ट्रभक्त है। कांग्रेस ने कभी भी सत्ता के स्वार्थ के लिए राजनीतिक शुद्धता के साथ खिलवाड़ नहीं किया। हम देश के निर्माण और उसके रक्षा व विकास को लेकर हमेशा संकल्पित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव व जिला प्रभारी कर्मराज यादव, वीरेन्द्र प्रताप नारायण पाण्डेय, अंबिका सिंह, रफीक खां, प्रेमशंकर द्विवेदी, अनिरुद्ध त्रिपाठी, विश्वनाथ चौधरी, नर्वदेश्वर शुक्ल, सूर्यमणि पाण्डेय, देवानंद पाण्डेय, रंजना सिंह, नीलम विश्वकर्मा, सीमा देवी, लीला देवी, सुमन, राधा देवी, जगदीश शर्मा आदि लोग शामिल रहे।



भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर पदयात्रा करते कांग्रेसी। ● हिन्दुस्तान

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र के भानपुर कस्बे में बरामदे में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वाल्टरगंज क्षेत्र के परसा कासी गांव निवासी बृजेश पांडेय ने तहरीर बताया था कि भानपुर में परिवार संग किराए के मकान में रहते हैं। बीते 31 अगस्त की रात को बाइक बरामदे में खड़ी करके सोने चले गए सुबह बजे जगे तो देखा कि बाइक गायब थी।

# बभनान-वाल्टरगंज रोड पर अतिक्रमण

गौर। बभनान, गौर और टिनिच से होते हुए वाल्टरगंज मार्ग पर अस्थायी अतिक्रमण हो गया है। गौर के रेल ओवरब्रिज पर पांच से छह फिट तक गड्ढा है। इस कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है। अस्थायी अतिक्रमण के संबंध में पीडब्लूडी ने कहा कि इसको हटाने का कार्य पुलिस का है।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर देंगे धरना, करेंगे गेट मीटिंग

## बैठक

बस्ती, निज संवाददाता। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच की कलक्ट्रेट परिसर स्थित संघ भवन पर बैठक हुई। बैठक में केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति पर विचार हुआ। आंदोलन के तहत 21 सितम्बर को जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन, गेट मीटिंग के आयोजन, कर्मचारी साथियों से सहमति पत्र भरवाने आदि का कार्य होगा।

संघ भवन पर जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने अध्यक्षता करते हुए एक सूत्री मांग को लेकर प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव में पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने का मांग रखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता से ही जीत मिलेगी। कर्मचारी परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रामअधार पाल ने बताया कि पारित प्रस्तावों में 11 से 20 सितम्बर तक जनपद मुख्यालयों के कार्यालयों में दिन में एक बजे से दो बजे तक गेट मीटिंग, हड़ताल के समर्थन में सहमति पत्र भरवाने, तहसील, उप शाखाओं के पदाधिकारियों की गेट मीटिंग होगी।

# सवारी बैठाने को लेकर मारपीट

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के रेलवे गेट नंबर-दो पर सवारी बैठाने को लेकर आटो चालकों ने मारपीट की। पिटाई से घायल राधेश्याम निवासी हवेली खास की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने मुमताज, मुन्ना और पप्पू निवासी अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

# थानों और कारागार में जन्में कान्हा

बस्ती। जिला मुख्यालय समेत सभी पुलिस थानों व जिला कारागार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पुलिस का अलग ही चेहरा नजर आया। यहां कोतवाली, मुंडेरवा, हर्रैया, रुधौली, कप्तानगंज समेत अन्य सभी थाने व जेल में जय हो नन्दलाल की, जय कन्हैयालाल की जयकारे गूंजे। पुलिस कप्तान गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, एसएचओ मुंडेरवा रामकृष्ण मिश्र, एसएचओ कोतवाली विनय पाठक, हर्रैया में एसएचओ राणा देवेन्द्र सिंह, कप्तानगंज में रोहित उपाध्याय समेत अन्य थानों में प्रभारी सहित तमाम स्टाफ ने श्रीकृष्ण की पूजा कर जन्माष्टमी मनाई। जिला जेल में कारागार अधीक्षक विवेकशील त्रिपाठी, जेलर अपूर्वव्रत पाठक ने स्टाफ के साथ पूजा की। शहर के कोतवाली में श्रीकृष्ण की पूजा कर जन्मोत्सव मनाया गया।

# विवाद में मुकदमा दर्ज

बस्ती। रुधौली थानाक्षेत्र के जिगना गांव में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है।

मुकामी पुलिस ने राजू की तहरीर पर गांव के ही दुर्गेश व उनकी पत्नी संगीता और पुत्री आंचल के विरुद्ध गाली देते हुए मारने-पीटने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

दो दिन मनाई गई जन्माष्टमी, शहर से लेकर गांव तक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम की रही धूम

# जन्मे कन्हाई, बरसे फूल और फूटे गुब्बारे

**श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार दो दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ। गुरुवार को भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों के साथ ही घरों में श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। झांकी में उनके जीवन से जुड़ी कई लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। आधी रात को नटखट कन्हैया के जन्म होते ही नंद के घर आनंद भयो गीत की गूंज सुनाई देने लगी। चहुंओर उल्लास छा गया। फूल बरसे और गुब्बारे फोड़कर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए गए। वहीं जन्म के बाद भगवान योगेश्वर के दर्शन के लिए लोग आतुर दिखे। लोगों ने शंख और घंट-घड़ियाल बजाकर खुशियां मनाईं। महिलाओं ने सोहर गाया। घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ हुए। भजन-कीर्तन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धूम रही। मंदिरों के साथ ही कई घरों में कान्हा के जन्मदिन पर झांकियां सजाई गई थीं। शहर के विभिन्न मुहल्लों में मंदिरों के साथ ही घरों में पर्व की धूम रही। कई जगहों पर सजाई गई झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इन झांकियों में श्रीकृष्ण का जन्म, नटखट कान्हा द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाने, माखन खाने, नागनथैया, कंस का वध करना आदि झांकियां लोगों का मन मोहती रहीं। रात 12 बजे कान्हा का जन्म होते ही वातावरण में नंद के घर आनंद भयो की गूंज सुनाई देने लगी। शंख और घंट बजने के साथ ही श्रद्धालु महिलाओं ने सोहर गाया। लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। जो लोग व्रत थे, उन्होंने प्रसाद खाकर व्रत तोड़ा। शहर के जनता होटल के सामने आकर्षक झांकी सजाई गई थीं। यहां देर रात तक जागरण कार्यक्रम हुआ। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु थिरकते दिखे। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता अंकुर वर्मा, सचिन शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, सनम आदि मौजूद रहे। यहीं जन्माष्टी पर्व पर मेले का आयोजन हुआ। पुरानी बस्ती क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर भव्य आयोजन हुए।

**सारा पुलिस स्टाफ पूजन में रहा मौजूद :** कोतवाली समेत सभी 17 थानों में पदस्थ पुलिस स्टाफ पूजन के दौरान थाने में मौजूद रहे। सभी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पूजन कर अक्षत डाले, पुष्प चढ़ाए और एक-दूसरे को भगवान के जन्मोत्सव की बधाई दी। सभी थानों में भगवान के जन्मोत्सव की इतनी धूमधाम और विधि-विधान से पूजन कराया गया है। पूजन के बाद सारा स्टाफ ड्यूटी के लिए अपने-अपने प्वाइंट पर चले गए और बाकी स्टाफ ने आकर नंदलाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



गुरुवार को मंगल बाजार में सजी झांकी। • हिन्दुस्तान

## श्री राधे की रूप सज्जा में अरिहन्त, तृषा प्रथम

बस्ती। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नृत्य धाम पर नृत्य गुरु मास्टर शिव के संयोजन में बाल कलाकारों ने अनेक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। प्रतियोगिता में कृष्ण की रूप सज्जा में अरिहन्त प्रथम, कुंज द्वितीय और उत्कर्ष तृतीय स्थान पर रहे। श्रीराधा रूप सज्जा में तृषा श्रीवास्तव प्रथम, हिमान्या द्वितीय और गार्गी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. नवीन श्रीवास्तव और डॉ. शैलजा शतीश, डॉ. रामप्रकाश, राहुल श्रीवास्तव, दुर्गेश सोनी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, हर्ष सोनी, अर्नव, पुष्पा वर्मा, शिवा त्रिपाठी, कल्पना चौधरी, अदिति चौधरी आदि मौजूद रहीं।



गुरुवार को राधा-कृष्ण की रूप सज्जा प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। • हिन्दुस्तान

## जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ो कार्यक्रम हुआ

सल्टौआ। सोनहा थाना परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी मौजूद रहे। इसके अलावा सल्टौआ, पद्मोहनी शिवमन्दिर, महनुआ, जिनवा, देईपार, परसा खाल, रुद्रपुर, पचानू, रेहार जंगल, गौहनिया, सेखुई, पड़री, खरहरा, लपसी, कनेथू, पकरी, सिकंदरपुर, मनवा, आमा, सूरतगढ़ आदि गांवों में जन्माष्टी पर भजन-कीर्तन किया। जगह-जगह झांकी सजाई गई। सांऊघाट संवाद के अनुसार क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मेला का आयोजन हुआ। भादी खुर्द चौराहे पर मेलार्थियों की भीड़ लगी रही।

# पीएम पर अमर्यादित मैसेज बना चर्चा का विषय

**सोशल मीडिया से**

**कप्तानगंज, हिसं।** कप्तानगंज क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक शिक्षक का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक मैसेज वायरल होना चर्चा का विषय बना है। दो दिन पूर्व शिक्षक ने एक ग्रुप पर वायरल किया था। शिक्षक की ओर से सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज से घमासान मचा हुआ है। दो दिनों से चुप्पी साधे जिम्मेदार अब जांच की बात कह रहे हैं। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल मैसेज की पुष्टि नहीं करता।

क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय पर तैनात शिक्षक ने 4 सितम्बर को 2.53 बजे बीआरसी व्हाट्सएप ग्रुप पर पीएम से सम्बोधित एक मैसेज वायरल किया। बताया जाता है कि शिक्षक के वायरल मैसेज का स्कीन शार्ट किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अमर्यादित टिप्पणी से भाजपाइयों में नाराजगी है। इसके विरोध पर आरोपी शिक्षक ने देर रात मैसेज डिलीट कर दिया। एबीएसए प्रभात श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है, स्कीन शार्ट भेजिए दिखवाता हूं। अगर ऐसा है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। इस बाबत बीएसए अनूप कुमार ने कहा कि इस प्रकरण में आख्या मांगी गई है।

# युवती को अगवा किया, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कप्तानगंज कस्बे के सन्तकबीर इंटर कॉलेज में पढ़ने गई 18 वर्षीय युवती को एक युवक ने अगवा कर लिया। अपहृत युवती की पिता क तहरीर पर पुलिस ने नगर थानांतर्गत अहिरौलिया निवासी राजवीर सिंह उर्फ रीशू के खिलाफ अपहरण करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रेमप्रपंच का मामला बताया है। फिलहाल मामले की तहकीकात एसआई जितेन्द्र मिश्र ने शुरु कर दी है।

# धोखाधड़ी कर जमीन का दो बार किया बैनामा

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के अगौना में एक ही जमीन का छलपूर्वक दो बार बैनामा करने का मामला सामने आया है। इस मामले पीड़ित पक्ष की ओर से शिवप्रसाद की तहरीर पर दुबौलिया थाना क्षेत्र के भरुकहवा गांव निवासी संतोष, अगौना निवासी श्यामनारायन और गौर थाना क्षेत्र के साड़ीकल्प गांव निवासी विमल कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर एसआई विजयकांत यादव ने मामले की जांच आरंभ कर दी है।

लकड़ी की थी तलवार, पुलिस ने क्रेन समेत कब्जे में लेकर पुलिस लाइन भेजा, बस्ती शहर की घटना

# 20 फुट लंबी तलवार का क्रेन से प्रदर्शन

**चेहल्लुम**

**बस्ती, निज संवाददाता।** बस्ती शहर में गुरुवार की शाम चेहल्लुम के जुलूस में एक क्रेन से 20 फुट लंबी लकड़ी की तलवार लटकाकर प्रदर्शन किया गया। शस्त्र प्रदर्शन पर प्रतिबंधित होने से पुलिस ने फौरी तौर पर एतराज जताते हुए क्रेन समेत तलवार कब्जे में ले ली। पुलिस कार्रवाई पर जुलूस में शामिल लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर नारेबाजी की। विवाद बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

गुरुवार को शहर में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र में गांधीनगर पुलिस के सामने क्रेन पर तलवार लटकाकर प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया। तलवार सहित क्रेन कब्जे में लेने पर जुलूस में शामिल लोगों ने जाम लगाकर विरोध शुरू कर दिया। एडिशनल एसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी और एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने जुलूस में शामिल लोगों को समझाकर शांत कराया। इंतिजामिया कमेटी के साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक के बाद जुलूस कर्बला के लिए रवाना हुआ। कोतवाली पुलिस ने क्रेन सहित तलवार पुलिस लाइन भिजवा दी। इस दौरान एडीएम कमलेश वाजपेयी, सीओ सिटी आलोक प्रसाद, कोतवाल विनय पाठक समेत पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई थी।



गुरुवार को चेहल्लुम के जुलूस में क्रेन पर लटकाई गई 20 फुट लंबी तलवार।



गुरुवार को क्रेन सहित तलवार कब्जे में लिए जाने के विरोध में धरने पर बैठे लोग।

## जुलूस में हथियार का प्रदर्शन प्रतिबंधित : एसपी

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि किसी भी जुलूस में प्रतिबंधित हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। जैसे ही 20 फुट तलवार के प्रदर्शन की जानकारी संज्ञान में आई फौरन पुलिस ने एक्शन लिया। क्रेन समेत तलवार कब्जे में लेते हुए पुलिस लाइन भेजवा दिया। जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न कराने बाद अगली कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल माहौल शांतिपूर्ण है।

## लकड़ी की थी तलवार, जुलूस से हटाई गई : एसडीएम

एसडीएम सदर विनोद पाण्डेय ने बताया कि चेहल्लुम पर शहर के गांधीनगर पुलिस बूथ के सामने 20 फुट लंबी तलवार क्रेन से लटकाकर ले जाई रही थी। कानून-व्यवस्था के मद्देनजर तलवार कब्जे में लेकर जुलूस से हटवा दी गई। बाद में पता चला कि लंबा तलवार लकड़ी की थी, उस पर सिल्वर कलर का रैपर चिपकाया गया था। शहर की कानून-व्यवस्था को हर हाल में कायम रखा जाएगा।

# युवती ने नदी में लगाई छलांग गोताखोरों ने बचाई जान

बस्ती। नगर क्षेत्र के अमहट पुल के पास से एक 45 वर्षीय महिला ने गुरुवार को शाम अचानक कुआनो नदी में छलांग लगाकर कूद गई। फुटहिया चौकी प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली कि एक महिला ने नदी में छलांग लगा दी है।

गोताखोरों की मदद से महिला को बाहर निकलवाकर उप निरीक्षक रिंकी गुप्ता के साथ प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के पूछताछ में महिला ने बेलवाडाड़ी थाना कोतवाली की रहने वाली है।

# गौर में मवेशियों की भी बन रही सूची

बभनान। गोवंशों को पकड़ कर गोशालाओं में संरक्षित करने का अभियान तेज है। वहीं, बीडीओ ने मातहतों को गांव-गांव जाकर पशुपालकों के मवेशियों की सूची तैयार करने व गोवंश को चिह्नित करने का निर्देश दिया। बीडीओ वर्षा बंग ने बताया कि ब्लॉक की गोशाला और गोआश्रय स्थलों की व्यवस्था चाक-चौबंद कराई जा रही है। सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व सफाई कर्मचारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है कि गांव-गांव में जाकर मवेशियों की सूची तैयार करें।

# कर्बला के शहीदों की याद में निकला जुलूस

- इमामबाड़ा शाबान मंजिल में हुआ मजलिस का आयोजन
- चेहल्लुम के जुलूस में शामिल सोगवारों ने पढ़ा नौहा, किया मातम



गुरुवार को चेहल्लुम के जुलूस में मातम करते लोग। • हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। कर्बला के शहीदों का चहलुम गुरुवार को मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक ताजिया, अलम व ताबूत का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल सोगवारों ने नौहा पढ़ा व जंजीरी मातम कर खुद को लहुलूहान कर लिया। हर ओर या हुसैन की सदाएं बुलंद थी। देर शाम को कर्बला में जुलूस का समापन दुआ व सलाम के साथ हुआ।

इमामबाड़ा शाबान मंजिल में मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस को सम्बोधित करते हुए डॉ. अबुजर ने कहा कि हुसैन एक विचारधारा का नाम है। जहां पर 'जियो और जीने दो' का संदेश दिया जाता है। अरब के उमैया शासक इस्लाम का लबादा ओढ़कर इंसानियत को शर्मसार कर रहे थे। शासक यजीद इब्ने माविया ने अपने अपराधों को इस्लाम का हिस्सा बनाने के लिए पैगम्बर के नवासे इमाम हुसैन से बैयत (विचारों के प्रति समर्पण) तलब किया। इमाम ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए बैयत से इंकार कर दिया और अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में तीन दिन की भूख प्यास के साथ शहादत पेश करना कबूल किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सामने सही इस्लाम की पहचान सबसे बड़ी चुनौती है। लोगों को यह समझ लेना चाहिए कि जहां हुसैनियत है, वहीं इस्लाम है। हुसैनी विचारधारा में प्रेम, सौहार्द व अमन का संदेश मिलेगा। जुल्म, आतंकवाद, नाइंसाफी, गैर बराबरी की यहां कोई जगह नहीं है। मजलिस के बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। नमाज के बाद जुलूस बरामद हुआ। मुख्य मार्ग से होता हुआ जुलूस इमामबाड़ा लाडली मंजिल पहुंचा। यहां पर मजलिस के बाद जुलूस दोबारा शुरू हुआ। रोडवेज व अस्पताल चौराहा होते हुए कर्बला में समाप्त हुआ। मोहम्मद रफीक, अयान, साबिर, सोनू आदि ने नौहा पेश किया। मौलाना अली हसन, हाजी अनवार काजमी, शमसुल हसन, सफदर रजा, जीशान रिजवी, अन्नू, जैन, शम्स आबिद, फहीम हैदर, आले हसन, तकी हैदर, मो. रिजवी सहित अन्य जुलूस में शामिल रहे।

# दुबौलिया में गला घोंटकर की गई थी युवक की हत्या

## खुलासा

बस्ती, निज संवाददाता। दुबौलिया क्षेत्र के गोकुलपुर के सरयू नहर में बोरे में भरे शव का गुरुवार को पुलिस ने पीएम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पाया गया कि युवक की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई थी। गले में तीन बार रस्सी लपेटकर कस दी गई थी। उसके गले की दोनों हड्डी टूट मिली। जुबान भी बाहर निकलकर दांत के नीचे दबी थी। इससे प्रतीत होता है कि दो-तीन लोगों ने मिलकर पहले उसका गला कसा होगा। दम घुटने के बाद हाथ-पैर बांधकर बोरे में भरकर नहर में फेंक दिया होगा।

गोकुलपुर गांव के पास रविवार की सुबह सरयू नहर की पुलिया के नीचे झाड़ में फंसे बोरे में एक शव मिला था। तेज दुर्गंध आने पर नित्यक्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने बोरे में शव होने की आशंका में पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरी को खोलवाकर देखा तो हाथ, पैर कपड़े की पतली पट्टी से बंधा हुआ था। पुलिस ने बोरा खोलकर एक नजर देखा और बताया कि वह शव किसी युवती का है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने भी मौके पर पहुंच कर जानकारी हासिल की।

## दोबारा पंचनामा करने के बाद शव का हुआ पीएम

महिला के स्थान पर पुरुष का शव मिलने के बाद अब पुलिस की चुनौती बढ़ गई है। साधू जैसे दिखने वाले अज्ञात युवक की पहचान कराने के साथ ही उसकी निर्ममता से हत्या करने वालों के बारे में पता करना आसान नहीं होगा।

## दुबौलिया मामले की सीओ करेंगे जांच-एसपी

दुबौलिया में पुरुष के शव को महिला का बताकर पंचनामा करने के मामले में एसपी ने जांच का आदेश दे दिया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सीओ कलवारी विनय चौहान को इस मामले की जांच सौंपी गई है।

# लेखपाल के कमरे से नकदी व गहने चोरी

हरैंया। कस्बे में किराए के मकान में रह रहे लेखपाल के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी समेत जेवरात उड़ा दिए। लेखपाल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहसील में तैनात लेखपाल हरि सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि कस्बे के मोतीनगर अटवा में वे किराये के मकान में रहते हैं। बुधवार की सुबह लगभग 10:00 बजे कमरे में ताला लगाकर क्षेत्र में चले गए। देर शाम वापस लौटे तो कमरे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। सभी बॉक्सों के ताले टूटे थे और उसमें रखा 35000 नकद और पत्नी का जेवरात गायब थे।

# कुआनो नदी में कूदी महिला को बचाया गया

जासं, गोटवा, बस्ती: अमहट घाट से कुआनो नदी में कूदी एक महिला को चौकीदार की मदद से बचा लिया गया। उसे नदी से निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया गया,. जहां महिला का उपचार चल रहा है। नगर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गुरुवार को दोपहर ढाई बजे सूचना मिली कि एक महिला अमहट पुल के दूसरे साइड से कुआनो नदी में कूद गई है। मौके पर पहुंचे फुटहिया चौकी प्रभारी राजीव सिंह ने चौकीदार लंबू की मदद से महिला को नदी से बाहर निकलवाया। उसे प्राइवेट वाहन से महिला उपनिरीक्षक रिंकी गुप्ता के साथ जिला अस्पताल भिजवाया। महिला की पहचान 45 वर्षीय खुशबू पाल पत्नी अंजनी पाल निवासी बेलवाडाड़ी थाना कोतवाली जनपद बस्ती के रूप में हुई। महिला के नदी में कूदने का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।

# बच्चों के विवाद में मारा पीटा, दी धमकी

बस्ती: रुधौली थाने के जिगना गांव निवासी राजू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहा। मारा पीटा और जान माल की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुर्गेश, संगीता समेत तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# खुले आसमान के नीचे चल रहा जिला अग्निशमन केंद्र

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** कंडम घोषित जिला अग्निशमन केंद्र के भवन को ध्वस्त हुए छह माह बीत गए, मगर अब तक नया भवन बनना तो दूर इसके इस्टीमेट को स्वीकृति तक नहीं मिल सकी है। ऐसे में इन दिनों खुले आसमान के नीचे जिला अग्निशमन केंद्र संचालित किया जा रहा है। जगह के अभाव में मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित अधिकांश आफिस स्टाफ हर्रैया स्थित अग्निशमन केंद्र शिफ्ट हो गया है।

अब जनपद मुख्यालय पर दो फायर टेंडर और आधा दर्जन कर्मी ही मौजूदहैं। यह या तो फायर टेंडर में बैठे रहते हैं या फिर बगल में स्थित कोतवाली थाना में बैठकर दिन काट रहे हैं। कोतवाली से सटे जिला अग्निशमन केंद्र का पुराना भवन एक दशक पूर्व कंडम घोषित हो चुका था। ऐसे में इस भवन को ध्वस्त कराकर उसी स्थान पर नए भवन के निर्माण को शासन की ओर से दिसंबर 2014 में ही मंजूरी दे दी गई थी। इसके लिए छह करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए थे। कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को नामित कर दिया गया था। विभागीय टेक्निकल अधिकारियों ने दो बार पुराने अग्निशमन भवन का जायजा भी लिया। मगर इसके बाद भी मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 2022 में तत्कालीन मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने दोबारा जिला अग्निशमन केंद्र के नए भवन का निर्माण कराने का प्रस्ताव भेजा, मगर इसे अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। फरवरी 2023 में कंडम घोषित हो चुके भवन को ध्वस्त करा दिया गया था।



ध्वस्त हो चुके जिला अग्निशमन केंद्र में खड़ा फायर टेंडर • जागरण

**पुलिस हेड क्वार्टर से स्वीकृत हो चुकी है डिजाइन:** नए अग्निशमन केंद्र के लिए पुलिस हेड क्वार्टर से डिजाइन स्वीकृत हो चुकी है। डिजाइन के अनुसार नए जिला अग्निशमन केंद्र एक बड़ा प्रशासनिक भवन, एक बड़ा गैरेज, मेस, स्टोर रूम, पंप हाउस, मनोरंजन कक्ष, अधिकारी व कर्मचारी आवास का निर्माण कराया जाएगा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतींद्रनाथ ने बताया कि नए जिला अग्निशमन केंद्र के भवन का निर्माण कराने के लिए शासन को 18 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इसे वित्तीय स्वीकृति मिलने का इंतजार है। स्वीकृति मिलने और धन अवमुक्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# कर्बला के शहीदों की याद में निकला मातमी जुलूस

## इमामवाड़ा शावान मंजिल में मजलिस का आयोजन, चेहलुम के जुलूस में शामिल सोगवारों ने पढ़ा नौहा

जागरण संवाददाता, बस्ती: चेहल्लुम पर गुरुवार को कर्बला के शहीदों की याद में मातमी जुलूस निकाला गया। शहर से लेकर गांव तक ताजिया, अलम व ताबूत का जुलूस निकला। इसमें शामिल सोगवारों ने नौहा पढ़ा व जंजीरी मातम कर खुद को लहूलुहान किया। हर ओर या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंज रही थी। देर शाम को कर्बला में जुलूस का समापन हुआ व सलाम के साथ हुआ।

इमामबाड़ा शावान मंजिल में मजलिस का आयोजन हुआ। इसमें डा.अबुजर ने कहा कि हुसैन एक विचारधारा का नाम है। जहां पर जियो और जीने दो का संदेश दिया जाता है। अरब के उमैया शासक इस्लाम का लबादा ओढ़कर इंसानियत को शर्मसार कर रहे थे। शासक यजीद इब्ने माविया ने अपने अपराधों को इस्लाम का हिस्सा बनाने के लिए पैगंबर के नवासे इमाम हुसैन से बैयत (विचारों के प्रति समर्पण) तलब किया। इमाम ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए बैयत से इंकार कर दिया और अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में तीन दिन की भूख प्यास के साथ शहादत पेश करना कबूल किया। कहा कि आज जो इस्लाम जिंदा है, वह इमाम की कुर्बानी की देन है। इसीलिए इस्लाम के मानने वाले इमाम की इस कुर्बानी को अकीदत व एहतराम के साथ याद करते हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सामने सही इस्लाम की पहचान सबसे बड़ी चुनौती है। लोगों को यह समझना चाहिए कि जहां हुसैनियत है, वहीं इस्लाम है। हुसैनी विचारधारा में प्रेम, सौहार्द व अमन का संदेश मिलेगा। जुल्म, आतंकवाद, नाइंसाफी, गैर बराबरी की यहां कोई जगह नहीं है।



मातम कर खुद को लहूलुहान करते जुलूस में शामिल सोगवार • जागरण

मजलिस के बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। नमाज के बाद जुलूस निकला जो मुख्य मार्ग से होता हुआ इमामबाड़ा लाडली मंजिल पहुंचा। यहां पर मजलिस के बाद जुलूस रोडवेज व अस्पताल चौराहा होते हुए कर्बला में समाप्त हुआ। मोहम्मद रफीक, अयान, साबिर, सोनू आदि ने नौहा पेश किया। मौलाना अली हसन, हाजी अनवार काजमी, शमसुल हसन, सफदर रजा, जीशान हैदर रिजवी, अन्नू, जैन, शम्स आबिद, फहीम हैदर, आले हसन, तकी हैदर, आले मुस्तफा, जावेद, आबिद अरशद, जरार हुसैन सहित अन्य जुलूस में शामिल रहे।

चेहल्लुम के जुलूस में क्रेन पर नजर आया 20 फीट का तलवार : गुरुवार की शाम शहर में चेहल्लुम के जुलूस के दौरान एक क्रेन से लटक रहे 20 फिट लंबे तलवार को देख प्रशासन व पुलिस ने इस पर आपत्ति जताई तो जुलूस में शामिल लोग सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी की। अधिकारियों ने बातचीत कर उन्हें शांत कराया। जुलूस की इंतेजामिया कमेटी के साथ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की काफी देर तक बैठक हुई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने तलवार सहित क्रेन को कब्जे में लेकर पुलिस लाइन भिजवाया और जुलूस कर्बला के लिए रवाना हुआ।



चेहल्लुम के जुलूस में क्रेन से लटकी तलवार • जागरण

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि किसी भी जुलूस में प्रतिबंधित हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। जैसे ही प्रकरण की जानकारी हुई तुरंत पुलिस ने एक्शन लिया।

लकड़ी से बना था क्रेन पर टांगा गया तलवार: एसडीएम सदर विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि चेहल्लुम पर गांधीनगर पुलिस चूथ के सामने से 20 फिट लंबा तलवार क्रेन पर रख कर ले जाया रहा था। शांति एवं कानून-व्यवस्था के मद्देनजर कब्जे में लेकर जुलूस से हटवा दिया गया। बाद में पता चला कि तलवार लकड़ी का बना हुआ था।

# दुकान व गोदाम में लगी आग से कीमती सामान जलकर राख

जागरण संवाददाता, बस्तीः कोतवाली क्षेत्र के मालवीय रोड पर स्थित शक्तिनगर लैबुड़वा कालोनी में एक किराने की दुकान और उसके बगल स्थित गोदाम में बुधवार की रात नौ बजे बिजली के शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग से दुकान व गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

आवास विकास कालोनी निवासी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्होंने शक्ति नगर लैबुड़वा कालोनी में राधेश्याम शुक्ला के मकान में किराये पर कमरा लेकर किराने की दुकान खोल रखी है। दुकान उनका बेटा दीपांशु चलाता है। बुधवार की रात नौ बिजली के शार्ट सर्किट के से दुकान में आग लग गई। आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया कि दुकान के बगल में उनके भाई अरविंद के गोदाम में भी आग लग गई। उसमें भी रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन अधिकारी पशुपतिनाथ मिश्र ने बताया कि रात में आग लगने की सूचना मिलते मौके पर तीन फायर टेंडर के माध्यम से आग बुझाने की कोशिश की गई। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



शक्तिनगर लैबुड़वा कालोनी में दुकान में लगी आग सौ. अग्निशमन विभाग

# भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर पदयात्रा

- कांग्रेस कार्यालय से निकाली गई पदयात्रा शास्त्री चौक पर समाप्त
- लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

जासं, बस्ती: भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर गुरुवार को शहर में कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकाली। इस दौरान सरकार विरोधी नारेबाजी भी की गई।

जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पांडेय ज्ञानू की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यालय पर इकट्ठा हुए। यहां से पदयात्रा निकली। जो गांधीनगर से कंपनीबाग होते हुए शास्त्री चौक पहुंची।

यहां स्थापित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यात्रा के दौरान नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो व जाति का बंधन तोड़ो के नारे भी लगाए गए। प्रदेश महासचिव जयकरन वर्मा एवं जिला प्रभारी कर्मराज यादव ने कहा पूरा देश समझ चुका है, कि जाति धर्म के नाम पर केंद्र सरकार ने देश के नागरिकों में नफरत भर दी है। राहुल गांधी ने 4 हजार किमी पैदल यात्रा करके इसे करीब से देखा और अनुभव किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप नारायण पांडेय बबलू ने कहा जब से विपक्षी दलों का नया गठबंधन आइएनडीआइए बना है तब से भाजपा में बौखलाहट देखी जा रही है। भाजपा ने सिर्फ जनता को छला है और भावनात्मक रूप से बड़े बड़े सपने दिखाकर जनता के ऊपर महंगाई, भ्रष्टाचार और बेराजगारी का बोझ लाद दिया है। पूर्व विधायक अंबिका सिंह व देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। प्रवक्ता मो. रफीक खां, पीसीसी सदस्य प्रेमशंकर द्विवेदी, अनिरूद्ध त्रिपाठी, विश्वनाथ, नर्वदेश्वर शुक्ल, सूर्यमणि पांडेय, देवानंद पांडेय, महेन्द्र श्रीवास्तव, गिरजेश पाल, बालमुकुन्द मिश्रा, शौकत अली नन्हू, डा. वाहिद अली, सुरेन्द्र मिश्रा, प्रमोद द्विवेदी, राना प्रताप सिंह, घनश्याम शुक्ल, डा. शीला शर्मा, भूमिधर गुप्ता, अमरबहादुर शुक्ल तप्पे, रामप्रीत दुसाद, फिरोज खां, रविन्द्र सिंह राजन आदि मौजूद रहे।



पदयात्रा निकालते कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता • सौ. स्वयं

# पंचनामा में चूक की होगी जांच, एसपी ने दिया आदेश

## दुबौलिया पुलिस ने महिला बताकर पुरुष के शव का किया था पंचनामा, पोस्टमार्टम के लिए बोरा खोलने पर पुरुष का शव देख हैरान थे डॉक्टर

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। महिला और पुरुष के शव में फर्क न समझ पा रही दुबौलिया पुलिस मौत की गुत्थी कैसे सुलझा पाएगी, इसे लेकर एक नया सवाल खड़ा हो गया है। इसे हड़बड़ी कहें, लापरवाही या मानवीय भूल। मगर इस चूक का उसे खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने जांच का आदेश दे दिया है। सीओ कलवारी विनय चौहान को मामले की जांच सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मी पर कार्रवाई तय है।

तीन सितंबर को सरयू नहर में मिला अज्ञात शव को दुबौलिया पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शव के साथ भेजी गई रिपोर्ट और पंचनामा में महिला का शव बताया गया था, लेकिन जब पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस का सील किया हुआ बोरा खोला गया तो पुरुष का शव निकला। हैरान रही पोस्टमार्टम टीम ने इस बारे में दुबौलिया पुलिस से संपर्क किया तो इतनी बड़ी चूक का अहसास हुआ।

बृहस्पतिवार को दूसरा पंचनामा करके भेजने के बाद पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें हत्या की पुष्टि हुई।

**तीन सितंबर को दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर के पास नहर में मिला था शव**


लापरवाही : लंबे बाल देख पंचनामा में लिखा महिला का शव...निकला पुरुष का

सात सितंबर को प्रकाशित खबर।

**यह है मामला**

दुबौलिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के निकट रविवार सुबह सरयू नहर की पुलिया के नीचे झाड़ में फंसे बोरे में एक शव मिला था। तेज दुर्गंध आने पर नित्यक्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने बोरे में शव होने की आशंका में पुलिस को सूचित किया। थाने से करीब छह सौ मीटर दूर से मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरे को खोलवाकर देखा तो हाथ पैर कपड़े की पतली पट्टी से बंधा हुआ था। पानी में रहने के कारण शव काफी फूल गया था और उसमें सड़न होने लगी थी। पुलिस ने बोरा खोलकर एक नजर देखा और बताया कि वह शव किसी युवती का है। जिसकी उम्र लगभग 24-25 वर्ष आंकी गई। शरीर पर लाल रंग का कुर्ता और सफेद लैगी या पायजामा जैसा कपड़ा देखा गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल चौधरी ने भी मौके पर पहुंच कर जानकारी हासिल की। चूंकि पहचान नहीं हो पाई थी, इसलिए पुलिस ने नियमानुसार 72 घंटे के लिए मुर्दाघर में शव रखवा दिया और सोशल मीडिया से लेकर अन्य तरीकों से पहचान कराने का प्रयास करने लगी। बुधवार को 72 घंटे की समयसीमा समाप्त होने के बाद जब पोस्टमार्टम करने के लिए डाक्टर ने शव को चीरघर पर मंगाया तो बोरा खोलने पर वह शव युवक का निकला।

**गला में रस्सी कसकर की गई थी युवक की हत्या :** दुबौलिया थानाक्षेत्र के गोकुलपुर के सरयू नहर में बोरे में भरे शव का बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें पाया गया कि युवक की निर्ममता से गला घोंटकर हत्या की गई थी। गले में तीन चक्कर रस्सी लपेटकर कस दी गई थी। उसके गले की दोनों हड्डी टूट गई थी।

जुबान भी बाहर निकलकर दांत के नीचे दबी हुई थी। इससे प्रतीत होता है कि दो-तीन लोगों ने मिलकर पहले उसका गला कसा होगा। दम घुटने के बाद हाथ-पैर बांधकर बोरे में भरकर नहर में फेंक दिया होगा।

**पुलिस की बढ़ गई चुनौती :** शव के लिंग की पहचान करने में गच्चा खा चुकी पुलिस के लिए चुनौती कम नहीं हुई है। साधु जैसे दिखने वाले अज्ञात युवक की पहचान कराने के साथ ही उसकी निर्ममता से हत्या करने वालों के बारे में पता करना आसान नहीं होगा।

शव के कई दिन पानी में पड़ा रहने के कारण चेहरा भी पहचान में नहीं आ रहा है, जिससे मुश्किलें और भी बढ़ गई है। हालांकि थानाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह का कहना है कि केस का जल्द पर्दाफाश किया जाएगा।

**क्या है पंचनामा की कार्रवाई**

सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि जब किसी स्थान पर किसी पुरुष या महिला की मौत किसी घटना से हो जाती है, या उसकी आकस्मिक मौत हो जाती है या फिर उसकी मौत संदिग्ध हो, तो ऐसे हालात में मृतक के परिजनों या किसी भी शख्स की सूचना पर पुलिस पांच व्यक्तियों को पंच के रूप में नियुक्त करते हुए पंचनामा यानी पंचायत नामा की कार्रवाई करती है। इसमें शव किस स्थिति में मिला, उसका हुलिया, बाहरी तौर पर कोई जख्म, चोट के निशान थे या नहीं आदि लिखा जाता है। पंचनामा की कार्यवाही को कम से कम उपनिरीक्षक स्तर का पुलिस अधिकारी मौके पर होना जरूरी होता है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि पांच व्यक्तियों से इस सहमति पर हस्ताक्षर कराया जाता है कि पुलिस ने शव को जिस स्थिति में देखा, वैसा उन लोगों ने भी देखा।

*शव के लिंग की पहचान करने में यह चूक कैसे हुई इसकी जांच कराई जाएगी। जिसकी लापरवाही पाई जाएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।* -गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी

# चेहल्लुम के जुलूस में बीस फीट की लकड़ी की तलवार निकालने पर विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। शहर में बृहस्पतिवार शाम को निकले गए चेहल्लुम (चालीसवां) के जुलूस के दौरान 20 फिट की लकड़ी की तलवार निकाले जाने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस प्रशासन ने एतराज जताते हुए जुलूस से तलवार हटाने की बात की तो जुलूस में शामिल लोग सड़क पर जाम लगा कर नारेबाजी करने लगे।

मौके की नजाकत को देखते भारी पुलिस बल बुला लिया गया। हालांकि प्रशासनिक व पुलिस अफसरों ने बातचीत के बाद उन्हें शांत कराया। जुलूस की इंतजामिया कमेटी के साथ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की वार्ता के बाद जुलूस कर्बला के लिए रवाना हुआ। कोतवाली पुलिस ने क्रेन सहित तलवार पुलिस लाइन भेज दिया। बृहस्पतिवार को जब चेहल्लुम का जुलूस गांधीनगर सब्जीमंडी के पास पहुंचा तो उसमें एक क्रेन पर 20 फिट की तलवार देखी गई, जिसे बांधकर लहराया जा रहा था। इसे देख जुलूस की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने आपत्ति की।

## क्रेन में लटकाकर जुलूस में ले जाई जा रही थी लकड़ी की तलवार

लोगों ने कहा कि शांति सुरक्षा कमेटी की बैठक में ऐसी किसी नई परंपरा के बारे में बात नहीं हुई थी। मगर जुलूस निकालने वाले उसे न हटाने पर अड़ गए। बाद में किसी तरह क्रेन और तलवार को हटवाया गया। बाद में पता चला कि वह लकड़ी की थी, जिस पर सिल्वर कलर का रैपर चिपकाया गया था। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि तलवार को हटवाकर और जुलूस निकलवाया जा रहा है। संवाद

# परिचित को फंसाने के लिए महिला ने पुलिस को दी थी लूट की फर्जी सूचना

## कट्टे और चाकू के दम पर लूट करने की सूचना पर हलकान रही पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुधौली (बस्ती)।** थाना क्षेत्र के कुड़िया बाजार में बच्चों के साथ अकेली रहने वाली महिला ने घर के आंगन में घुसकर जेवर व मोबाइल लूट की सूचना पुलिस को दी थी। यह सूचना पुलिस की जांच पड़ताल के बाद फर्जी निकली।

पुलिस की तरफ से दावा किया गया है कि महिला ने एक परिचित को फंसाने की नीयत से यह सूचना दी थी। इसकी लिखित स्वीकारोक्ति महिला ने पुलिस से की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचारी कला की कुड़िया बाजार निवासी कैसरजहां ने पुलिस को बताया कि उसके पति वाहिद अली वर्षों से मुंबई में रहकर काम करते हैं।

वह घर में तीन बच्चों मुस्कान, जीशान व डेढ़ वर्ष की शाहजहां के साथ रहती है। बुधवार की रात लगभग दो बजे कुछ जरूरी काम के लिए आंगन की तरफ निकली थी, जैसे ही वह दरवाजा खोलकर आंगन में पहुंची कि उसकी बाउंड्री से सटी सीढ़ी पर बैठे दो युवक उसके सामने कूद पड़े और उसके गले पर कट्टा व चाकू रखकर जेवर रुपये की मांग करने लगे। घबराहट में कैसरजहां ने जो कुछ भी उसके पास था सब दे दिया। इसके बाद दोनों धमकी देते हुए पीछे के रास्ते से भाग गए।

**रात दो बजे दो लोगों के घर में कूद कर हथियारों के बल पर लूट की बात कही थी**

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र, एसआई रामानंद सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़िता से आवश्यक जानकारी इकट्ठा कर जांच में जुट गए।

सूचना मिलने के बाद से ही घटना को संदिग्ध मान रही पुलिस ने जब इसकी तह में पहुंचने के लिए महिला को थाने पर बुलाकर पूछताछ शुरू की तो महिला ने घटना को झूठा बताया।

उसने सच्चाई कबूलते हुए बताया कि उसके घर पर आए एक परिचित से उसकी बहस हो गई थी। जाते समय वह परिचित उसका मोबाइल छीन कर ले गया था। उसे फंसाने की नियत से उसने झूठी सूचना दे डाली।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र का कहना है कि महिला द्वारा घटना का समय रात दो बजे के आसपास का बताया जा रहा है, जबकि उसने सुबह आठ बजे तक घटना की जानकारी गांव के किसी व्यक्ति तक को नहीं दी।

यहीं से घटना संदेह के घेरे में आ गई। इसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने सच्चाई कबूल कर ली।

## बच्चों के विवाद में तीन पर केस

**बस्ती।** रुधौली थाना क्षेत्र के जिगना गांव में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। मुकामी पुलिस ने राजू की तहरीर पर गांव के ही दुर्गेश व उनकी पत्नी संगीता और पुत्री आंचल के विरुद्ध अपशब्द कहने, मारने पीटने व धमकी के आरोप में एफआईआर दर्ज किया है। संवाद

## धोखाधड़ी कर जमीन का दो बार किया बैनामा

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के अगौना में एक ही जमीन का छलपूर्वक दो बार बैनामा करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित शिवप्रसाद ने तहरीर दी है। जिसमें दुबौलिया थाना क्षेत्र के भरुकहवा गांव निवासी संतोष कुमार, अगौना निवासी श्याम नारायन और गौर थाना क्षेत्र के साड़ीकल्प गांव निवासी विमल कुमार पर जालसाजी करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई है। संवाद

## कुआनो नदी में कूदी महिला, गोताखोरों ने बचाया

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के अमहट पुल के पास से 45 वर्षीय महिला बृहस्पतिवार शाम अचानक कुआनो नदी में कूद गई। आसपास के लोगों ने उसे पानी में कूदते देख शोर मचाया। जिससे वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इसी बीच सूचना पाकर स्थानीय गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उसे बाहर निकलवाया। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फुटहिया चौकी प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि के पूछताछ में उसने अपने को बेलवाडाड़ थाना कोतवाली का निवासी बताया। सूचना पाकर युवती के परिजन मौके पर पहुंच गए। संवाद

# किराना स्टोर और गोदाम में आग से 22 लाख का सामान राख



किराना स्टोर के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के मालवीय रोड स्थित किराना स्टोर और गोदाम में बुधवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें करीब 20 लाख का समान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि दुकान में रखे गैस सिलिंडरों में आग नहीं लगी।

कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी निवासी संजय गुप्ता की डॉ. आरपी सिंह की गली में शक्तिनगर कॉलोनी स्थित राधेश्याम शुक्ला के मकान में किराए का कमरा लेकर किराना स्टोर की दुकान है। जिसे संजय का बेटा दीपांशु चलाता है। बुधवार रात

## शक्तिनगर कॉलोनी में बुधवार रात हुई घटना

नौ बजे तक सभी लोग जन्माष्टमी मनाने में तल्लीन थे, उसी समय शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया।

सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची मगर तब तक आग बगल के संजय गुप्ता के भाई अरविंद गुप्ता के गोदाम में लग चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार संजय के अनुसार उनकी दुकान का करीब 10 लाख और भाई के गोदाम का 12 लाख रुपये का सामान जल गया।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-08-09-2023

# गांव व पकडंडी रास्तों से हो रही है धड़ल्ले से तस्करी

परसा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ तहसील अंतर्गत सीमावर्ती गांवो, कस्बों व पगडंडी रास्तों से तस्करी बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से हो रही है।तस्करी के धंधे में तस्करों से कस्टम, पुलिस, सशस्त्र सीमा बल सहित अन्य सरकारी मशीनरी की मिलीभगत होने की आशंका जताई जा रही है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जवरदस्त धक्का लग रहा है। प्राप्त खबर के मुताबिक तस्करों से थोड़ा बहुत सामान वरामदगी करके सुरक्षा एजेंसियों व कस्टम विभाग द्वारा वाहवाही लूट लिया जाता है। सीमावर्ती कस्बा व गांव खुनुआ, पकडिहवां, करहिया, भादमुस्तकम,परसौना, धनौरा मुस्तहकम,अलगा, कोटिया बाजार, लोहटी,बनचौरा, बसन्तपुर,बगही, धनौरी, घरुआर, मड़नी,मलगहिया आदि रास्तो से यूरिया खाद,बकरा ,नेपाली शराब व केराने के सामान सहित तमाम अन्य सामान व प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की नेपाल से व भारतीय क्षेत्र से रेडीमेड कपड़ा सहित तमाम अन्य सामानो की तस्करी हो रही है। पता चला है कि डीसीएम जैसे बड़े वाहनों सहित अन्य तमाम साधनों से तस्कर लाइन सिस्टम से तस्करी के सामानों को भेज रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां यदाकदा तस्करी के सामानों की बरामी करके खानापूर्ति कर देती है। फिर भी बड़े तस्करों को कोई नहीं छेड़ता हैं।24 घंटे सीमा पर कस्टम, पुलिस, सशस्त्र सीमा बल की त्रिस्तरीय चौकसी के बाद भी करोड़ों रुपए की प्रतिदिन तस्करी का धड़ल्ले से होना कहीं न कहीं संदेह उत्पन्न कर रहा है। चर्चा है कि तस्करी से तस्कर मालामाल होते ही हैं सरकारी मशीनरी भी काफी फायदे में रहती है। यही कारण है कि बड़े तस्करों के काम में कोई बाधा नहीं आती है।वर्तमान में शोहरतगढ़ व ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र तस्करो के लिए काफी सुरक्षित बताया जा रहा है। भारत सरकार ने देश को आर्थिक मजबूती देने के लिए जहां निर्यात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं तस्कर सुरक्षा एजेंसियों व कस्टम विभाग से मिलीभगत करके देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रहे हैं।राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर उच्च अधिकारियों को सीमा पर कड़ी निगरानी करके तस्करी पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। साथ ही साथ देश को क्षति पहुंचाने में लगे सरकारी गैर सरकारी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की आवश्यकता है।

**तस्करों से थोड़ा बहुत सामान बरामदगी करके सुरक्षा एजेंसियों व कस्टम विभाग द्वारा लूटी जा रही वाहवाही**

# प्रतिबंधित लकड़ियों की हो रही कटान

**भवानीगंज (एसएनबी)।** क्षेत्र में आरा मशीनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। आपको बताते चलें कि इन आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ियों को काटा जा रहा है और विभाग पूरी तरह मौन साधे है। क्षेत्र के भवानीगंज थाना क्षेत्र के बयारा सहित कई अन्य स्थानों पर आरा मशीनों का संचालन हो रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से वन माफिया प्रतिबंधित लकड़ियों को रात के अंधेरे में यहां लाकर गिराते है और आनन फानन में उसकी कटान कराकर वापस अपनी ट्रालियों में लादकर बे खौफ होकर चले जाते हैं। जबकि संबंधित विभाग के अधिकारियों का आना जाना इसी मार्ग से होता है तो इसपर उनकी नजर क्यूं नहीं पड़ती और वह ऐसे आरा मशीनों पर कार्रवाई करने के बजाय कन्नी काटते नजर आ रहे हैं। इसलिए माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। यहां गैर जनपद से आये वन माफिया कई स्थानों पर अपने ट्रक व डीसीएम लगाकर प्रतिबंधित लकड़ियों की लोडिंग करते हैं और उनपर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और विभागीय अधिकारी अंजान बने हुए हैं।

# हल्लौर में अकीदत के साथ मना कर्बला के शहीदों का चेहल्लु

**बेवां (एसएनबी)।** हजरत इमाम हुसैन अस और कर्बला के शहीदों की शहादत की याद में मनाया जाने वाले चेहल्लुम वृहस्पतिवार को अकीदत और परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर में अलम, ताबूत जुलजनाह अमारी का जुलूस निकाला गया। अकीदतमंदों ने मातम कर कर्बला के 72 शहीदों को याद किया।

**ड्रोन कैमरे की नजर में रहे जंजीर व कमा के मातमदार**

चेहल्लुम पर बुधवार की शाम हल्लौर कस्बा सहित मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में चौक व घरों पर ताजिया रखकर सारी रात मरसिया मजलिस और नौहा मातम किया गया। चेहल्लुम की दसवीं यानी वृहस्पतिवार की सुबह सात बजे इमामबाड़ा सेठ बाबा से अंजुमन फरोग मातम का अलम जुलजनाह, अमारी का जुलूस निकाला गया। वहीं अंजुमन गुलदस्ता मातम के तत्वाधान में अलम, ताबूत व जुलजनाह का मातमी जुलूस बड़ा इमामबाड़ा कला से निकला। दोनों अंजुमनों का जुलूस पूरे कस्बे में नौहा मातम के बीच गश्त कर सुबह 10:30 पर हल्लौर मुख्य चौराहे डुमरियागंज-बस्ती मार्ग पर पहुंचा, जहां पर नौहाख्वानों ने चेहल्लुम पर आधारित शोकाकुल कर देने वाला नौहा पढ़ा। मातमी दस्ता सुबह करीब 10:30 बजे मुख्य मार्ग बस्ती-डुमरियागंज पर पहुंचकर जंजीर व कमा का मातम किया। अंजुमन फरोग मातम की गश्त के साथ अमारी भी चल रही थी। इसका बोसा लेने के लिए महिलाओं के साथ पुरुष भी शामिल रहे। अंजुमन गुलदस्ता मातम की ओर से ताबूत, जुलजनाह व अलम के साथ गश्त निकालकर पूरे जोश-खरोश के साथ जंजीर व कमा का मातम किया। जंजीर व कमा से लहूलुहान मतमदारों के जख्मों पर एसडीएम प्रवेंद्र व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय केवड़ा जल डालते नजर आये। मातमी जुलूस सड़क पर मातम करने के बाद गांव के अंदर प्रवेश कर गया। दोपहर 3 बजे कस्बे में घर-घर व इमामबारगाहों के चौक पर रखे गए ताजियों का जुलूस निकालकर उन्हें कर्बला पर देर शाम तक बड़े ही एहतराम से नम आंखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया। कर्बला पर भी अकीदतमंदों ने नौहा मातम और जंजीर कमा का मातम किया। चेहल्लुम के जुलूस को सकुशल और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए एसडीएम सीओ, एसओ, एसआई सहित सर्किल अंतर्गत चार थानों के पुलिस कर्मी मुस्तैद नजर आये। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम भटगवां, ग्राम हटवा, वासा, बेवां, नउवागांव, जमौतियां सादात, तिलगडिया आदि गांवों में भी चेहलुमदिवस पर इमाम हुसैन को खेराजे अकीदत पेश की गयी।

**श्रद्धालुओं में वितरित हुए विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ व खाद्य सामग्री**

**बेवां।** कार्यक्रम के बीच हल्लौर के मुख्य मार्ग पर निःशुल्क विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ, शर्वत, काफी, चाय के स्टाल लगाया गया। दरे जेहरा पर सबील की वृहद व्यवस्था कराई गई, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने शामिल होकर इमाम बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। हुसैनी यूथ फाउंडेशन व मोमनीन हल्लौर के सदस्यों आदि का श्रद्धालुओं के प्रति सेवा भाव सराहनीय रहा।

**बीमार-ए-कर्बला की याद में लगा निःशुल्क मेडिकल कैम्प**

**बेवां।** हल्लौर में चेहलुमके मौके पर ढेबरुआ बस्ती मुख्य मार्ग स्थित भटगंवा के यूपी बड़ौदा बैंक के निकट इमाम हुसैन अस एवं बीमार ए कर्बला की याद में हल्लौर एसोसिएशन गोरखपुर द्वारा मोमनीन हल्लौर की जानिब से निःशुल्क मेडिकल कैम्प में ड विनोद कुमार मिश्रा, हरि केश यादव, डा. लियाकत अली, डा. साबिर अली, डा. रंजीत अग्रहरि, डा. साजिद ताकीब, डा. जमाल अकबर, डा. शाहरुख, डा. मुस्तकीम अंसारी,डा. शम्स असगर, फार्मेसिस्ट अवधेश कुमार, दिलीप चतुर्वेदी, कौशल, अखिलेश, माहताब मलिक, अब्दुल बकी, अजहर काजी राजू के अलावा कमाल असगर ई कमर अब्बास, असगर जमील, मनववर रिज्वी, प्रिंस, कैसर चंकी का विशेष योगदान रहा। इस दौरान मरीजों को परामर्श के साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। बताते चलें कि यह आयोजन लगभग पिछले 45 व से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत का श्रेय मरहूम नफीस अहमद को है।

**आस्था के साथ यादव परिवार ने रखा ताजि**

**बेंवा।** शिया ब्राहुल्य बस्ती हल्लौर में एक ऐसा हिन्दू या परिवार संजय और सत्तन है जो पिछले कई वरसों से इम हुसैन अस से इतनी मोहब्बत और आस्था है कि इन्होंने अ घर पर पिछले कई सालों से ताजिया रखते आ रहे है, इस इन्होंने दो बड़े ताजिया रखकर मर्दाना मजलिस के स ख्वातीन की मजलिस का भी एहतेमाम किया है। इनके द्व रखे गए ताजिया की चहुंओर चर्चा हो रही है।

**70 वर्ष के बुजुर्ग के साथ 6 माह के बच्चों किया जंजीर व कमा का मातम**

बेवां। हजरत इमाम हुसैन अस व उनके 71 साथि केचेहलुमके मौके पर क्षेत्र के हल्लौर कस्बे के मुख्य चौर पर शिया मुसलमानों द्वारा किए गए जंजीर व कमा (छुरी) मातम पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। जो लोगो बीच कौतूहल का विषय रहा। इस दौरान जंजीरी मातम दस्ते में 75 वर्ष के बुजुर्ग के साथ-साथ 6 माह के मासूम भी किया कमा व जंजीर का मातम। जिसे देखकर अचंभि रह गए। जंजीरी मातम में शिया मुसलमान के साथ हिंदू व के लोगों ने भी हिस्सा लिया।

**मुश्तैद रहा प्रशासन**

**बेवां।** हल्लौर में आयोजित चेहल्लुम के मौके पर सुबह 10 बजे से ही एसडीएम प्रवेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सतर्क दिखाई दिया। सीओ सुजीत राय डुमरियागंज थानाध्यक्ष मुकेश राय के साथ चार थानों की पुलिस व दो ट्रक पीएसी बल के साथ मुख्य मार्ग पर आवागमन को बहाल करते नजर आए। साढ़े दस बजे गश्त के सड़क पर पहुंचते ही आवागमन बंद कर दिया। मातमदारों द्वारा दो घंटे तक सड़क पर हाथों व जंजीर छुरी (कमा) का जमकर मातम करने के उपरांत जब गश्त कस्बे में चली गई, तो आवागमन बहाल किया गया। उपजिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय अंत तक डटे रहे।

# क्लास में छात्र-छात्रा की आपत्तिजनक हरकत का वीडियो वायरल, होगी जांच




- सिद्धार्थनगर के लोटन क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस की घटना
- छात्रा के गले में हाथ डालकर हरकतें करता छात्र दिख रहा बेपरवाह

“लोटन क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज से संबंधित वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। गुरुवार को अवकाश होने के कारण सच्चाई पता नहीं चल सकी। शुक्रवार को खुद विद्यालय जाकर मामले की जांच करूंगा। इसके बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**उपेंद्र कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** सिद्धार्थनगर के लोटन क्षेत्र स्थित एक इंटर कॉलेज में ऐन शिक्षक दिवस पर भरी क्लास में एक छात्र-छात्रा की आपत्तिजनक हरकत का वीडियो सामने आया है। वीडियो होने के बाद लोग कॉलेज की साख और अनुशासन पर सवाल उठा रहे हैं। डीआईओएस ने खुद जांच की बात कही है। हालांकि, हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

गुरुवार को वायरल हुए वीडियो में छात्र-छात्राओं से भरी क्लास दिख रही है। कुछ छात्र क्लास के बाहर नजर आ रहे हैं। क्लास में शिक्षक नहीं हैं। एक छात्रा ब्लैक बोर्ड पर कुछ लिखती हुई नजर आ रही है। कुछ छात्र डेस्क के ऊपर बैठे हुए हैं तो कुछ गपशप कर रहे हैं। इन्हीं के बीच सबकी मौजूदगी से बेपरवाह एक छात्र छात्रा के गले में हाथ डालकर उसके सिर पर झुकता और आपत्तिजनक हरकतें करता नजर आ रहा है।

वीडियो में एक छात्र दोनों की फोटो खींचने की बात कहता सुनाई दे रहा है। यह सुनने के बाद भी दोनों पर कोई फर्क नहीं दिखता। दोनों कक्षा 11 के विद्यार्थी बताए जा रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद कॉलेज के शैक्षिक माहौल और अनुशासनहीनता को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। फोन बंद होने से इस संदर्भ में कॉलेज के प्रधानाचार्य और प्रबंधक से संपर्क नहीं हो सका। इस बारे में लोटन थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि वायरल वीडियो संज्ञान में है। गुरुवार को स्कूल में छुट्टी थी। दूसरे अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बांसी के चार भूमाफिया पर हुई कार्रवाई

**बांसी** : चार लोगों को तहसील प्रशासन ने भूमाफिया घोषित कर कोतवाली में गुरुवार की शाम मुकदमा पंजीकृत कराया है। आरोपित राम बिहारी यादव, श्याम विहारी यादव, शिवमूरत यादव व शीला देवी पत्नी राम बिहारी कोतवाली के ग्राम महदेवा के निवासी है।इन लोगों द्वारा सार्वजनिक भूमि पर पहले अतिक्रमण किया। कब्जा दिखाते हुए कूट रचित दस्तावेजों के सहारे उस जमीन को खतौनी में अपने नाम दर्ज करा लिया। बाद में इसको दूसरे हाथ विक्रय कर दिया।गांव परशुराम ने जब इसकी शिकायत तहसील में किया तो एसडीएम ने जांच कराई। जांच में मामला सही पाए जाने पर एसडीएम ने चारों के विरुद्ध कोतवाली में वाद दाखिल कर एंटी भूमाफिया के तहत मुकदमा पंजीकृत करा दिया।

# सीमा पर किशोरी संग पकड़ा गया किशोर

सिद्धार्थनगर। एसएसबी ककरहवा चौकी के जवानों ने एक किशोरी को एक किशोर के साथ नेपाल सीमा पार बाइक से आते हुए पकड़ लिया। दोनों को एएचटीयू के हवाले कर दिया गया है।

कमांडिंग अधिकारी आरके डोंगरा ने बताया कि पिलर संख्या 544 के समीप चेक पोस्ट के रास्ते से नाबालिग लड़का-लड़की नेपाल से भारत में बाइक से प्रवेश कर रहे थे। चेक पोस्ट पर तैनात मुख्य आरक्षी नीरज कुमार के नेतृत्व में आरक्षी हिमांश सिंह, हिमांशु कोहली, रश्मि रंजन व आरक्षी महिला काजल कुमारी ने रोक कर पूछताछ की तो लड़के ने मोहना थाना के एक गांव का निवासी बताया। उसने साथ में मौजूद किशोरी के बारे में बताया कि दोनों एक दूसरे को जानते हैं। सूचना पर पहुंचे समवाय प्रभारी और मानव सेवा संस्थान के कर्मियों ने पूछताछ कर उनके घर वालों को बुला लिया। घर वालों ने बताया कि दोनों घरवालों को बिना बताए नेपाल गए थे। एसएसबी ने आगे की कार्रवाई के लिए दोनों को एएचटीयू के हवाले कर दिया।

# जांच के घेरे में आए सीएचसी बसंतपुर के अधीक्षक

**वीडियो प्रसारित होने का मामला**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल का इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो प्रकरण में एक नया मोड़ आ गया है। अवध हास्पिटल के प्रबंधक ने पुलिस को दिए बयान के बाद सीएचसी बंसतपुर के अधीक्षक भी इस मामले की चपेट में आ गए हैं। प्रबंधक ने लिखित रूप से दिए बयान में कहा है कि जब एक माह के लिए एएच हास्पिटल का लाइसेंस जारी हुआ था। हालांकि कोई भी जांच अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं इन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाने के लिए नोटिस भेजने की तैयारी शुरू हो गई है।

सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल के प्रसारित वीडियो प्रकरण में बुधवार को नया मोड़ आ गया। शिकायतकर्ता ने अपने लिखित बयान में सीएमओ व डिप्टी सीएमओ का नाम लिया है। इसके अलावा बसंतपुर सीएचसी अधीक्षक पर भी जांच के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सीडीओ व एएसपी को शिकायतकर्ता रंजीत कुमार चौधरी ने लिखित रूप से अपना बयान दिया है। इसमें पंजीकरण के नाम पर सीएमओ की ओर से पांच लाख की डिमांड के संबंध में बताया है। एक लाख और 50 हजार रुपये देने के संबंध में भी जानकारी दी है। उसने यह भी आरोप लगाया है कि एएच हास्पिटल के पंजीकरण की अवधि समाप्त होने के बाद मानसिक रूप से परेशान करने व प्रताड़ित करने की नीयत से सीएचसी अधीक्षक करीब दस बार जांच करने के लिए आए थे। सूत्रों के मुताबिक अब यह देखा जाएगा कि सीएचसी अधीक्षक डा. राजीव रंजन किसके कहने पर जांच करने के लिए वहां जाते थे। इसके लिए उनसे भी पूछताछ किया जा सकता है।

**दोनों डिप्टी सीएमओ के छुट्टी जाने पर उठे प्रश्न:** इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में चार लोगों का चेहरा सामने आया है। इनमें सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल के साथ डिप्टी सीएमओ डा. बीएन चतुर्वेदी बैठे दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य वीडियो डिप्टी सीएमओ डा. बीएन चतुर्वेदी के साथ डा. एमएम त्रिपाठी दिखाई पड़े हैं। इसी दौरान के एक वीडियो क्लिप में एसीएमओ डा. आरके शर्मा कमरे में घुसते दिखाई पड़े हैं। इन सभी को नोटिस भेजकर बयान देने के लिए बुलाया गया है। दोनों डिप्टी सीएमओ व शिकायतकर्ता ने अपना बयान दर्ज करा दिया है। निजी कारणों से एसीएमओ बयान नहीं दे सके हैं। इसी बीच में दोनों स्वास्थ्य अधिकारी पांच दिन की छुट्टी पर चले गए। इसे लेकर विभाग में चर्चा शुरू हो गई है और लोग प्रश्न करने लगे हैं।

## सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग, आंदोलन की चेतावनी

जासं, डुमरियागंज : सपा नेता रामकुमार यादव ने गुरुवार को डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने सीएमओ के इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो प्रकरण पर प्रदेश सरकार को घेरा। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने के बाद कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान घूस देने का आरोपित व एएच अस्पताल के संचालक रंजीत कुमार चौधरी भी साथ में मौजूद रहे। सपा नेता ने आरोप लगाया कि इस सरकार में लूट खसोट और भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकारी नौकरियां समाप्त की जा रही हैं। किसी के भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। विभागों में अधिकारी घूस लिए बिना कोई काम नहीं कर रहे हैं। वीडियो में एक निजी अस्पताल का पंजीयन नवीनीकरण करने के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उन्हें बचाने के लिए जिले के सभी अधिकारी लगे हुए हैं। प्रशासन इसके बाद भी साक्ष्य की खोज कर रहा है।



सीएमओ का इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो प्रकरण में जांच चल रही है। अभी जांच पूरी नहीं हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की जांच हो रही है। रिपोर्ट उन्हें समय से भेज दी जाएगी।

सिद्धार्थ, एएसपी

# एसएसबी के हाथ लगे दो किशोर

**जागरण संवाददाता, ककरहवा, सिद्धार्थनगर :** एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों ने गुरुवार को ककरहवा सीमा के पास किशोर आयु वर्ग के युगल मित्र को पकड़ा। वह दोनों मोहाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी है।

यह अपने अभिभावकों को बिना बताए नेपाल घूमने के लिए गए थे। वापस लौटते समय एसएसबी ने इन्हें पकड़ कर पुलिस की शाखा एएचटीयू के सुपुर्द कर दिया है। कमांडिंग अधिकारी आरके डोगरा ने बताया कि एसएसबी के जवान ककरहवा के पास मुख्य मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान नेपालइ की ओर से आ रहे किशोर व किशोरी को पूछताछ के लिए रोका।

गैर सरकारी संस्था मानव सेवा संस्थान के कर्मियों को बताया कि दोनों अपने घर में अभिभावकों को बिना जानकारी दिए ही नेपाल घूमने के लिए गए थे।

यह दोनों मित्र हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में मुख्य आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी हिमांश सिंह, हिमांशु कोहली, रश्मि रंजन, महिला आरक्षी काजल कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।



भीमापार में स्थित एक लाज में छापेमारी के दौरान लोगों से पूछताछ करते सीओ अखिलेश वर्मा ( दाएं ) ● जागरण

# देह व्यापार के संदेह में लाज पर पुलिस टीम की छापेमारी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सदर सीओ अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने गुरुवार की रात करीब आठ बजे सदर थाना क्षेत्र भीमापार मोहल्ला के एक लाज में छापेमारी की। टीम में सदर व उस्का बाजार थाना की पुलिस शामिल रही। पुलिस को सूचना मिली थी कि लाज में देह व्यापार हो रहा है। हालांकि इस संबंध में पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से कन्नी काट रहे हैं। भीमापार मोहल्ला के निवासी काफी दिनों से यहां पर देह व्यापार से जुड़े नेटवर्क की शिकायत कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक इसी शिकायत को संज्ञान में लेने के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर लाज में छापेमारी की। यहां पर एक युवक व युवती के मिलने की भी सूचना है। इनके संबंध में अभी कोई कुछ नहीं बोल रहा है। टीम में एसएचओ उस्का बाजार डीके सरोज, सदर थाना में तैनात एसआइ रतीश चंचल समेत अन्य मौजूद रहे। सीओ सदर अखिलेश वर्मा ने बताया कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# गिरती साख से सबक नहीं ले रही है पुलिस

जासं, डुमरियागंज : पुलिस प्रशासन अपने गिरती हुई साख को बचाने के लिए कोई प्रयास करती नहीं दिख रही है। एक के बाद एक लेनदेन के मामले में कर्मी निलंबित हो रहे हैं, लेकिन कार्रवाई से सीख लेने की जहमत उठाना कोई नहीं समझ रहा। डुमरियागंज पुलिस सर्किल में तो जैसे जिम्मेदारों को कोई परवाह ही नहीं कि वह कहां और किससे किस मुद्दे पर फोन वार्ता कर रहे हैं। त्रिलोकपुर थाने के दारोगा भीम सिंह आडियो प्रकरण में निलंबित हुए तो प्रमोद पांडेय के साथ भी वही कार्रवाई हुई है। डुमरियागंज सर्किल में चार थाने आते हैं। पथरा थाने के अंतर्गत आने वाले कोनकटी के एक मुर्गी फार्म पर बच्चों के साथ हैवानियत की घटना हुई। संचालक सऊद ने अपने साथियों के साथ चोरी के आरोप में दो बच्चों को पेशाब पिलाया, पेट्रोल का इंजेक्शन लगाया और निजी अंग में मिर्चा तक डाल दिया। सीओ सुजीत राय ने कहा कि जो गलती करेगा उसको सजा जरूर मिलेगी। कोनकटी मामले में अभी जांच चल रही है।

# लाटरी जीतने का झांसा देकर हो रही है ठगी

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : आपके वाट्सएप पर लाटरी जीतने का मैसेज आ रहा हो और आपसे रकम पाने के लिए बैंक खाता नंबर, आधार और फोटो मांगा जा रहा हो तो सावधान हो जाइए। यह किसी भी प्रकार से लाभ पहुंचाने का उद्देश्य नहीं है, बल्कि आपके खाते से रकम उड़ाने वाले गिरोह की साजिश है। तहसील क्षेत्र में छह लोग इस प्रकार की ठगी के शिकार हो चुके हैं, लेकिन कोई साक्ष्य न होने के कारण वह पुलिस को अपनी शिकायत नहीं कर सके।

इंटरनेट मीडिया का प्रयोग जिस तेजी से बढ़ा है, आनलाइन ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। पहले मोबाइल उपभोक्ताओं के नंबर पर फोन करके मोबाइल टावर लगाने का झांसा देकर व एटीएम लाक होने की बात कह आनलाइन ठगी होती थी, लेकिन अब ट्रेंड बदल गया है। वाट्सएप मैसेंजर पर इन दिनों कुछ उपभोक्ताओं के नंबर पर 8617863641 नंबर से 25 लाख रुपये की लाटरी जीतने के मैसेज आ रहे हैं। मैसेज में एक अन्य नंबर 9644889040 दिया जा रहा है, जिसपर उक्त लाटरी का कोड भेजने को कहा जाता है। इतना करने के बाद ठगी का खेल शुरू होता है। पहले बैंक अकाउंट नंबर, आधार कार्ड की प्रति और फोटो भेजने को कहा जाता, फिर लाटरी की रकम भेजने के नाम पर चार से पांच हजार रुपये गूगल पे अथवा फोन पे करने को कहा जाता। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के

**लोगों के वाट्सएप नंबर पर आ रहे हैं मैसेज, डुमरियागंज में कई लोग हुए ठगी के शिकार**

औरताल निवासी प्रमोद प्रजापति, चकमझारी निवासी मनीष कसौधन, सोनहटी निवासी रंजीत कुमार, चकमारुफ निवासी हरीश कन्नौजिया, डुमरियागंज कस्बे के तीरथ कुमार, लवकुश प्रसाद इस झांसे में आकर रुपये गंवा चुके हैं, साथ ही इनके खाते से भी आनलाइन शापिंग करके रकम खर्च कर ली गई। वहीं इमरान अहमद, सुहेल काजी आदि ने बताया कि उनके नंबर पर भी ऐसे मैसेज 3021077153, 6265422127 से आए थे, स्टेट बैंक का अधिकारी बनकर एक व्यक्ति ने बात भी किया, लेकिन कोई तवज्जो न देने पर वह लोग ठगी से बच गए।

इस संबंध में डुमरियागंज के प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार राय ने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं। मीडिया सेल को सूचित किया गया है। लोग इस प्रकार के भ्रामक मैसेज पर ध्यान न दें। यदि इस तरह कोई आपके निजी अभिलेख की डिमांड मैसेज भेजकर करता है तो पुलिस को सूचित करें।

# सीएमओ कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज से खुलेगा राज

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सीएमओ एवं दो डिप्टी सीएमओ और निजी अस्पताल के संचालक के बीच लेनदेन की बातचीत की वीडियो वायरल होने के मामले में सीसीटीवी फुटेज भी अहम सबित हो सकता है। इस मामले में दो स्तर पर जांच की जा रही है तो वीडियो के साथ सीसीटीवी फुटेज पर भी बात हो रही है। हालांकि, जांच अधिकारी सीडीओ जयेंद्र कुमार एवं एएसपी सिद्धार्थ ने जांच पूरी होने तक कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया है।

एक सितंबर की रात में सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल और निजी अस्पताल के संचालक के बीच बातचीत की वीडियो वायरल हुई, उसके बाद स्वास्थ्य महकमा के साथ पूरे जिले में हलचल मच गया। इस मामले में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार जांच सौंपी है।

इसमें जिलाधिकरी ने एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है, जिसमें दो दिन समय शेष है। इसी प्रकार सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल ने वीडियो में अमर्यादित शब्द कहने एवं साजिश करने के आरोप में डिप्टी सीएमओ

## सीएमओ, डिप्टी सीएमओ व निजी अस्पताल संचालक की बातचीत का वीडियो वायरल होने का मामला

### आवाज की होगी पहचान

पुलिस कार्यालय में डिप्टी सीएमओ के बयान हो चुके हैं, जबकि एक अन्य चिकित्साधिकारी का बयान है। जांच में किसी भी अन्य का नाम आने पर पुलिस ने उन्हें तलब करेगी। इस मामले में वीडियो के दौरान आ रही है आवाज की पहचान भी की जाएगी ताकि जांच के बाद कोई मुकर न सके। इस मामले में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि सीएमओ कार्यालय के वीडियो वायरल होने के मामले में जांच की जांच की जा रही है।

डॉ. एमएम त्रिपाठी एवं डॉ. बीएन चतुर्वेदी के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। इस मामले में एएसपी जांच कर रहे हैं।

सीडीओ और एएसपी की जांच सीसीटीवी फुटेज भी अहम सबूत हो सकता है, क्योंकि सीएमओ कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसे देखा जाएगा।

# दरिंदगी के मिले पुख्ता सुबूत, जल्द होगी सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पथरा थाना क्षेत्र के मंदबुद्धि के किशोर और बालक से दरिंदगी करने के मामले में जेल में बंद आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप बखूबी साबित हुआ है। इस मामले में पुलिस ने 15 दिन के अंदर विवेचना पूरी करके चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट ले जाएगी ताकि उन्हें जल्द से जल्द सजा मिल सके।

इस केस में चार बालिग और चार नाबालिग आरोपी हैं। विधि विशेषज्ञ का कहना है कि अगर जांच में नाबालिग की उम्र 16 वर्ष पूरी हो गई है तो जघन्य अपराध होने के कारण उसी कोर्ट में उनकी भी सुनवाई चलेगी और उसी हिसाब से सजा मिलेगा। भले ही बालिग होने तक उन्हें बाल सुधारगृह में रखा जाए।इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। कारण इस मामले में अधिकांश आरोपी दूसरे समुदाय के थे।

पथरा थाना क्षेत्र एक गांव के दो अलग-अलग टोले के रहने वाले 10 वर्षीय बालक और 15 वर्षीय किशोर मानसिक रूप से कमजोर थे। गांव के चौराहे पर स्थिति एक मीट शॉप की दुकान चलाने वालों ने उनके साथ हैवानियत की। पेशाब पिलाया, नाजुक अंग में हरी मिर्ची डाल दी और पेट्रोल का इंजेक्शन लगाया था। इस मामले में आठ आरोपी सामने आए थे। जिनके खिलाफ कुकर्म, हत्या का प्रयास और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था।

इसमें चार बालिग और चार नाबालिग शामिल थे। पुलिस इस मामले में विवेचना करके भीतर चार्जशीट को न्यायालय में दाखिल कर दिया है। आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिले। इसके लिए मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में लेकर जाएगी। जिससे जल्दी से जल्दी तारीख पड़े और बयान दर्ज करवाकर दोषियों को सजा दिलाया जा सके।

**वीडियो वायरल होने पर सच आया था सामने :** घटना के बारे में परिवार को दोनों बच्चों ने कोई जानकारी नहीं दी थी। लेकिन जब वीडियो वायरल हुआ और लोगों ने उन्हें दिखाया तो उनके होश उड़ गए। क्योंकि वीडियो में देखा गया कि पहले बच्चों को गाली देकर आरोपी पेशाब पिलाते हैं, फिर पेट्रोल का इंजेक्शन लगाते हैं और जब इससे उनका जी नहीं भरता है तो पेट्रोल से भरा हुआ इंजेक्शन लगा देते हैं। संवाद

## पथरा कांड

### अपराध की गंभीरता के आधार पर तय होती है सुनवाई

जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर के क्राइम अधिवक्ता संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अगर कोई जघन्य अपराध हुआ हो और आरोपी नाबालिग हो तब भी अपराध की गंभीरता के आधार पर उसी कोर्ट में केस चलेगा, जहां बालिग आरोपियों का चलता है। यह मामला जघन्य अपराध की श्रेणी में हैं। कुकर्म वह मंदबुद्धि के बच्चों के साथ और हत्या, पाक्सो एक्ट के अलावा अन्य धारा में केस दर्ज है। इसमें नाबालिग का भी केस चल सकेगा। बसर्ते सजा मिलने के बाद उन्हें बालिग होने तक बालसुधार गृह में ही रखा जाता है। अभियोजन पक्ष मजबूती से अपने पक्ष को रखे तो दो से तीन माह के भीतर ही फास्ट ट्रैक कोर्ट में आरोपियों को सजा मिल जाएगी।

**वैज्ञानिक साक्ष्य ही सजा के लिए काफी :** विधि विशेषज्ञ की राय है कि इस मामले में वीडियो ही सजा दिलाने के लिए काफी है। लेकिन इसकी वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट हो। इसके बाद बिना जुबानी बयान के उसी साक्ष्य के आधार पर सुनवाई में सजा मिल सकती है। इसमें पुलिस को साक्ष्य में कमजोर नहीं रहना चाहिए।

### बोले जिम्मेदार

मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ से हुई घटना के मामले में विवेचना तत्काली थानाध्यक्ष ने घटना के 15 दिन के भीतर ही पूरी करके चार्जसीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट चलेगा, जिससे जल्द से जल्द आरोपियों को सजा मिल सके। इस मामले में पुलिस पैरवी करने का कार्य करेगी। **-हरिओम कुशवाहा,** थानाध्यक्ष पथरा बाजार

# रेलवे और बस स्टेशन की पुलिस ने की जांच

सिद्धार्थनगर। जिले की पुलिस ने बृहस्पतिवार को रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन की जांच की। यहां यात्रियों के बैग की बारीकी से जांच की। संदिग्धों का नाम पता रजिस्टर में नोट किया।

सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन, शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के अलावा रोडवेज और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस ने जांच की। इसके साथ ही होटलों में जाकर जांच की। ठहरने वालों का रजिस्टर देखकर संचालकों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-09-2023

# मामूली विवाद में युवक की पिटाई पिता-पुत्र समेत चार नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थानान्तर्गत स्थानीय महुली कस्बे के उत्तर चौराहे पर बुधवार को मामूली विवाद को लेकर मनबढ़ों ने एक युवक को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है।

**महुली थानान्तर्गत स्थानीय महुली कस्बे के उत्तर चौराहे की है घटना**

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली कस्बा निवासी सुड्डू पुत्र दयाराम ने बताया कि वह बुधवार को कस्बे के उत्तर चौराहे पर पहुंचा था कि इसी दौरान गांव निवासी सुन्दर पुत्र मिट्ठू और उसके सहयोगी सूरज पुत्र सुन्दर, संजय व राजू पुत्रगण पप्पू मौके पर पहुंच गए और अकारण उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सुन्दर, सूरज, संजय और राजू के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# खेत में भैंस चले जाने से नाराज व्यक्ति ने किशोरी को पीटा, केस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के पचरा गांव में बुधवार की शाम को खेत में भैंस चले जाने पर नाराज होकर गांव निवासी एक मनबढ़ व्यक्ति ने भैंस चरा रही किशोरी को मारपीट कर घायल कर दिया।

घटना के सम्बन्ध में किशोरी के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल किशोरी को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के पचरा गांव निवासी शिवदत्त पुत्र मिठाई ने बताया कि उसकी बेटी राधिका पुत्री शिवदत्त बुधवार को भैंस चराने गांव के सीवान में गयी थी। उसी दौरान सामने से ट्रैक्टर-ट्राली अचानक आ जाने से भैंस गांव निवासी रविन्द्रनाथ पुत्र सुखराज के खेत में चली गई जिसपर नाराज होकर उक्त रविन्द्रनाथ उसकी बेटी राधिका को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। बेटी द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी के उपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर रविन्द्रनाथ के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोप कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावर को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# प्रेमजाल में फंसाकर बालिका के साथ दुष्कर्म, पुलिस से शिकायत

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीय दलित बालिका को प्रेमजाल में फंसाकर एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलने पर जब बालिका की मां ने आरोपी युवक के कृत्य का विरोध शुरू किया तो आरोपी द्वारा बालिका की मां को जाति सूचक गाली और मां-बेटी को जान से मार देने की धमकी दी जाने लगी।

**धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव की है घटना**

गुरूवार की सुबह जब आरोपी युवक बालिका को लेकर कहीं चला गया तो परेशान होकर बालिका की मां ने धनघटा थाने पहुंची और आरोपी युवक के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी अपने मौसी के घर चन्दौली माफी गांव में रहकर पूर्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविन्दगंज में कक्षा 6 में पढ़ती थी। पढ़ाई के दौरान ही चन्दौली माफी गांव निवासी दूसरे समुदाय के आफताब पुत्र सदरेआलम नामक युवक ने उसकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया।

प्रार्थनापत्र में बताया कि मामले की जानकारी होने पर उसने बेटी को दिल्ली उसके पिता के पास भेज दिया तो फोन से सम्पर्क कर आरोपी आफताब दिल्ली पहुंच गया और फोन द्वारा बेटी से बात कर उसे बुला लिया और तीन दिन पूर्व बेटी को साथ लेकर घर वापस आ गया। उसके बाद आरोपी आफताब बेटी को फोन करके रोज शाम को बुला लेता है और रात में उसके संग दुष्कर्म कर फिर बेटी को घर पहुंचा देता है। इतना ही नहीं बेटी के साथ किए जा रहे इस कृत्य का विरोध करने पर आरोपी द्वारा उसे जातिसूचक गाली और जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

प्रार्थनापत्र में आरोपी के विरूद्ध तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पीड़ित बालिका की मां ने पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# जन्मोत्सव से घर लौटी छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के पुलिस चौकी कांटे अंतर्गत ग्राम डारीडीहा में हाईस्कूल की छात्रा ने छत की कुंडी से दुपट्टा का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने कांटे चौकी इंचार्ज को सूचित किया। चौकी इंचार्ज हरेंद्र नाथ राय और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फोरेंसिंक टीम ने मौके से कई साक्ष्य लिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

इस संबंध में पूछे जाने पर कांटे पुलिस चौकी इंचार्ज हरेन्द्र नाथ राय ने बताया कि छात्रा खुशी उर्फ काजू पुत्री रमेश चंद उम्र 16 वर्ष ग्राम डारीडीहा बुधवार की देर शाम तक जन्माष्टमी का उत्सव देखकर अपने बाबा कामता प्रसाद के साथ घर गई। उसके बाद अपने छोटे भाई प्रतीक 7 वर्ष व बहन पायल 9 वर्ष दोनों के साथ घर के कमरे में जाकर सो गई।

**फोरेंसिंक टीम ने मौके से लिए कई साक्ष्य**

मृतका की बहन पायल ने बताया कि भोर में करीब 4 बजे के आसपास जब उसकी नींद खुली तो देखा कि मेरी दीदी फंदे से लटक रही है। यह देख कर मैं डर गई और अपने छोटे भाई को जगाकर हंसिया लाने के लिए कहा। उसके बाद बक्से पर चढ़कर हंसिये से फंदे को काट दिया। मेरी दीदी नीचे गिर गई। जगाने पर जाग नहीं रही थी। इसकी जानकारी पापा रमेश चंद्र और माता पूनम देवी को दी जो हाईवे के पास चाय की दुकान चलाते हैं और रात्रि में वहीं सो जाते हैं। यह जानकारी होने के बाद माता-पिता दोनों के होश उड़ गए। वे तत्काल घर पहुंचकर देखे और इसकी सूचना पुलिस को दी।

इस संबंध में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने गांव में पहुंचकर परिजनों से बात की। इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ दीपांशी राठौर ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर लड़की के चाचा-चाची के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस को जांच के आदेश दिए गए हैं।

# मंदिरों, घरों, प्रतिष्ठानों पर धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



राम के अंतिम पहर तक भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों और भजनों का भक्तों ने उठाया आनंद

ठाकुरद्वारा मंदिर तक ठाकुरजी को पहुंचाने के लिए निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

घरों से लेकर मंदिरों तक सजाई गई भगवान कृष्ण की सुन्दर झांकी

# कुंडी से लटका मिला किशोरी का शव, कमरे में मिला सुसाइड नोट

## चाचा-चाची पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद के डारीडीहा गांव में गुरुवार की सुबह कमरे में छत की कुंडी से लटकता किशोरी का शव मिला। इससे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया। इस दौरान पुलिस ने कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद किया। इसमें लिखा था कि वह अपने चाचा और चाची की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस नें आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



खुशी उर्फ काजू की फाइल फोटो

कोतवाली खलीलाबाद में दी गई तहरीर में डारीडीहा गांव के रमेश चंद्र ने यह उल्लेख किया है कि वह अपनी पत्नी पूनम के साथ गांव स्थित चौराहे पर झोपड़ी में चाय की दुकान चलाते हैं। पत्नी के साथ वहीं रहते थे। वहीं उनकी 16 वर्षीय बेटी खुशी उर्फ काजू अपने दो छोटे भाई-बहन के साथ गांव स्थित घर में रहती थी। गुरुवार को सुबह करीब चार बजे गांव स्थित घर में कुंडी से उसकी बेटी खुशी उर्फ काजू का शव लटकता मिला। सूचना मिलने पर वह अपनी पत्नी के साथ पहुंचें। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के दौरान कमरे में एक सुसाइड नोट पाया। इसमें मृतक खुशी उर्फ काजू ने मां को संबोधित पत्र में लिखा है कि उसके चाचा रामविलास उर्फ पिंटू और चाची महिमा उसे छोटी-छोटी बातों पर मारते-पीटते और प्रताड़ित करते थे, जिससे तंग आकर उसे आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा। कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित चाचा-चाची के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# साजिश कर युवती के अपहरण के आरोप में तीन नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती को साजिश करके अपहरण किए जाने के आरोप में धनघटा पुलिस ने गुरूवार को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती समेत नामजद आरोपियों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया है कि बीते 19 अगस्त को दिन में उसकी 18 वर्षीय भतीजी खेत में जरूरी कार्य से गयी थी जहां साजिश करके गांव निवासी रविशंकर, सुनील कुमार व अनिल कुमार पुत्रगण रामललित ने मिलकर उसकी भतीजी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया और बेटी को कहीं गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। इधर बेटी को नात-रिश्तेदार समेत सगे-सम्बन्धियों के सभी सम्भावित ठिकानों पर भतीजी की काफी खोजबीन की गई लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में कुछ ग्रामीणों द्वारा बेटी के अपहरण में उक्त तीनों भाईयों की संलिप्तता होने की जानकारी मिलने पर जब आरोपी युवकों के घर पहुंचकर बेटी के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया गया तो आरोपी उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों रविशंकर, सुनील कुमार व अनिल कुमार के विरूद्ध आईपीसी की धारा 366,120बी,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# दिव्यांग पर प्राणघातक हमला करने के आरोप में चार सगे भाई नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के अमेदवा गांव में चार दिन पूर्व एक दिव्यांग युवक समेत उसकी पत्नी और बेटे के उपर लाठी-डंडे से प्राणघातक हमला कर दिव्यांग युवक के बेटे को मरणासन्न कर देने के आरोप में महुली पुलिस ने गुरूवार को चार सगे भाई हमलावरों के विरूद्ध मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने घायल युवक समेत उसकी पत्नी और बेटे को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के अमेदवा गांव निवासी इन्द्रजीत पुत्र जंगल ने बताया कि उसके पड़ोसी हीरालाल,गोलू, जितेन्द्र व पप्पू पुत्रगण रामदास काफी मनबढ, दबंग और उदंड किस्म के व्यक्ति है। वह और उसकी

**महुली थाना क्षेत्र के अमेदवा गांव की है घटना**

पत्नी दोनों दिव्यांग हैं जिसके कारण उक्त विपक्षी उसके घर के सामने कूड़ा-करकट और बच्चों का शौच आए दिन फेकते रहते हैं। दरवाजे पर कूड़ा-करकट और गन्दगी फेकने का विरोध करने पर बीते 3 सितम्बर की रात करीब 8 बजे उक्त चारो भाई मिलकर उसे और उसकी पत्नी तथा उसके बेटे को पहले लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और उसके बाद बेटे को जमीन पर पटक दिया जिससे उसके सिर में प्राणघातक चोट लग गई। घटना के बाद एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर पहुंचाया गया जहां बेटे की गंभीर हालत देख डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां बेटे का अभी भी गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर हीरालाल, गोलू, जितेन्द्र व पप्पू के विरूद्ध आईपीसी की धारा 308, 323, 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# टेन्ट लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के परसौना गांव स्थित काली स्थान पर आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर विवाद को कराया शान्त

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन महुली थाना क्षेत्र के परसौना गांव का है मामला**

समारोह के लिए टेण्ट लगाने को लेकर बुधवार की शाम दो पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद बढ़ता कि उससे पूर्व किसी ने मामले की सूचना महुली पुलिस को दे दी तो प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को अलग करते हुए समझा-बुझाकर सभी को शान्त कराया साथ ही पूर्व की भांति श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह मनाने का दोनों पक्षों को निर्देश दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर तत्काल मौके पर पुलिस न पहुंचती तो विवाद बढ़ सकता था।

जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के परसौना गांव स्थित काली स्थान पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह मनाने के लिए गांव के लोग सार्वजनिक तौर पर टेण्ट लगाने के लिए बुधवार को मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान गांव के दर्जनों महिला और पुरूष टेण्ट को उखाड़ने के साथ सर्जरी टेण्ट लगाने की मांग करने लगे जिसको लेकर दोनों पक्ष के दर्जनों लोग आमने-सामने होकर विवाद करना शुरू कर दिया। मामले को बढ़ता देख गांव निवासी रूदल नामक व्यक्ति ने विवाद की सूचना महुली पुलिस को दे दी।

सूचना पाकर पुलिस बल के साथ प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह मौके पर पहुंच गए और दोनों के लोगों को समझा-बुझाकर शान्तिपूर्वक अपना-अपना टेण्ट लगाकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह मनाने का निर्देश दिया साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति नियम विरूद्ध कार्य करते हुए कानून का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# छत की कुंडी से लटक किशोरी ने दे दी जान

कांटे, हिन्दुस्तान संवाद। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के डारीडीहा गांव में एक किशोरी ने छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। बुधवार की रात को वह कमरे में सोने गई थी। गुरुवार सुबह के समय शव को लटकता हुआ देखकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृत किशोरी के पिता की तहरीर पर उसके चाचा एवं चाची के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया।

कांटे चौकी क्षेत्र के डारीडीहा गांव निवासी रमेश चंद्र की पुत्री खुशी कुमारी (16) का शव गुरुवार की सुबह छत के कुंडे से झूलता हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी गई। गांव के लोगों के अनुसार खुशी बुधवार की शाम को गांव में ही किसी के घर कृष्ण जन्माष्टमी देखने के लिए चली गई थी। वहां से आने के बाद वह भाई बहन जिस कमरे में सो रहे थे उसमे सोने चली गई। सुबह जब उसकी मां पूनम देवी जगी तो देखा कि कमरे में छत के कुंडे पर दुपट्टा से बेटी लटक रही थी। इसके बाद अन्य परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी के माता-पिता का आरोप है कि खुशी के चाचा राम बेलास एवं चाची महिमा उसे अक्सर प्रताड़ित करते थे। लोगों की मानें तो किशोरी हाईस्कूल की छात्रा थी।

कोतवाल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डारीडीहा गांव निवासी रमेश चंद्र ने अपने शिकायत में बताया कि वह दुकान चलाते हैं और वहीं पर अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। बच्चे गांव के पुराने मकान पर रहते हैं। भाई रामविलास उर्फ पिंटू एवं उनकी पत्नी महिमा लड़की खुशी उर्फ काजू को आए दिन छोटी-छोटी बात पर मारते-पीटते और प्रताड़ित करते थे।



खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के डारीडीहा गांव में गुरुवार को किशोरी के मौत की सूचना पर पूछताछ करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

# सड़क सुरक्षा में योगदान पर सम्मान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला मुख्यालय स्थित इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में आयोजित कार्यक्रम में यातायात पुलिस के अधिकारियों के न पहुंचने पर प्रतिनिधि के रूप में हेड कांस्टेबल गिरजेश कुमार व अजय कुमार राय को सम्मानित किया गया। 11 अप्रैल से 84 दिनों तक चलाये गए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यशाला में अतिथियों को मेडल प्रदान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हेड कांस्टेबल गिरजेश कुमार तथा अजय कुमार राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर आयोजित किए गए विभिन्न प्रकार के पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता जागरूकता का सशक्त माध्यम होता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक प्रतिभागी यदि अपने घर वालों को सड़क सुरक्षा के नियमों को समझने में सफल होता है तो शासन की मंशा बहुत हद तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों की जानकारी होने के साथ-साथ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है।

यातायात कर्मियों ने कहा कि वाहन चलाते समय खुद हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए और अन्य को भी लगाने के लिए प्रेरित करें।

अर्जन सिंह तथा अनीता सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी ब्लाकों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। स्कूल एवं कॉलेजों में जागरूकता रैली, वाद-विवाद, पोस्टर व लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। शाहिदा, कनक, सबाना, शशिकला, नाहिदा खातून, साधना, साजिदा खातून को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।



बुधवार को इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में यातायात जागरूकता कार्यक्रम में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। • हिन्दुस्तान

# बाइक को पीछे से मारी ठोकर, केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के चन्द्ररौटी तिराहे पर दुर्घटना में युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने टेम्पो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घायल युवक के चाचा ने चालक के खिलाफ दुर्घटना, तेज गति, लापरवाही का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

धनघटा क्षेत्र के रानीपुर निवासी सन्तोष ने थाने में तहरीर दी है। बताया कि उनका भतीजा रमन 30 अगस्त को बाइक की पिछली सीट पर बैठकर जमुनी कला नैनिहाल जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही बाइक चन्द्ररौटी पहुंची। टैम्पो चालक किशन ने लापरवाही पूर्वक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी वजह से सड़क पर गिरकर रमन घायल हो गया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर टैम्पो चालक किशन पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग की आशंका में एक को दबोचा

संतकबीर नगर : धर्मसिंहवा पुलिस शांतिभंग की आशंका में गुरुवार को एक व्यक्ति को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे पूछताछ की। यह व्यक्ति भूमि विवाद को लेकर विवाद कर रहा था व मारपीट करने पर उतारू था। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (विज्ञप्ति)

# फरार चल रहे वारंटी को भेजा जेल

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी अशरफपुर गांव निवासी अशरफ को गुरुवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। कांटे पुलिस चौकी के प्रभारी हरेंद्रनाथ राय ने बताया कि कई बार नोटिस जारी होने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। सूचना मिलने पर वह अपने सहयोगी मुख्य आरक्षी रामरतन तिवारी व आरक्षी बब्बल यादव के साथ दबिश दिए। (विज्ञप्ति)

# वाहनों से 49 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली

**संतकबीर नगर :** जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिसकर्मियों के सहयोग से गुरुवार को अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 49 वाहन चालकों से 49 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# बकरी चराने गए युवक की पिटाई, चार पर दर्ज हुआ मुकदमा

जासं, संतकबीर नगरः कोतवाली क्षेत्र के महुई गांव में बकरी चराने गए युवक को गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली खलीलाबाद में दी गई तहरीर में महुई गांव निवासी रीता देवी पत्नी गिरिजेश ने यह उल्लेख किया है कि बुधवार को शाम के करीब साढ़े छह बजे उनका बेटा बकरी चराने गया था। उसी दौरान गांव के ही रामपाल बिना किसी वजह के उसे मारने-पीटने लगे। मेरे ससुर राधेश्याम आरोपित के घर गए। पूछताछ करने पर मारने वाले युवक, उसकी मां व दो बहनों ने उन्हें अपशब्द कहकर भगा दिया। इसकी सूचना मिलने पर वह, उनके पति, बेटी रहिमा पहुंचे। हमें भी मारने-पीटने लगे। कोतवाली प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया की चारों आरोपित के खिलाफ मारपीट, धमकी देने आदि धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एंटी रोमियो अभियान चला, तीन हिरासत में

## माफीनामा लिखाने के बाद छोड़ा, मेंहदावल में चला शक्ति दीदी अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। क्षेत्र में पुलिस कर्मियों ने शक्ति दीदी अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्राओं व महिलाओं को कर्तव्य एवं अधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं, एंटी रोमियो अभियान में 28 लोगों से पूछताछ की गई। तीन युवकों को हिरासत में लिया गया। माफीनामा लिखने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

मेंहदावल थाना क्षेत्र के उत्तर पट्टी, पुरवा, पक्का पोखरा, सुहरहवा, ठाकुरद्वारा समेत कई स्थानों पर शक्ति दीदी अभियान के तहत स्कूली छात्राओं व महिलाओं को जागरूक करते हुए महिला उपनिरीक्षक गौरी शुक्ला ने कहा कि महिलाएं अपने कर्तव्य तथा अधिकार के प्रति जागरूक बनें। वर्तमान में महिलाएं खुद को स्वावलंबी बनाएं।

### महिला उपनिरीक्षक ने छात्राओं और महिलाओं को किया जागरूक

उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए टोल फ्री नंबर 112, 1090, 181, 1076 की जानकारी दी। साथ ही, साइबर अपराध से सावधान रहने के लिए सतर्क करते हुए 1930 पर तत्काल फोन करने की सलाह दी।

वहीं, एंटी रोमियो अभियान में 28 युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ की गई। संदिग्ध पाए जाने पर तीन युवकों को थाने लाया गया। माफीनामा लिखने के बाद उन्हें छोड़ गया।

इस दौरान महिला आरक्षी अंशु, पुनीता, शैलजा, कुमकुम, मीनाक्षी, पूनम कुमारी, दुलारी देवी, अंजना आदि मौजूद रहीं।

# चार स्थानों पर लगे 28 सीसी कैमरे

**संतकबीर नगर** : आपरेशन त्रिनेत्र के तहत गुरुवार को पुलिस ने लोगों के सहयोग से चार स्थानों पर 28 सीसी कैमरे लगवाया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद में एक स्थान पर चार, दुधारा ने एक स्थान पर 15 तथा मेंहदावल पुलिस ने दो स्थान पर नौ सीसी कैमरे लगवाया है। कैमरा लगवाने वालों को सम्मानित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद के लोगों को अपने घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरा लगवाने के लिए पुलिस प्रेरित कर रही है, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सके। जनपद के कई लोग इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग कर चुके हैं।( विज्ञप्ति)

# चाचा-चाची की प्रताड़ना से तंग किशोरी ने की खुदकुशी

## पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर की जांच-पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी

**कांटे/संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के डारीडीहा में बृहस्पतिवार की सुबह किशोरी ने छत के कुंडे में दुपट्टे के फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की।

पीड़ित पिता ने अपने छोटे भाई और उसकी पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चाचा-चाची की प्रताड़ना से तंग आकर बेटी ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने आरोपी दंपती पर किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है।

पीड़ित पिता रमेश का कहना है कि वह पत्नी के साथ डारीडीहा गांव के पास गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चाय की दुकान चलाते हैं। दुकान पर ही पत्नी के साथ रहते हैं। जबकि उसके बच्चे गांव में पुराने घर में रहते हैं।

आरोप है कि उसके भाई राम बिलास उर्फ पिंटू अपनी पत्नी महिमा के साथ 16 वर्षीय बेटी खुशी उर्फ काजू को आए दिन छोटी-छोटी बात को लेकर मारते-पीटते और प्रताड़ित करते थे।



डारीडीहा गांव में किशोरी की मौत के बाद जांच करती पुलिस। संवाद

पीड़ित पिता की सूचना पर कोतवाल रविंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज हरेंद्र नाथ राय और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। चौकी इंचार्ज हरेंद्र नाथ राय ने बताया कि खुशी हाईस्कूल में पढ़ती थी। खुशी बुधवार की देर शाम तक जन्माष्टमी का उत्सव देखकर बाबा कामता प्रसाद के साथ घर आई थी। इसके बाद भाई प्रतीक, बहन पायल के साथ कमरे में जाकर सो गई। बहन पायल ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह में नींद खुली तो बड़ी बहन खुशी को फंदे से लटका देखकर शोर मचाया। बाद में पिता रमेश और मां पूनम पहुंच गईं।

*किशोरी ने कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दंपती पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएंगे, आगे पुलिस वैसी कार्रवाई करेगी।* — **संतोष कुमार सिंह**
*प्रभारी एसपी*

# बरामद हथियारों पर खून के धब्बे, अब जांच बताएगी प्रधान का है या नहीं

## जमीन व चुनावी रंजिश में नौहट के प्रधान कौशल चौधरी की जून में की गई थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के नौहट के प्रधान कौशल चौधरी की जून 2023 में हुई हत्या में बरामद हथियारों पर मानव खून के धब्बे मिले हैं। इसकी पुष्टि फोरेंसिक टीम ने की है। अब जांच में स्पष्ट होगा कि खून प्रधान का है या नहीं। प्रधान की हत्या की वजह जमीन व चुनावी रंजिश बताई जा रही है।

उधर, फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस मामले में साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने की कवायद में जुट गई है। हत्या के बाद प्रधान का परिवार बिखर गया है। जबकि घटना के आरोपी दो सगे भाई, पिता समेत सात लोग जेल में है।

जानकारी के अनुसार, नौहट गांव के प्रधान कौशल चौधरी और मुख्य आरोपी हरेंद्र चौधरी के परिवार के बीच में पहले घनिष्ठता थी। कौशल जब पहली बार प्रधान का चुनाव लड़े थे, तब आरोपी का परिवार उनके साथ खड़ा था।

आरोपी हरेंद्र चौधरी के पिता परमात्मा चौधरी के बाबा सुबरन चौधरी थे। उनके दो बेटियां थीं। सुबरन की देखरेख परमात्मा चौधरी ने किया था। बुआ रामपरी से आरोपी हरेंद्र चौधरी का विवाद चलता था।

रामपरी से जमीन आरोपियों के मना करने बाद भी प्रधान कौशल चौधरी ने बैनामा करा लिया था। यहीं से प्रधान कौशल चौधरी और आरोपी हरेंद्र चौधरी के परिवार के बीच दुश्मनी की लकीर खींच गई थी।




कोतवाली क्षेत्र के नौहट गांव में दिवंगत प्रधान कौशल चौधरी के परिजन। संवाद

दूसरी बार कौशल चौधरी प्रधान का चुनाव लड़े तो विपक्ष में मुख्य आरोपी हरेंद्र चौधरी के पिता, परमात्मा ने भी दावेदारी ठोंक दी थी, लेकिन कौशल चौधरी चुनाव जीत गए थे।

जमीन से शुरू हुई अदावत ने चुनावी रंजिश को भी जन्म दे दिया। यहीं से दोनों परिवारों के बीच वर्चस्व की जंग शुरू हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि जनवरी 2023 में कौशल चौधरी के ईंट भट्ठे की दीवार को विपक्षियों ने गिरा दी थी।

यह प्रकरण कोतवाली पहुंचा था और केस भी दर्ज हुआ था। विरोध की वजह से कौशल चौधरी भट्ठा का काम शुरू नहीं कर पाए थे।

11 फरवरी को भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर बलवा, मारपीट और एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज कराया था। आरोप है कि विपक्षियों ने साजिश रचकर 29 जून 2023 को प्रधान कौशल चौधरी की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

पीड़ित पत्नी प्रमिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के मुख्य आरोपी हरेंद्र चौधरी, उसके भाई चंद्रशेखर चौधरी और पिता परमात्मा चौधरी आदि पर हत्या का केस दर्ज किया था। इनके अलावा हरेंद्र चौधरी के चार दोस्त भी आरोपी बनाए गए थे।

घटना में शामिल दो सगे भाई, पिता समेत सातों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। पूर्व कोतवाल सर्वेश राय ने मामले की विवेचना की। उन्होंने विवेचना में जमीन विवाद का प्रकरण पाया।

जमीन से संबंधित कागजात भी साक्ष्य के तौर पर विवेचना में शामिल किए गए हैं। विवेचक ने आरोपियों की गाड़ी से बरामद डंडा, हॉकी और रॉड को फोरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा था। फोरेंसिक रिपोर्ट में, हॉकी, रॉड में मानव के खून होने की पुष्टि हुई है।

पीड़ित पत्नी प्रमिला ने बताया कि उसके परिवार में बूढ़ी सास और दो बेटे आठ वर्षीय अतुल और चार वर्षीय सिद्धार्थ हैं। पति की हत्या से उसका परिवार बिखर गया। मृतक प्रधान के जीजा हरिशंकर चौधरी, साले अंगद चौधरी और भांजे निखिल ने बताया कि परिवार को आर्थिक परेशानी नहीं है। दुख इस बात का है कि यदि समय रहते पुलिस ने विवाद पर कार्रवाई की होती तो यह नौबत न आती। जबकि आरोपी परमात्मा चौधरी के घर की महिलाओं ने कहा कि उनके परिवार के तीन लोगों को गलत तरीके से हत्या के केस में फंसाया गया है।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने बताया कि प्रधान कौशल चौधरी की हत्या में शामिल सभी सात आरोपी जेल में हैं। विवेवक ने आरोपपत्र सीजेएम कोर्ट में दाखिल कर दिया है। किसी आरोपी की जमानत नहीं हुई है। कोर्ट में आरोप तय करने की प्रक्रिया चल रही है।

### कौशल की पत्नी प्रमिला निर्विरोध चुनी गईं प्रधान

पंचस्थानि चुनाव कार्यालय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी केडी पांडेय ने बताया कि नौहट के प्रधान कौशल चौधरी की हत्या की वजह से पद रिक्त हो गया था। उपचुनाव में प्रधान पद की इकलौती प्रत्याशी स्वर्गीय कौशल चौधरी की पत्नी प्रमिला हैं। इस वजह से प्रमिला निर्विरोध प्रधान चुनी गईं। आठ सितंबर को ब्लॉक मुख्यालय पर उन्हें जीत का प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

प्रधान कौशल चौधरी की हत्या में शामिल सभी सातों आरोपी जेल में हैं। विवेचक ने आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया है। हत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की जाएगी। - **संतोष कुमार सिंह**
प्रभारी एसपी

# टेंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज

धनघटा। एक सप्ताह पहले महुली क्षेत्र के चंद्रौटी तिराहे पर टेंपो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने टेंपो चालक पर केस दर्ज किया।

धनघटा क्षेत्र के रानीपुर निवासी संतोष का आरोप है कि उनका भतीजा रमन 30 अगस्त को बाइक के पीछे बैठकर जमुनी कला ननिहाल जा रहा था।

चंद्रौटी में टेंपो चालक किशन लापरवाही पूर्वक बाइक में टक्कर मार दिया। सड़क पर गिरकर रमन घायल हो गया। संवाद

# चार स्थानों पर लगवाए 28 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में बृहस्पतिवार को पुलिस ने जनसहयोग से चार स्थानों पर 28 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एसपी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने एक स्थान पर चार, दुधारा पुलिस एक स्थान पर 15, मेंहदावल पुलिस ने दो स्थानों पर नौ सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इन कैमरों से अपराधियों की निगरानी की जाएगी। संवाद